kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-103 ❑ बुधवार, 13 मई 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



एम्स अब केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुसरण ही नहीं कर रहा, बल्कि उन्हें स्थापित कर रहा है। चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं में एम्स की भूमिका की सराहना की। एम्स देश में चिकित्सा नवाचार और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बन चुका है। सीपी राधाकृष्णन

दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, जल्द होगी दोबारा परीक्षा : एनटीए प्रमुख 11

एनएसयूआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में किया प्रदर्शन 12

## संक्षेप

### शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या की सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और राज्य पुलिस से जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के अनुरोध के बाद सीबीआई ने इस जांच की जिम्मेदारी संभाली। प्रक्रिया के अनुसार, सीबीआई राज्य पुलिस की एफआईआर को अपने मामले के रूप में पुनः दर्ज करती है, जो जांच का शुरुआती बिंदु होता है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोमवार को रथ की हत्या के सिलसिले में उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी एक संदिग्ध द्वारा टोल प्लाजा पर किए गए यूपीआई लेनदेन के सुराग के आधार पर की गई थी। बता दें कि चंद्रनाथ रथ की 6 मई को मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था।

### सपा नेता विजय मिश्रा हत्या के मामले में दोषी करार, सजा का ऐलान आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले की एक विशेष अदालत ने 46 साल पुराने हत्या के बहुचर्चित मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को दोषी करार दिया है। अदालत ने विजय मिश्रा समेत चार आरोपियों को हत्या और फायरिंग की घटना में दोषसिद्ध माना है। सजा का ऐलान बुधवार को किया जाएगा। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय ने मंगलवार को सुनवाई पूरी करते हुए पूर्व विधायक विजय मिश्रा, जीत नारायण, संतराम और बलराम को दोषी ठहराया। यह मामला 11 फरवरी 1980 का है, जब प्रयागराज के कचहरी परिसर में 35 वर्षीय प्रकाश नारायण पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### गंगा एक्सप्रेसवे को एटीएमएस तकनीक से किया गया लैस

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने गंगा एक्सप्रेसवे को आधुनिक तकनीक से बनाया है, जिससे दुर्घटनाएं कम हो सकें। इसके लिए एटीएमएस (एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) और टीएमएस (ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम/व्हीकल मॉनिटरिंग सिस्टम) जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। एटीएमएस के तहत कुल 644 हाई रिज्यूलूशन 360 डिग्री पीटीजेड कैमरे प्रत्येक किमी पर लगाए गए हैं। 540 वीआईडीईएस कैमरे, 96 वीआईडीएस कैमरे, 400 वीएएसडी (एएनपीआर) कैमरे भी लगाए गए हैं। टोल मैनेजमेंट सिस्टम के तहत सभी टोल प्लाजा पर पीटीजेड, एएनपीआर (ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रिकॉग्निशन), आरसीएस, बूथ मॉनीटरिंग व लेन मॉनीटरिंग के लिए 663 कैमरे लगाए गए हैं। मेरठ से शुरू हुए गंगा एक्सप्रेसवे के पहले मुख्य टोल प्लाजा पर बैरियर लेस मल्टी लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोलिंग सिस्टम लगाया गया हैं।

# नीट-यूजी का पेपर लीक, परीक्षा रद्द, जांच CBI को

## एनटीए ने माना- हम जिम्मेदार, सवाल पूछने पर बिना जवाब दिए निकले शिक्षा मंत्री प्रधान

एजेंसी

नई दिल्ली। पेपर लीक के आरोपों के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा 3 मई को हुई थी। 22.79 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी।

एनटीए डीजी अभिषेक सिंह ने कहा- इस गड़बड़ी के लिए हम जिम्मेदार हैं। परीक्षा दोबारा कराई जाएगी। 6 से 8 दिन में नई तारीख का ऐलान होगा।

उधर, केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। एजेंसी ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। गृह्र ने बताया कि भारत सरकार की मंजूरी मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया। वहीं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से दिल्ली में इस मामले में मीडिया ने सवाल पूछा तो वह बिना कुछ बोले निकल गए।

एनटीए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 3 मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा की प्रक्रिया को मौजूदा स्थिति में बरकरार नहीं रखा जा सकता। पारदर्शिता, निष्पक्षता और परीक्षा प्रणाली में छात्रों के भरोसे को बनाए रखने के लिए परीक्षा रद्द करने और दोबारा आयोजित करने




का निर्णय लिया गया है। नई परीक्षा तिथि और दोबारा जारी होने वाले एडमिट कार्ड का कार्यक्रम जल्द ही आधिकारिक माध्यमों से घोषित किया जाएगा। एनटीए ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट खबरों से बचने की अपील की है। बयान में कहा गया है कि सरकार ने मामले की विस्तृत जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है और एनटीए जांच एजेंसी को सभी जरूरी दस्तावेज, रिकॉर्ड और सहयोग उपलब्ध कराएगी। एनटीए ने यह भी स्पष्ट किया कि मई 2026 चक्र में पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों का डेटा, उम्मीदवार स्थिति और चुने गए परीक्षा केंद्र आगामी पुनर्परीक्षा के लिए मान्य रहेंगे। इसके लिए दोबारा पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। एजेंसी ने कहा कि छात्रों द्वारा पहले से जमा परीक्षा शुल्क वापस किया जाएगा तथा पुनर्परीक्षा एनटीए अपने आंतरिक संसाधनों के माध्यम से आयोजित करेगी। एनटीए ने स्वीकार किया कि पुनर्परीक्षा से छात्रों और उनके परिवारों को असुविधा होगी, लेकिन परीक्षा प्रणाली में भरोसा बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक था।

संबंधित खबर पेज 11 पर

### नीट प्रश्नपत्र 'लीक' मामले की समयबद्ध जांच हो, कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए : एफएआईएमए

**नयी दिल्ली।** 'द फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन' (एफएआईएमए) ने मंगलवार को मांग की कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़े मामले की समयबद्ध जांच की जाए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर रद्द कर दिया है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आरोपों की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया है। एफएआईएमए ने कहा कि इस घटनाक्रम ने उन लाखों मेहनती अभ्यर्थियों के भरोसे को चकनाचूर कर दिया है, जिन्होंने देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए वर्षों से कड़ी मेहनत और त्याग किया। एफएआईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जयदीप कुमार चौधरी ने कहा, बार-बार सामने आने वाली ऐसी विफलताएं देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक के संचालन के लिए जिम्मेदार तंत्र में गंभीर कमियों को उजागर करती हैं। डॉ. चौधरी ने कहा कि एफएआईएमए चिकित्सा शिक्षा में योग्यता, पारदर्शिता और निष्पक्षता से समझौता करने वाले किसी भी कृत्य की निंदा करता है और इस मामले की तत्काल, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग करता है। उन्होंने कहा, हम इसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति या संगठन की कड़ी जवाबदेही सुनिश्चित करने और उन्हें कठोर सजा देने की मांग करते हैं।

# पाकिस्तान समर्थक देशों को भारत की नसीहत

❑ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन करने वाले देश करें आत्मचिंतन: विदेश मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की परोक्ष रूप से मदद करने की चीन की स्वीकारोक्ति से भारत के इस बारे में किये गये दावों तथा तथ्यों की पुष्टि होती है और पाकिस्तान का परोक्ष रूप से समर्थन करने वाले देशों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आतंकवादी ठिकानों को बचाने के उनके प्रयास का उनकी साख और वैश्विक स्थिति पर किस तरह का असर पड़ता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन द्वारा पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन करने की चीन की स्वीकारोक्ति के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संबंधित रिपोर्टों से भारत के तथ्यों की पुष्टि हुई है और अपने आपको जिम्मेदार देश मानने वाले राष्ट्रों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करने से उनकी साख और वैश्विक स्थिति किस तरह से प्रभावित होती है।

प्रवक्ता ने कहा, ''हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं जो पहले से ज्ञात तथ्यों की पुष्टि करती हैं। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में की गई एक सटीक, लक्षित और संतुलित कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान से संचालित और उसके समर्थन से प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था। जो राष्ट्र स्वयं को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें इस बात पर आत्मचिंतन करना चाहिए कि आतंकवादी ढांचे की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करना उनकी प्रतिष्ठा और वैश्विक स्थिति को किस प्रकार प्रभावित करता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कहा था कि चीन और तुर्किए जैसे देशों ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन किया था। चीन ने भी हाल ही में यह माना है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी समर्थन दिया था। चीन के मीडिया में आई एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है।



### कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत के दृष्टिकोण में बदलाव नहीं, राष्ट्रीय हित सर्वोपरि

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति के मामले में वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति और अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच भारत ने मंगलवार को फिर दोहराया कि कच्चे तेल की खरीद में उसके दृष्टिकोण में बदलाव नहीं आया है और वह देशवासियों की जरूरत के आधार पर निर्णय लेगा और राष्ट्रीय हितों के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग ● शेष पेज 11 पर

# ईंधन के दाम में बढ़ोत्तरी को हमेशा नहीं रोक सकते : पुरी

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के अपील के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के संकेत दिए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में कच्चे तेल, पीएनजी और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर कोई चिंता नहीं है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेते हुए पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि देश में आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। भारत के पास 60 दिनों का कच्चा तेल, करीब दो माह की एलएनजी और 45 दिनों का एलपीजी भंडार है। एलपीजी के घरेलू उत्पादन में काफी ● शेष पेज 11 पर

### रोजाना एक हजार करोड़ का नुकसान

पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखने से बढ़ रहे वित्तीय दबाव को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि तेल कंपनियों को प्रतिदिन एक हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि लागत और बिक्री मूल्य का कुल अंतर बढ़कर लगभग 1.98 लाख करोड़ रुपए हो गया है। ऐसे में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को एक तिमाही में एक लाख करोड़ रुपए का घाटा पूरे क्षेत्र के वार्षिक लाभ को खत्म कर सकता है। हालांकि, उन्होंने कीमतों में बढ़ोतरी की किसी भी संभावना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दरअसल, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को पेट्रोल पर करीब 14 रुपए, डीजल पर 42 रुपए और रसोई गैस पर 674 रुपए प्रति सिलेंडर का घाटा हो रहा है।

## डीएमके नेता उदयनिधि ने फिर सनातन के खिलाफ जहर उगला-बोले

# सनातन धर्म को खत्म किया जाना चाहिए

एजेंसी

चेन्नई। डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को एक बार फिर सनातन धर्म को खत्म करने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि यह लोगों को बांटता है। इससे पहले सितंबर 2023 में भी उदयनिधि ने इसी तरह का विवादास्पद बयान दिया था। तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर अपने पहले भाषण में डीएमके नेता ने कहा कि विपक्ष तमिल थाई वाझथु' (तमिल प्रार्थना गीत) को दरकिनार करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म लोगों को बांटता है, उसे निश्चित रूप से खत्म किया जाना चाहिए। उदयनिधि नई सरकार के हालिया शपथ ग्रहण समारोह से जुड़ी एक खास प्रक्रिया पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य गीत को कार्यक्रमों की सूची में उसके पारंपरिक महत्व के बजाय तीसरे स्थान पर धकेल दिया गया था। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ विधानसभा में, बल्कि किसी भी सरकारी कार्यक्रम या



तमिलनाडु में होने वाले किसी भी कार्यक्रम में 'तमिल थाई वाझथु' को हमेशा पहला स्थान दिया जाना चाहिए।

मौजूदा विधानसभा में विपक्ष की भूमिका को परिभाषित करते हुए नेता विपक्ष ने दिग्गज नेता और डीएमके के संस्थापक सी. एन. अन्नादुरई के विचारों का हवाला दिया। उन्होंने विपक्ष की तुलना किसी वाहन के ब्रेक या बैल की लगाम से की, जो सरकार को जनहित की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है। ● शेष पेज 11 पर

### वोट बैंक के लिए सनातन से नफरत करती है डीएमके : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन पर सनातन धर्म पर फिर से हमला करने को लेकर तीखा प्रहार किया। पार्टी ने उन पर और अन्य विपक्षी दलों पर वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन से नफरत करने का आरोप लगाया। 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि तमिलनाडु में हुए चुनाव में डीएमके की हार के बावजूद उदयनिधि स्टालिन एक बार फिर वही करने लगे हैं जो वे सबसे अच्छा करते हैं, सनातन का अपमान करना और उसके खिलाफ नफरत फैलाना। पूनावाला ने कहा कि उन्होंने अब विधानसभा में कहा है कि सनातन को खत्म कर देना चाहिए। पिछली बार जब उन्होंने इसी तरह की टिप्पणियां की थीं, तो सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें हेट स्पीच (नफरत फैलाने वाला भाषण) करार दिया था। उन्होंने आरोप लगाया

## पर्यटन क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात उपनिदेशक की घूसखोरी का वीडियो वायरल, निलंबित

लखनऊ। पर्यटन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात उपनिदेशक कल्याण सिंह यादव का घूस लेते वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो की जानकारी कार्यालय में कर्मचरियों को लगते ही हड़कंप मच गया। शासन तक खबर पहुंची तो विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने उपनिदेशक को निलंबित कर दिया है। कल्याण सिंह यादव पर्यटन विभाग में उप निदेशक के पद पर तैनात हैं। उनका रिश्वत लेते वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ। वीडियो बाहर आते ही तमाम मीडियाकर्मी उनसे उनका पक्ष जानने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। कल्याण सिंह मीडिया के सवालों का जवाब देने से बचते रहे। जब भीड़ ज्यादा हो गई तो उन्होंने कार्यालय का मुख्य द्वार बंद करके सुरक्षाकर्मियों को आदेश दिया कि किसी को भीतर न आने दिया जाए। हालांकि, वीडियो लोगों तक पहुंचता रहा। जब यह जानकारी शासन तक पहुंची तो इस पर कल्याण सिंह यादव के निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए। अपर मुख्य सचिव ● शेष पेज 11 पर

# 'साइबर सुरक्षित भारत' के लिए सरकार सतत प्रयासरत : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार 'साइबर सुरक्षित भारत' के निर्माण के लिए लगातार काम कर रही है और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में 'म्यूल अकाउंट' बड़ी बाधा हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित नई व्यवस्था साइबर धोखाधड़ी से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) और रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) के बीच साइबर वित्तीय धोखाधड़ी और बैंकिंग प्रणाली में अवैध खातों (म्यूल अकाउंट) पर रोक लगाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मोदी सरकार साइबर सुरक्षित भारत के लिए अथक प्रयास कर रही है। म्यूल अकाउंट साइबर अपराधों



❑ साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए आई4सी और आरबीआईएच के बीच एमओयू, एआई से होगी अवैध खातों की पहचान

पर रोक लगाने में बड़ी बाधा हैं। आज गृह मंत्रालय के आई4सी ने आरबीआईएच के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे साइबर धोखाधड़ी से लड़ने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आई4सी के 'सस्पेक्ट रजिस्ट्री' डेटा को एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम से जोड़कर छिपे हुए म्यूल अकाउंट की तेजी से पहचान कर ● शेष पेज 11 पर

## हिमंत ने ली असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ, चार अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल

# असम में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार

एजेंसी

गुवाहाटी। हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही इस पूर्वोत्तर राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार का गठन हो गया। इस समारोह में भाजपा के रामेश्वर तेली और अजंता नेओग, असम गण परिषद (एजीपी) के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोरो ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी के खानपारा इलाके में स्थित वेटरनरी ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल, पवित्र मार्गेरिटा, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मौजूद रहे। साथ ही भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर भी इस मौके पर मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने धोती-कुर्ता पहना था और उनके गले में पारंपरिक 'गमोसा' लिपटा हुआ था। हिमंत के साथ ही चारों विधायकों में से तीन रामेश्वर तेली, अतुल बोरा और अजंता नेओग ने असमिया भाषा में शपथ ली, जबकि चरण बोरो ने बोडो भाषा में शपथ ली।

मुख्यमंत्री सरमा ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि मां कामाख्या, महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और असम की जनता के आशीर्वाद से मैंने मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। मंत्रिपरिषद के साथ मिलकर हम अपनी जनता की सेवा करने और उनकी सभी आकांक्षाओं को पूरा करते रहने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि आने वाले दिनों में असम विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

इससे पहले भी अजंता नेओग, अतुल बोरा और चरण बोरो सरमा के पहले मंत्रिमंडल के सदस्य थे, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली राज्य की राजनीति में वापस लौटे हैं। पिछली सरकार में नेओग वित्त मंत्री थे, जबकि बोरा कृषि विभाग और बोरो परिवहन विभाग संभाल रहे थे। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि आज गुवाहाटी में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका और असम के बीच कई व्यावसायिक संबंध हैं और हिमंत के नेतृत्व में हम दोनों देशों के लिए और भी कई ऐसे क्षेत्रों की पहचान करेंगे, जिनसे दोनों को फायदा होगा। अजंता नेओग गोलाघाट से छह बार की विधायक रही हैं। वह राज्य की सबसे लंबे समय तक विधायक रहने वाली महिला हैं। नेओग 2001 से लगातार इस निर्वाचन क्षेत्र ● शेष पेज 11 पर

### असम के लिए एक शानदार दिन: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमंत बिस्व सरमा को असम के मुख्यमंत्री के तौर पर दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के बाद बधाई दी। उन्होंने इसे असम के लिए एक शानदार दिन बताते हुए एक प्रशासक के तौर पर सरमा के काम की तारीफ की। उन्होंने मंत्रियों रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नेओग को भी असम सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर मायावती बोलीं –

# कोरोना काल के बाद प्रभावित जनता की मदद करे सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोने की खरीद और पेट्रोलियम उत्पादों की खपत कम करने की अपील पर अपनी प्रतिक्रिया दीद्य

मायावती ने आज एक बयान में कहा कि कोरोना काल के गंभीर प्रभावों के चलते आम जनता एक ऐसे संकट का सामना कर रही है, जिससे उसकी आजीविका भी खतरे में पड़ गई हैद्य ऐसे जनता के पास संयम बरतने के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा है। ऐसी स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों का यह दायित्व बनता है कि वे आगे बढ़कर जनता का सहारा बनें। बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध समाप्ति की अनिश्चितता के कारण ख़ासकर ऊर्जा संकट व विदेशी मुद्रा भण्डार की चिन्ताओं के मद्देनज़र प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से 'संयम' बरतने की अपील की गई है। उनकी अपीलों से यह साबित है कि भारत के समक्ष संकट केवल पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस आदि पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर ही नहीं बल्कि आर्थिक संकट भी गहरायेगा। इसकी वजह से करोड़ों भारतवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है, जिसके जारी रहने की भी गंभीर आशंका है। अर्थात ऐसे समय में जबकि कोरोना काल की ज़बरदस्त मार के बाद रोज़ी-रोटी तक के संकट का जीवन झेल रही देश की लगभग सौ करोड़ जनता के पास और अधिक संयमित होने व खोने को कुछ ख़ास नहीं बचा है। ऐसी स्थिति में केन्द्र एवं राज्य सरकारें उन ग़रीब व मेहनतकश परिवारों को थोड़ी राहत देकर उनका सहारा बनने के लिये ख़ुद ही कुछ बेहतर करने का उपाय जरूर करें तो यह जन व देशहित में उचित होगा, ऐसी आम जन भावना। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बीते 10 मई को गुजरात के एक कार्यक्रम में देश की जनता से अपील की है। उन्होंने पश्चिम एशिया में तनाव और वैश्विक आर्थिक दबाव का हवाला देते हुए कहा कि कम से कम एक साल तक सोना नहीं खरीदने, अनावश्यक विदेश यात्रा टालने और पेट्रोल-डीजल की खपत कम करे। घर से काम करने और किसानों से रासायनिक खाद का इस्तेमाल 50 फ़ीसदी तक कम करने की अपील की थी। इसके बाद यह विषय राजनीतिक चर्चा बन गया। कही जगहों पर सोना कारोबारियों ने अपना विरोध भी जताया है।

# बड़ा मंगल केवल उत्सव नहीं, महापर्व : डॉ राजेश्वर सिंह

- डॉ राजेश्वर सिंह ने संकट मोचन हनुमान संग्रहालय के विकास हेतु दिए 50 हजार
- भंडारा, सुंदरकांड और हवन कार्यक्रमों में उमड़ा जनसैलाब
- सनातन सेवा और धर्म संरक्षण के संकल्प के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए डॉ राजेश्वर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बड़े मंगल के पावन अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित 12 से अधिक भंडारा, सुंदरकांड, हवन, प्रसाद वितरण एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर सनातन संस्कृति, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। दिनभर चले इन कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं का भारी जनसमूह उमड़ा और हर स्थान पर बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे।

अलीगंज स्थित रविंद्र गार्डन में आयोजित बड़ा मंगल भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में डॉ राजेश्वर सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया तथा भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया। वहीं राजपूताना, शहीद पथ के निकट आयोजित प्रसाद वितरण एवं भंडारा कार्यक्रम में बड़े भाई रामेश्वर सिंह के साथ सम्मिलित होकर सेवा कार्यों में सहभागिता की। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद जगदंबिका पाल, योगेन्द्र अवाना, प्रभुनाथ राय, आईएएस संजीव रंजन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गहरू पिपरसंड रोड स्थित संकट मोचन हनुमान संग्रहालय में आयोजित 16वें विशाल भंडारा कार्यक्रम में डॉ राजेश्वर सिंह ने मंदिर की छत निर्माण हेतु 50,000 की सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सेवा और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। श्री झाड़ेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में डॉ राजेश्वर सिंह ने मंदिर परिसर में स्थापित वाटर कूलर का उद्घाटन किया तथा गुरुकुल में वेद अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त डॉ राजेश्वर सिंह ने रत्नाकर खंड, साउथ सिटी में आयोजित विशाल भंडारा एवं सुंदरकांड कार्यक्रम, आशियाना सेक्टर ख़/ग पुलिया स्थित भंडारा, तेलीबाग के रथिंद नगर स्नेह खंड जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारा तथा वृंदावन पैलेस में आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं महाप्रसाद सेवा कार्यक्रम में सहभागिता की। खांडे देव, बंथरा में आयोजित श्री बजरंगबली जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं मिर्ज़ापुर औरंगाबाद खालसा, सेक्टर-ग में आयोजित हवन एवं विशाल भंडारा तथा चौक स्थित श्री कोनेश्वर महादेव मंदिर में स्वर्गीय आशुतोष टंडन 'गोपाल जी' की स्मृति में आयोजित विशाल भंडारे में भी उन्होंने सहभागिता कर श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि बड़ा मंगल केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, दान और सामाजिक समरसता का महापर्व है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाने की प्रेरणा देती है तथा यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति का आधार है।

# गोसाईंगंज में गरजा एलडीए का बुलडोजर, 2 अवैध निर्माण ध्वस्त

## गोमती नगर विस्तार, बीकेटी और मड़ियांव में 4 निर्माण सील, प्रवर्तन टीम की बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने मंगलवार को अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए गोसाईंगंज क्षेत्र में दो अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया। वहीं गोमती नगर विस्तार, बीकेटी और मड़ियांव में कार्रवाई करते हुए चार अवैध निर्माणों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि गोसाईंगंज के मोहारी खुर्द स्थित भवानी खेड़ा में संदीप कुमार व अन्य द्वारा करीब 50 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मोहारी खुर्द में माइनर किनारे ललित यादव व अन्य द्वारा लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण किया जा रहा था। एलडीए की टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों निर्माणों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 स्थित भूखण्ड संख्या ई-1/692 पर जितेन्द्र सिंह व अन्य द्वारा करीब 115 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। मामले में विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग आदेश जारी किये जाने के बाद प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण को सील कर दिया। इसके अलावा बीकेटी और मड़ियांव में भी एलडीए ने कार्रवाई तेज करते हुए अवैध निर्माणों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार के अनुसार बीकेटी के गोपरामऊ में राजीव जोशी व अन्य, पर्वतपुर तिराहे के पास नेपाल यादव व अन्य तथा मड़ियांव के फैजुल्लागंज स्थित गौरभीठ रोड पर राजकुमार व अन्य द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए की टीम ने तीनों स्थलों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को सील कर दिया।

# पेपर लीक से लाखों छात्र छात्राएं और उनके परिवार प्रभावित हुए : संजय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार शिक्षा माफिया के साथ मिलकर देश के नौजवानों का भविष्य बर्बाद करने में लगी हुई है। यह आरोप नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में आम आदमी पार्टी (आआपा) के उत्तर प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लगाए हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नीट परीक्षा का पेपर पहली बार लीक नहीं हुआ है, इससे पहले वर्ष 2024 में भी पेपर लीक हुआ था और अब 3 मई को हुई परीक्षा में 180 में से 135 सवाल लीक होने का मामला सामने आया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग शिक्षा माफिया के पूरे गिरोह को संरक्षण दे रहे हैं, जिसकी वजह से बार-बार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं।लाखों छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। संजय सिंह ने कहा कि देश के लाखों नौजवान दिन-रात मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भाजपा सरकार और उसके संरक्षण में पल रहे शिक्षा माफिया उनके सपनों को कुचलने का काम कर रही हैं। आखिर यह पता लगाया जाना चाहिए कि पेपर लीक कराने वाले लोग कौन हैं, किसके संरक्षण में यह पूरा खेल चल रहा है। किन भाजपा समर्थित लोगों के जरिए शिक्षा के नाम पर यह संगठित कारोबार चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी निष्पक्ष जांच होगी तो यह साफ हो जाएगा कि इस पूरे नेटवर्क के तार कहीं न कहीं भाजपा से जुड़े लोगों तक पहुंचते हैं और यही कारण है कि दोषियों को बार-बार बचाया जाता है।

संजय सिंह ने कहा कि इस बार नीट परीक्षा में करीब 22 लाख छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। अगर उनके परिवारों को भी जोड़ लिया जाए तो करोड़ों लोग इस पेपर लीक कांड से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ छात्र कठिन परिस्थितियों में रहकर पढ़ाई करते हैं, माता-पिता अपनी जमा पूंजी बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं। दूसरी तरफ भाजपा सरकार की नाकामी और भ्रष्ट तंत्र की वजह से उनका भविष्य बर्बाद हो जाता है। यह केवल पेपर लीक नहीं बल्कि देश के नौजवानों के साथ खुला विश्वासघात है।

संजय सिंह ने भाजपा सरकार में पेपर चोरी का, जनता का सोना और गहना तक लूटने का काम किया। महंगाई की आग में देश को झोंक दिया, रुपये को लगातार कमजोर किया और देश की विदेश नीति तक को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक केवल परीक्षा प्रणाली पर हमला नहीं है बल्कि यह नौजवानों के पेट और पीठ दोनों पर वार करने जैसा है। भाजपा सरकार और उसकी राज्य सरकारों ने युवाओं की मेहनत, उनके सपनों और उनके विश्वास के साथ धोखा किया है। आम आदमी पार्टी देश के नौजवानों की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी और शिक्षा माफिया तथा उन्हें संरक्षण देने वाली ताकतों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

## नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की विफलता का उदाहरण: अजय राय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि नीट परीक्षा रद्द कर केंद्र सरकार ने युवा वर्ग के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। श्री राय ने यहां जारी बयान में कहा कि नीट यूजी 2026 का रद्द होना सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं करा सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होने कहा कि पेपर लीक के डर ने सरकार की तैयारियों और व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है और दिल्ली में बैठे लोग छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, वाराणसी, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के जौनपुर–जफराबाद जंक्शन (6.28 किमी) के बीच दोहरीकरण के संबंध में, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (EPC) मोड पर गोमती नदी पर महत्वपूर्ण पुल संख्या 75 के निर्माण कार्य के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 3,10,53,943/- |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 6,21,100/- |
| 5 | रेलवे वेबसाईट पर निविदा दस्तावेजों की बिक्री/उपलब्धता | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 12.05.2026 से 23.06.2026 11:00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | प्री बिड कॉनफेरेंस | दिनांक – 19.05.2026 समय 11:30 बजे, **स्थानः** कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक, निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी एवं आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर साझा की गई ऑनलाइन वीसी लिंक के माध्यम से भी। |
| 7 | बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 21.05.2026 |
| 8 | रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 02.06.2026 |
| 9 | निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | पूर्ण निविदा प्रपत्र निविदाएँ दिनाँक 12.05.2026 से 23.06.2026 (भारतीय समयानुसार 11.00 बजे) तक रेलवे वेबसाइट के आफिसियल पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकर्ता अपनी तकनीकी एवं वित्तीय बिड आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 23.06.2026 भारतीय समयानुसार 11.00 बजे तक अवश्य जमा करें। ऑनलाइन प्राप्त निविदाएँ दिनाँक 23.06.2026 को भारतीय समयानुसार 15.00 बजे खोली जाएगी। |
| 10 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 12.05.2026 से 23.06.2026 तक भारतीय समयानुसार 11.00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें। व दिनाँक 09.06.2026 से 23.06.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें RFP डॉक्युमेंट्स में ऑनलाइन दिये गए हैं। |

टेण्डर नोटिस संख्या 10–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनांक 11.05.2026 1579/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने की तैयारी और तेज होगी: केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने असम में लगातार तीसरी बार भाजपा- एनडीए सरकार बनने पर मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ! केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को असम रवाना होने से पूर्व अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकारों ने देश की राजनीति में विकास, सुशासन और जनविश्वास की नई मिसाल कायम की है। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि पूर्वोत्तर के अहम व संवेदनशील राज्य असम और पश्चिम बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में जीत का परचम फहराने के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनाने की तैयारी और तेज होगी। जनता का भाजपा-एनडीए पर अगाध भरोसा है। इसलिए, फिर एक बार भाजपा-एनडीए सरकार बनना तय है।

# प्रशिक्षु अधिकारियों ने पुलिस आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट




कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। विभिन्न राज्यों से आए 48वीं आईटीसी (इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सोमवार को पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने अपने सेवा अनुभव साझा करते हुए उत्कृष्ट एवं आधुनिक पुलिसिंग के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सेवा जीवन का स्वर्णिम काल होता है, जो आत्मबल, अनुशासन, संवेदनशीलता और ज्ञान का निर्माण करता है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट की प्रशासनिक संरचना, यातायात प्रबंधन, डॉयल-112, जल पुलिस, पर्यटक पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम, ड्रोन एवं एंटी-ड्रोन प्रणाली तथा वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। इसके साथ ही श्रावण माह, देव दीपावली और कुम्भ मेले के दौरान भीड़ प्रबंधन, साइबर अपराधों से निपटने के लिए तकनीकी दक्षता, गुणवत्तापूर्ण विवेचना, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और संवेदनशील पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस आयुक्त ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय शिवहरी मीणा, अपर पुलिस आयुक्त अपराध आलोक प्रियदर्शी, पुलिस उपायुक्त काशी गौरव बंशवाल, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन प्रमोद कुमार, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन नीतू तथा पुलिस उपायुक्त यातायात अनिल कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाला सफाई में लापरवाही पर ठेकेदार पर जुर्माना

- महमूरगंज निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सख्त, जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। महमूरगंज क्षेत्र में नाला सफाई के दौरान बरती जा रही लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने संबंधित कार्यदायी संस्था पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं निगरानी में विफल रहने और लापरवाही बरतने के आरोप में क्षेत्रीय अवर अभियंता पंकज पटेल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

नगर आयुक्त ने यह कार्रवाई सोमवार को शहर की सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण के दौरान की। निरीक्षण में डॉ. ऊषा गुप्ता अस्पताल मार्ग और कॉलोनी के अंदरूनी रास्तों पर नाला सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। सफाई के बाद निकली सिल्ट सड़क पर ही छोड़ी गई थी, जिस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में सूखी सिल्ट धूल बनकर उड़ती है और दोबारा नालों में जाकर उन्हें जाम कर देती है। नियमों के अनुसार सिल्ट को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर तिरपाल से ढकते हुए तत्काल निर्धारित स्थल तक पहुंचाना जरूरी है, लेकिन मौके पर ऐसा नहीं पाया गया।

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि कई दुकानदारों और भवन स्वामियों ने नालों के ऊपर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए नगर आयुक्त ने जोन स्तर पर विशेष टीमों के गठन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को तत्काल चेतावनी देते हुए कहा कि नाला क्षेत्र खाली नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि नालों को अतिक्रमण मुक्त करने से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और यातायात संचालन भी सुचारू रहेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, नाला सफाई वेंडर तथा सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड–बनीकोडर जनपद बाराबंकी**

पत्रांक मैमो0/ मनरेगा / निविदा 2026–27 दिनांक– 11/05/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025–26 में निम्नलिखित कार्यों हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र फार्म दिनांक 13/05/2026 से दिनांक 19/05/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 19/05/2026 को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति / फर्म के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा आमंत्रण मूल्य 1000 रुपए निर्धारित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत (लाख में) | निविदा मूल्य मूल्य | सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ननकू के घर के सामने से शंकर जी के मंदिर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 503997.00 | 1000.00 | ईंट, सीमेंट मौरंग, फाइन सैंड (बालू) मौरंग, प्रथम श्रेणी ईंट पत्थर गिट्टी 20 एमएम, पत्थर गिट्टी 10 एमएम, लोकल बालू, इंटर लॉकिंग ईंट (एरिया) इत्यादि सामग्री। | प्राक्कलन के अनुसार | तीन माह (अधिकतम) |

**नियम व शर्ते**

1– निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्रापट/पे–आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा। 2– आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी एंड क्वालिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थान पर आपूर्ति करना होगा। 3– आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्व आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। 4–जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा। 5–विभिन्न प्रकार के शासकीय भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 6– आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 7– आपूर्ति की गयी सामग्री के परिवहन हेतु भाडा किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा। 8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। 9– निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10– निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा। 11–निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा। 12–बिना कारण बताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार, सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| तकनीकी सहायक | सचिव | प्रधान |
|---|---|---|
| सिंधु कुमार पाठक | पारस मणि सिंह | विनोद कुमार |
| ग्राम पंचायत गैरिया | ग्राम पंचायत गैरिया | ग्राम पंचायत गैरिया |
| विकास खण्ड–बनीकोडर | विकास खण्ड–बनीकोडर | विकास खण्ड–बनीकोडर |
| जनपद बाराबंकी | जनपद बाराबंकी | जनपद बाराबंकी |

# जेठ के दूसरे बड़े मंगल पर गूंजा जयकारा, लगे भंडारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ। जेठ माह के दूसरे बड़े मंगल के अवसर पर शहर भर के हनुमान मंदिरों में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।मंदिरों में विशेष आरती, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जय श्री राम और बजरंगबली की जय के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी को चोला चढ़ाकर प्रसाद अर्पित किया।इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडलों एवं क्षेत्रीय भक्त मंडलियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जगह-जगह शरबत, पानी, फल एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।कड़ी धूप और गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखाई दी। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किए। कई स्थानों पर भक्तों की सुविधा के लिए स्वयंसेवकों द्वारा व्यवस्था संभाली गई।श्रद्धालुओं का कहना है कि बड़े मंगल का विशेष धार्मिक महत्व है और इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा से संकट दूर होते हैं तथा जीवन में सुख-शांति का आगमन होता है। पूरे दिन शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा।

## जानकीपुरम क्षेत्र में हुआ भंडारे का आयोजन।



लखनऊ । ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर भी राजधानी मे हनुमान जी की महिमा का गुणगान और भंडारा जगह जगह दिखाई दिया ये महीना प्रभू श्री राम के परम भक्त हनुमान और हनुमान भक्तो के लिए बड़ा खास होता है जिसका उदाहरण हमे इस माह के मंगल पर दिखाई भी देता है ऐसा ही एक विशाल भंडारा जानकीपुरम मे आयोजित किया गया जिसका आयोजन मुख्य रूप से व्यापारी समाज के पदाधिकारी सुशील सिंह और विनोद सिंह द्वारा किया गया जिसमे भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल रहे। जानकीपुरम मे आयोजित इस भंडारे मे हनुमान भक्तो के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था रही साथ ही शीतल जल से उनका पूरा सम्मान रखा गया भण्डारे की जानकारी देते हुए आयोजनकर्ता ने कहा कि जेठ का महीना सभी के लिए खास होता है क्योंकि इस महीने कोई भूखा प्यासा नही रहता ये सब हनुमान जी की कृपा से ही संभव होता है।

# रहस्यमय ढंग से लापता हुईं दो नाबालिग बहनें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गनियार मजरा भौंदरी गांव से दो नाबालिग बहनों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की नानी ने रिश्तेदारों पर दोनों बच्चियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और बच्चियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई।गनियार मजरा भौंदरी निवासी कमलेशा पत्नी मुरली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री धुन्नर की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उनकी दोनों नातिनें नाबालिकल है कि उनकी रिश्तेदार शिवानी पुत्री अमरेश निवासी बरवारीपुर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली तथा प्रिया पटेल पत्नी अनुराग यादव निवासी भदोखर राही रायबरेली, जो वर्तमान में पीडब्ल्यूडी कॉलोनी थाना मिल एरिया रायबरेली में रह रही है, दोनों बच्चियों को अपने साथ कहीं लेकर गई हैं।परिजनों के मुताबिक बच्चियों के अचानक गायब होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। काफी खोजबीन के बाद भी जब दोनों का कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस से शिकायत की गई। पीड़िता ने आशंका जताई है कि बच्चियों को बहला-फुसलाकर ले जाया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहनलालगंज पुलिस ने अपहृत बालिकाओं की तलाश शुरू कर दिया है। पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ ही सर्विलांस की मदद से भी जांच में जुटी हुई है।इस संबंध में मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। बच्चियों की बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित कर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही दोनों को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को दी जा रही आधुनिक शिक्षा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के शिवलर गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से आधुनिक शिक्षा दी जा रही है। विद्यालय में डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर और तकनीकी संसाधनों के जरिए पढ़ाई कराई जा रही है, जिससे छात्र-छात्राओं की सीखने में रुचि बढ़ी है। शिक्षक भी नई तकनीकों का उपयोग कर बच्चों को आसान और रोचक तरीके से विषयों की जानकारी दे रहे हैं। स्मार्ट पढ़ाई संस्था की संस्थापक रिचा पांडेय ने बताती है कि वो यूएई और जीसीसी देशों में शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण देने वाली संस्था से जुड़ी है ये नि:शुल्क स्मार्ट पढ़ाई का एक पायलट प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य एनसीईआरटी आधारित कंटेंट के माध्यम से पढ़ाई को रोचक और आधुनिक बनाना है। इस विद्यालय में ये कक्षाएं 13 मई तक संचालित की जाएगी जिसमें बच्चों को वीडियो, चित्र और डिजिटल सामग्री के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रही है जिससे बच्चे कठिन विषय को भी सरलता से समझ सके ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय में आधुनिक शिक्षा से बच्चो में उत्साह देखने को मिल रहा है।

## बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मानक नगर क्षेत्र अंतर्गत मानक नगर रेलवे स्टेशन से लेकर अवध चौराहा–नहरिया मार्ग तक अवैध रूप से लग रही सब्जी मंडी से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। सड़क किनारे लगने वाली इस अवैध मंडी के कारण रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम द्वारा ओवरब्रिज के नीचे सब्जी विक्रेताओं के लिए बाकायदा चौतरा उपलब्ध कराया गया है, ताकि सड़क पर अतिक्रमण न हो और यातायात सुचारु बना रहे। इसके बावजूद सब्जी विक्रेताओं को सड़क किनारे अवैध रूप से दुकानें लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस अवैध मंडी के संचालन में कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोगों, क्षेत्रीय पार्षद, थाना स्तर के कर्मियों तथा नगर निगम के बड़े और छोटे अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध वसूली का खेल चल रहा है। आरोप है कि प्रतिदिन वसूली कर सड़क किनारे अवैध तरीके से दुकानों को लगवाया जाता है, जिससे सरकारी व्यवस्था और यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं।राहगीरों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर सब्जी की दुकानें लगने से वाहन चालकों को निकलने में भारी कठिनाई होती है। कई बार एंबुलेंस और स्कूली वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से लग रही मंडी को तत्काल हटाया जाए तथा नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थान पर ही सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित कराया जाए। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई है।

## मजदूरी कर घर लौट रहे युवक पर दबंगों ने किया हमला

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा गांव में सोमवार की देर रात मजदूरी कर घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने गांव के ही कुछ युवकों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा निवासी सुरेश कुमार रावत पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल रावत के अनुसार उनका 19 वर्षीय पुत्र विशाल सोमवार की देर रात लखनऊ शहर से मजदूरी कर वापस घर लौट रहा था। आरोप है कि देर रात गांव में श्रवण रावत के घर के पास पहले से बैठे सनी रावत पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार रावत, दीपक कुमार पुत्र श्रवण रावत तथा उनके तीन–चार अज्ञात साथियों ने विशाल को रोक लिया और गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित के पिता का आरोप है कि आरोपियों ने विशाल को बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और सिर फट गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है।इस संबंध में मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट की लिखित शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## चौक के लोहिया पार्क में लगेगा एलडीए का ओटीएस कैंप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए द्वारा एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 के तहत चौक स्थित लोहिया पार्क में 13 और 14 मई को दो दिवसीय विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप के माध्यम से बकायेदार आवंटियों को ओटीएस योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि डिफॉल्टर आवंटी कैंप में पहुंच कर ओटीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवंटियों की सुविधा के लिए कैंप में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जो योजना की जानकारी देने के साथ ऑनलाइन फॉर्म भरने में भी सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता मनोज सागर और विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी की अध्यक्षता में कैंप संचालित होगा। इसके अलावा ओटीएस 2026 के लिए एलडीए भवन में स्थापित विशेष हेल्प डेस्क भी जारी रहेगी। एलडीए के अनुसार ओटीएस योजना के तहत आवेदन करने वाले बकायेदार आवंटियों को दंड ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज में छूट प्रदान की जाएगी।

## हनुमान मंदिर में दर्शन के दौरान महिला का मंगलसूत्र पार

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर हाईवे किनारे स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में मंगलवार सुबह दर्शन करने पहुंची एक महिला का सोने का मंगलसूत्र चोरी हो जाने से मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। भीड़भाड़ के बीच हुई इस घटना से श्रद्धालुओं में नाराजगी और दहशत का माहौल है।बरगदी थाना क्षेत्र की निवासी शालिनी सिंह ने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि वह मंगलवार सुबह करीब नौ बजे मंदिर में दर्शन–पूजन के लिए गई थीं। सुबह नौ से दस बजे के बीच वह श्रद्धालुओं की लंबी कतार में खड़ी थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने भीड़ का फायदा उठाकर उनके गले से सोने का मंगलसूत्र पार कर दिया।महिला को घटना की जानकारी तब हुई जब दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने गले में मंगलसूत्र नहीं देखा। इसके बाद मंदिर परिसर में काफी देर तक तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है।घटना के बाद मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर में भारी भीड़ के दौरान सक्रिय चोर गिरोह आए दिन महिलाओं को निशाना बना रहे हैं, लेकिन प्रभावी निगरानी नहीं होने से घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

## नाराज किसान 15 मई को करेगे मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर से धरना दिया जा रहा है। इस मामले में विभिन्न विभागों के जिम्मेदार लोग रुचि लेते हुए नहीं दिखाई दे रहे हैं। इसी वजह से धरनार्थियों का काम सातवें आसमान पर पहुंच गया। अब आक्रोशित सभी धरनार्थी 15 मई के दिन सीधे मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच करने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। इसी के तहत धरनार्थियों की ओर से गांव गांव पहुंच कर अपनी योजना की जानकारी देने का काम किया जा रहा है। आज मलौली, बेगरिया, सतरिख, शरिफ़ा बाद ,नागरौरा, सायपुर ,रसूलपुर ,मरखा पुर मे वहां के लोगो के साथ मीटिंग की गयी और योजना की रूपरेखा से अवगत कराया गया। इस मौके पर राम सिंह जिला महामंत्री, राकेश कुमार जिला उपाध्यक्ष एवं राकेश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष गोसाईगंज सहित अन्य जिम्मेदार लोग साथ मौजूद रहे।

## राजा अनूप गिरी के नाम पर प्रवेश द्वार बनाए जाने हेतु चल रहा हस्ताक्षर अभियान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज में इन दिनों नगर के संस्थापक संत एवं राजा अनूप गिरी के सम्मान में उनके नाम पर प्रवेश द्वार बनाए जाने की की प्रकिया शुरू हो गई। इस मांग को पूरी करने के क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। इस कार्य में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवा पीढ़ी के लोग बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे है। सभी लोगों की ओर से प्रशासन से शीघ्र ही मांग पूरी करने की अपील की है। अभियान से जुड़े राधे श्याम गोस्वामी का कहना है कि संत एवं राजा अनूप गिरी का क्षेत्र के विकास और इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके सम्मान में नगर के मुख्य प्रवेश मार्ग पर भव्य द्वार बनाए जाने से नई पीढ़ी को अपने इतिहास और विरासत की जानकारी मिलेगी। हस्ताक्षर अभियान के दौरान लोगों ने कहा कि यह केवल एक द्वार नहीं बल्कि नगर की पहचान और गौरव का प्रतीक होगा। अभियान के संयोजकों ने बताया कि पर्याप्त संख्या में हस्ताक्षर जुटाने के बाद ज्ञापन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को सौंपा जाएगा। स्थानीय नागरिकों में अभियान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होकर समर्थन दे रहे हैं।

# डॉ. आदर्श मोहन ने बढ़ाया परिवार और क्षेत्र का मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। अयोध्या मेहनत, लगन और माता-पिता के संस्कारों का परिणाम तब देखने को मिला जब डॉ. मोहन लाल पासी के सुपुत्र डॉ. आदर्श मोहन ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, अयोध्या से एमबीबीएस पास आउट वर्ष 2025 की डिग्री प्राप्त कर परिवार, ग्राम पंचायत चौधरी खेड़ा और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। जैसे ही ये खबर गांव पहुंची, पूरे ग्राम पंचायत चौधरी खेड़ा में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, शुभचिंतकों और मित्रों ने डॉ. आदर्श मोहन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की डॉ. आदर्श मोहन की इस सफलता को लेकर ग्राम पंचायत चौधरी खेड़ा के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है। कि ये उपलब्धि केवल एक परिवार की नहीं बल्कि पूरे गांव और समाज के लिए गर्व की बात है। आज के समय में कठिन परिश्रम और शिक्षा के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है।, जिसका उदाहरण डॉ. आदर्श मोहन ने प्रस्तुत किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव के अन्य युवा भी प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे परिवारजनों ने बताया कि आदर्श मोहन बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहे हैं। माता-पिता ने हमेशा उन्हें अच्छे संस्कार, अनुशासन और बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया। इसी का परिणाम है कि उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र जैसी कठिन पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता का सपना साकार किया। इस खुशी के मौके पर परिवार के लोगों की आंखों में गर्व और खुशी साफ दिखाई दी ग्राम पंचायत चौधरी खेड़ा के गणमान्य लोगों ने कहा कि माता-पिता की अच्छाई बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग होती है। यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन, अच्छे संस्कार और शिक्षा का वातावरण मिले तो वे जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. आदर्श मोहन की उपलब्धि समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी इस अवसर पर ग्राम पंचायत चौधरी खेड़ा में लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया तथा डॉ. आदर्श मोहन के सफल चिकित्सकीय जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त, भाजपा सरकार पूरी तरह विफल : रोमेश

काकोरी लखनऊ। समाजवादी पार्टी के 168 मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सपा नेता रोमेश कुमार गौतम ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश और देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान है। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार केवल वादों और प्रचार तक सीमित रह गई है।, जबकि आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल और खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की कमर तोड़ दी है। हर वर्ग का व्यक्ति आज आर्थिक संकट से जूझ रहा है।, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय केवल बड़े-बड़े दावे करने में व्यस्त है। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के नाम पर केवल आश्वासन दिए गए, लेकिन आज लाखों शिक्षित युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं।रोमेश कुमार गौतम ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

# ई–रिक्शा और टेंपो में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी की मड़ियांव पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने ई-रिक्शा और टेंपो में सफर करने वाले यात्रियों के बैग से जेवरात और कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 2 पुरुष व 3 महिलाओं समेत कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मड़ियांव थाना क्षेत्र के भिठौली तिराहे के पास संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने यात्रियों के बैग से चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की।गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 1 हार, 2 चेन, 2 मंगलसूत्र, 1 माथे का टीका, 1 अंगूठी, 1 जोड़ी टप्स सहित पीली धातु के आभूषण और 29,400 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ई-रिक्शा और टेंपो में सफर कर रही महिलाओं और यात्रियों को निशाना बनाकर भीड़भाड़ का फायदा उठाते थे।

चोरी के बाद सामान को राह चलते लोगों को बेचकर अपना खर्च चलाते थे।पकड़े गए आरोपियों में जयप्रकाश उर्फ जैकी, मनोज कुमार उर्फ जत्थु, रजनी, रामवती और अनीता शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक गिरोह के खिलाफ मड़ियांव और गोमतीनगर थाने में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी उत्तरी जोन के निर्देशन में मड़ियांव पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा समेत पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। वहीं एडीसीपी उत्तरी ट्विंकल जैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस टीम की सराहना की।

# तीन दिनों से जमीन पर पड़ा हुआ है क्षति ग्रस्त ट्रांसफार्मर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ब्लॉक गोसाईगंज के गांव नूरपुर बेहटा में बीते तीन दिनों से क्षतिग्रस्त बिजली का ट्रांसफार्मर जमीन पर पड़ा हुआ है। अभी तक उसे हटाने या बदलने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई होते नहीं दिखी। इसी से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। गांव वालों के अनुसार बड़े हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है।

गांव के लोगो के मुताबिक एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गांव का बिजली ट्रांसफार्मर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे गिर गया। हादसे के बाद से पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग को सूचना दी गई इसके बावजूद अब तक नया ट्रांसफार्मर लगाया गया और न ही टूटे हुए ट्रांसफार्मर को हटाया गया। जमीन पर पड़े हुए ट्रांसफार्मर के कारण बच्चों , राहगीरों और उधर से गुजारने वाले पशुओं की जान को खतरा बना हुआ है ।गांव वालों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन मौके पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। लगातार बिजली बाधित रहने से पानी की सप्लाई, घरेलू कामकाज और किसानों की दिक्कतें भी बढ़ गई हैं।

तीन दिन से गांव में बिजली नहीं है। ट्रांसफार्मर जमीन पर पड़ा है, कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। अब देखना होगा कि विभाग किसी बड़े हादसे से पहले जागता है या फिर लापरवाही यूं ही जारी रहती है।

**उतरावां में ग्राम पंचायत विकास योजना पर विशेष प्रशिक्षण बैठक, गांव के समग्र विकास का तैयार हुआ रोडमैप**

# हमारी योजना, हमारा विकास को मिली नई दिशा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। मोहनलालगंज विकास खंड के निगोहां क्षेत्र स्थित उतरावां ग्राम पंचायत में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गांव के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को तैयार कर उन्हें धरातल पर उतारने की रणनीति बनाई गई।

बैठक में प्रशिक्षकों ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना पंचायती राज विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे वर्ष 2015-16 से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में लागू किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों का सामाजिक, आर्थिक एवं भौतिक विकास सुनिश्चित करना है। हमारी योजना, हमारा विकास की अवधारणा के तहत ग्राम सभा के प्रत्येक व्यक्ति को विकास प्रक्रिया में सहभागी बनाकर गांव की वास्तविक जरूरतों के आधार पर योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

प्रशिक्षकों ने सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार एवं आजीविका जैसे विषयों को प्राथमिकता देते हुए वार्षिक एवं पंचवर्षीय कार्य योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा पंचायत स्तर की योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि गांवों में विकास कार्यों को नई गति मिल सके। बैठक में मुख्य रूप से लखनऊ विश्वविद्यालय के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ हिमांशु श्रीवास्तव एवं डॉ निरंजन कुमार तिवारी ने पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को योजना की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं जनभागीदारी के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान राजकीय हाई स्कूल उतरावां के अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने भी गांव में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव वंदना शर्मा, ग्राम प्रधान भोलानाथ, समाजसेवी सत्य प्रकाश वर्मा सहित पंचायत सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सुबह से ही जाम में फंसे छात्र, स्कूल पहुंचने में हुई देरी

## विधायक चौराहा बना मुसीबत, सुबह से जाम में फंसे स्कूली छात्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चिनहट। चिनहट के विधायक चौराहे पर इन दिनों भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। सुबह होते ही यहां वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे आम लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार सुबह करीब 7 बजे से ही विधायक चौराहे और आसपास के मार्गों पर जाम लगना शुरू हो गया। देखते ही देखते स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं घंटों तक वाहनों में फंसे रहे। कई बच्चों को स्कूल पहुंचने में देरी हुई, जबकि अभिभावकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के मुताबिक चौराहे के आसपास की संकरी गलियां, बढ़ता ट्रैफिक दबाव और ई-रिक्शा का अनियंत्रित संचालन जाम की मुख्य वजह बन रहा है। वहीं कमता पर किए गए डायवर्जन के चलते आसपास के क्षेत्रों से आने वाले वाहनों का दबाव भी विधायक चौराहे पर लगातार बढ़ गया है, जिससे प्रतिदिन हालात बिगड़ते जा रहे हैं।

क्षेत्रीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि सुबह से शाम तक यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि लगातार जाम लगने के बाद भी ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त होती नहीं दिख रही है, जिससे आम जनता को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ विशाल भंडारा

**इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुनील वर्मा के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया भंडारे में हजारों लोगों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर, सीतापुर। आपको बताते चले की इस समय जेस्ठ माह का पवित्र महीना चल रहा है और आज जगह-जगह जेस्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगल के अवसर पर जगह-जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया वहीं पूर्व विधायक सुनील वर्मा के द्वारा लहरपुर पक्का तालाब पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस विशाल भंडारे में हजारों की तादाद में बालाजी के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुनील वर्मा के द्वारा आयोजन किया गया भंडारे में हजारों लोगों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल राजेश्वर रस्तोगी सर्राफा व्यापारी गोलू रस्तोगी व इस मौके पर नगर के समस्त व्यक्ति मौजूद रहे साथ ही साथ आज तहसील लहरपुर क्षेत्र के अंतर्गत गेरूहा चौराहे पर भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आने-जाने वाले लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव से प्रसाद को ग्रहण किया और बालाजी महाराज से कामना की की हर रोज बड़ा मंगल आए ज्येष्ठ माह के मंगलवार को 'बड़ा मंगल' के नाम से जाना जाता है। उत्तर भारत, खासतौर पर लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में इस दिन का विशेष धार्मिक और सामाजिक महत्व है। हनुमान जी को समर्पित यह दिन आस्था, सेवा और एकता का प्रतीक माना जाता है। खास बात यह है कि बड़ा मंगल पर भंडारा कराने की परंपरा की शुरुआत करीब 200 साल पहले अवध के नवाब मोहम्मद वाजिद अली शाह ने की थी, जो आज भी पूरे उत्साह के साथ निभाई जा रही है।इस मौके पर गेरुहा में प्रमुख रूप से खूब चंद्र रजनीश कश्यप मोनू यादव हरि नाम चंद्रभान रंजीत कुमार ,योगेश मास्टर विशाल जायसवाल ,आदि लोग मौजूद रहे ।

## आधुनिक तकनीकों के सहारे यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा स्किल हब

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद के होटल रमाडा में मंगलवार को 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, निजी आईटीआई संचालकों और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं भविष्य आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को लेकर व्यापक मंथन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने की। इस दौरान विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे एवं संयुक्त निदेशक मयंक सहित गोरखपुर, बस्ती एवं अयोध्या मंडल के निजी आईटीआई संचालक, प्रशिक्षण प्रदाता और उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला कौशल विकास संस्थान है और आज के समय में युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला हुनर उपलब्ध कराना सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# कल्ली चौराहा बैंक शाखा पर किसानों का फूटा गुस्सा, सड़क जाम की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कल्ली चौराहा सीतापुर शाखा प्रबंधक प्रियंका मिश्रा पर एक सप्ताह में कार्यवाही की जाए नहीं तो बैंक के सामने होगी सड़क जाम राष्ट्रीय किसान मंच के तहसील अध्यक्ष अमरीश कुमार कनौजिया ने क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कार्यालय सीतापुर में दिया शिकायत पत्र देखकर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कल्ली चौराहा की शाखा प्रबंधक प्रियंका मिश्रा पर एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही करने की मांग की कार्यवाही न होने पर बैंक के सामने राष्ट्रीय किसान मंच के द्वारा सड़क जाम की जायेगी।

कल्ली शाखा में तैनात शाखा प्रबंधक प्रियंका मिश्रा की मनमानी के चलते यहां के खाताधारक परेशान है किसान अपना क्रेडिट कार्ड का पैसा जमा कर देते हैं उसका नोड्यूज नहीं देती है ना ही कोई नया लोन स्वीकृत कर रही हैं खाता धारकों का कहना है शाखा प्रबंधक अभद्रता से पेश आती है खाता धारकों को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देती है और कभी भी समय पर शाखा में नहीं आती है आए दिन ग्राहक नगदी के लिए परेशान रहते हैं मन मुताबिक पैसा नहीं मिल पाता है अगर एक सप्ताह में शाखा प्रबंधक प्रियंका मिश्रा पर कार्यवाही नहीं की जाती है राष्ट्रीय किसान मंच खाता धारकों के साथ बैंक के सामने सड़क जाम करेंगे और बता दे कि मां ललिता फ्यूल स्टेशन हाजीपुर काली चौराहा पंप संचालक शैलेश कुमार त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर शाखा प्रबंधक पर आरोप लगाया कि पंप की लिमिट बनाने में पैसे की मांग कर रही हैं कहती है लिमिट ऐसे नहीं बनती खर्चा करना पड़ता है नहीं तो दूसरी बैंक में बनवा लो वहां फ्री में बन जाएगी हमारे यहां ऊपर अधिकारियों को भी पैसा देना पड़ता है 9 महीने से बीत के बाद भी अभी तक पंप की लिमिट नहीं बनाई गई है इस स्थिति में पंप संचालन करने के लिए 12 किलोमीटर दूर नैमिषारण्य बैंक से लेनदेन करना पड़ रहा है।

# बेलहरी हादसे के बाद भी नहीं चेता बिजली विभाग, गांव में मंडरा रहा खतरा

**ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों क्से शिकायत की परंतु समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य, सीतापुरद । क्षेत्र के मानपुर गाँव झूल रहे बिजली के तार खतरे की घंटी बने हुए हैं जिससे ग्रामीणों को कभी भी हादसा होने की आशंका बनी रहती है। नैमिषारण्य विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले गाँव मानपुर निवासी पराग सिंह ने बताया कि गाँव से निकली विद्युत लाइन के तार जमीन के करीब लटक रहे हैं जिससे कभी भी अनहोनी हो सकती है।

ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को अवगत भी कराया परंतु समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ। यही नहीं बीते गुरुवार को इसी गाँव से महज 1 कि.मी की दूरी पर स्थित बेलहरी गाँव में एक युवक की करेंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार बेलहरी गाँव के संदीप नैमिषारण्य उप केंद्र के लाइनमैन दीपू के साथ सहयोग करते थे, गुरुवार को इसी गाँव के खंभों में दिक्कत थी जिसे सही करने के लिए संदीप गए थे, आरोप है कि संदीप को लाइनमैन दीपू ने बिना शटडाउन लिए ही बिजली सही करने के लिए चढ़ा दिया था। इन सभी हादसों को देखने के बावजूद भी विद्युत विभाग नहीं चेत रहा है और कभी भी होने वाली बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। इस सम्बंध में जब जेई से से बात की गई तो कहने लगे संज्ञान मे है इसे जल्दी ठीक करवाते है के रोड के किनारे खुदाई के दौरान वहां पोल लच गया था जिसके कारण केबल नीचे आ गई है, पोल लगा के सही कर दिया जाएगा।

## बाग में बिछाये तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से पांच साल के बालक की मौत

सिद्धार्थनगर । उत्तर प्रदेश के जनपद सिद्धार्थनगर के इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेहना के उप ग्राम रामनगर में मंगलवार को आम के बाग के किनारे बिछाये गये बिजली के नंगे तार की चपेट में आ जाने से पांच वर्षीय नफीश अहमद की मौत हो गई। परिजन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिद्धार्थनगर भेज दिया है।ग्राम राम नगर निवासी अमीरुल्लाह का पांच वर्षीय पुत्र नफीश अहमद मंगलवार को अपने घर से मुख्य मार्ग होते हुए दूसरे घर पर जा रहा था। इस दौरान वह रास्ते मे बाग के किनारे बाग मालिक द्वारा बिछाये गये बिजली के नंगे तार से उसका हाथ छू गया। विद्युत के चपेट में आ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।जानकारी उलने पर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक के पिता ने कठेला थाना पर घटना की सूचना देकर बाग मालिक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई अवश्य की जाएगी ।

# डीएम ने जाम से निजात दिलाने के लिए की बैठक



**ग्रिल के आगे सामान रखा, तो दुकानदार पर लगेगा 1500 रूपए का जुर्माना-डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण और जाम से निजात दिलाने के लिए विकास भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने बैठक में मौजूद पार्षद, व्यापार मण्डल, आरएसडब्लू, किराना एसोएिसशन, कैमिस्ट एवं ड्रग एसोएिशन सहित अन्य स्थानीय संगठनों के पदाधिकारियों आदि से अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम, वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात प्रबन्धन से सम्बन्धित समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए सुझाव लिए और कहा कि इस बैठक का उद्देश्य जन जागरूकता लाकर शहर को अतिक्रमण एवं ट्रैफिक जाम की समस्याओं का निराकरण कराना है।

बताया कि 75 करोड रुपए की लागत से 109 सड़कों का कार्य कराया जाएगा। दीपावली तक सभी सड़कों का कार्य पूर्ण हो जाएगा। कहा कि ग्रिल के आगे सामान लगाने पर संबंधित दुकानदार पर 1500 रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा। सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट का प्रयोग ना करने वाले दो पहिया वाहन चालकों का चालान काटा जाए। शहर में साफ-सफाई एवं पथ प्रकाश व्यवस्था सही हो। तय सड़कों पर ई-रिक्शा चलाए जाएं। जागरुकता लाकर अतिक्रमण एवं जाम की समस्या को दूर करें, तभी 02 महीने में शहर को बेहतर बनाने में सफल होंगे। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# मोटर साइकिल और ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर दो लोगों की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रित, सीतापुर। कोतवाली मिश्रित के सीतापुर हरदोई मार्ग पर ग्राम करमसेपुर के आगे स्थित सौंरी पुलिया पर आज 2:00 बजे के लग भग ट्रैक्टर और मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें ट्रैक्टर चालक और मोटर साइकिल चालक की मौत हो गई है । तथा दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं । जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित में भर्ती कराया गया है ।

मिली जानकारी के अनुसार थाना इमलिया सुल्तानपुर के ग्राम नटौरा निवासी कपिल पुत्र रामकिशोर उम्र 22 वर्ष अपने साथी मोहित पुत्र श्रीकेशन के साथ कल ग्राम टिकरा मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे । आज 2:00 बजे के लग भग वह टिकरा से अपने गांव नटौरा जा रहे थे । तभी सीतापुर हरदोई मार्ग पर स्थित सौंरी पुलिया के पास बरमी की ओर से आ रहे स्वराज ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई । जिससे ट्रैक्टर चालक मोहित पुत्र सुरेश कुमार उम्र 18 वर्ष तथा मोटर साइकिल चालक कपिल पुत्र रामकिशोर उम्र 22 वर्ष की मौके पर मौत हो गई है । उनके साथी मोहित पुत्र श्रीकेशन निवासी नटौरा तथा अर्जुन पुत्र सीताराम उम्र 20 निवासी बरमी गंभीर रूप से घायल हो गए है । जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित में भर्ती कराया गया है । घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई जहां पर चिकित्सकों ने मोटर साइकिल चालक कपिल पुत्र राम किशोर निवासी नटौरा व ट्रैक्टर चालक मोहित पुत्र सुरेश कुमार निवासी बरमी को मृत घोषित कर दिया । कोतवाली पुलिस ने दोनों मृतको के शव का पंचनामा भराकर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है । तथा दोनों घायलो का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित में जारी है ।मोटर साइकिल सवार यातायात नियमों को दरकिनार कर हेलमिट नही लगाए थे । कास हेलमिट लगा रखा होता तो सायद सर में इतनी चोट नही आती और जान भी बच जाती ।

# मेड़बंदी प्रकरण में लापरवाही बरतने पर राजस्व निरीक्षक के निलंबन के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भूमि मेड़बंदी प्रकरण में लापरवाही बरतने पर राजस्व निरीक्षक रामकुमार श्रीवास्तव के निलंबन के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को जनता दर्शन में आए तहसील कलान क्षेत्र के ग्राम दोषपुर नगर निवासी आदेश कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम दोषपुर नगर में उनकी खसरा संख्या 79क रकबा 0.162 हेक्टेयर भूमि की मेड़बंदी के लिए उन्होंने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन क्षेत्रीय कानूनगो रामकुमार श्रीवास्तव ने कच्ची तूदांबदी किए जाने के बावजूद आज तक मेड़बंदी पत्रावली न्यायालय में दाखिल नहीं की। बताया कि गांव के रहने वाले विपक्षी गुरुदेव और सुखदेव तथा कंचन पत्नी नेत्रपाल निवासी ग्राम कुमरौर जबरन भूमि पर नींव खोद रहे हैं। विरोध करने पर विवाद और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। बताया कि एक वर्ष बीतने के बाद भी मेड़बंदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है और कानूनगो स्तर पर मामले को लंबित रखा गया है। उन्होंने कई बार अधिकारियों के चक्कर लगाए, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तत्काल संबंधित राजस्व निरीक्षक के निलंबन के निर्देश दिए। साथ ही प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

## बांध निर्माण में लापरवाही पर डीएम सख्त, जून तक कार्य पूरा करने के निर्देश



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास क्षेत्र रामपुर मथुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा में निर्माणाधीन बांध का जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाए जाने तथा गुणवत्ता में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बांध निर्माण कार्य हर हाल में आगामी जून तक पूर्ण कराया जाए। कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी करने तथा बांध की गुणवत्ता में सुधार कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पाया कि बांध के तीन नंबर ठोकर पर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया। उन्होंने एक्सियन के विरुद्ध कार्यवाही करने, संबंधित जिम्मेदार कर्मचारियों का वेतन रोकने तथा आवश्यक होने पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि वह पुनः स्थलीय निरीक्षण करेंगे, यदि तब भी कार्य में लापरवाही अथवा अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी महमूदाबाद डॉ0 अंजली सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने थाना सदरपुर में नवनिर्मित महिला आरक्षियों के भवन का किया उद्घाटन



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल ने को थाना सदरपुर में नवनिर्मित मिशन शक्ति केंद्र, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना तथा हवालात का शुभारंभ किया। थाना सदरपुर पर तैनात नवनियुक्त महिला आरक्षियों द्वारा नवनिर्मित भवन का फीता कटवाकर उद्घाटन कराया गया। इन सुविधाओं से थाना स्तर पर बेहतर कार्य प्रबंधन, महिलाओं की सुरक्षा और शिकायतों के शीघ्र निस्तारण में मदद मिलेगी। इस अवसर पर महोदय ने महिला आरक्षियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करें। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित थाना प्रभारियों के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में बैठकर कर विस्तृत चर्चा की। विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थानगांव,प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद,प्रभारी निरीक्षक बिसवां,प्रभारी निरीक्षक सदरपुर,प्रतिसार निरीक्षक तथा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी महोदय ने पुलिस परिवार के साथ ज्येष्ठ मास के द्वितीय बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर आम जनमानस को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने की अपील भी की। यह नवनिर्मित सुविधाएं थाना सदरपुर को और अधिक आधुनिक एवं सुसज्जित बनाएंगी तथा महिलाओं की सुरक्षा, शीघ्र शिकायत निस्तारण और बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था में सहायक सिद्ध होंगी।

# किसान यूनियन की दोहरे टोल टैक्स को समाप्त किए जाने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। भारतीय किसान यूनियन परिवर्तनवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में प्रशानिक अधिकारी को ज्ञापन देकर पुवायां रोड पर 25 किमी रेंज में बने दोनों टोल टैक्स समाप्त किए जाने की मांग की है।भारतीय किसान यूनियन परिवर्तनवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने बताया कि पलिया नेशनल हाईवे पर शाहजहांपुर से 18 किमी दूर रजऊ व महमन्दपुर के मध्य टोल टैक्स का निमार्ण किया गया है। जबकि पलिया नेशनल हाईवे टोल टैक्स से पुवायां-बण्डा रोड पर बने टोल टैक्स की दूरी मात्र 25 किमी है। पुवायां रोड पर 25 किलोमीटर रेंज में दो टोल टैक्स बनाए जाने पर शाहजहांपुर से बंडा जाने वालो के लिए दोहरे टोल टैक्स का भार पड़ने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए दूसरी बार ज्ञापन दिया जा रहा है। उन्होंने ज्ञापन में चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग पूरी न की गई, तो 15 मई से आन्दोलन, भूख हड़ताल, धरना प्रर्दशन करने को मजबूर होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान यूनियन के जिलाध्यक्ष मुकुट बिहारी यादव, खुशीराम राठौर, सौदान सिंह, सर्वेश राठौर, रामकुमार गौतम, क्रांति सिंह आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर मेडिकल एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय संगठन के आह्वान पर उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन इकाई व सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन ने राष्ट्रीय मांग दिवस पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया। ज्ञापन में न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपए प्रतिमाह किए जाने, 08 घंटे का कार्य दिवस लागू करने, डबल ओवरटाइम भुगतान करने, कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रदान करने, ठेका मजदूरों के साथ समान व्यवहार करने, ठेका श्रम व्यवस्था समाप्त कर नियमितीकरण किए जाने, चारों श्रम संहिताओं को निरस्त करने, विक्रय संवर्धन कर्मचारी सेवा शर्त अधिनियम 1976 एवं वर्तमान श्रम कानूनों को जारी रखने, दैनिक भत्ता एवं यात्रा भत्ता में वृद्धि हेतु नियोक्ताओं को निर्देश देने, ट्रेड यूनियनों एवं श्रमिकों के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों पर हो रहे हमलों को बंद करने, श्रमिकों एवं यूनियन नेताओं के खिलाफ दर्ज झूठी पुलिस शिकायतों को निरस्त करने की मांग की गइ। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, सचिव सीएल तिवारी, प्रदेश कार्यकारी सदस्य एवं सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन जिलाध्यक्ष मुरारी दीक्षित, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, दलजीत त्रिपाठी, शिवम शर्मा, संदीप यादव, अखिलेश कुमार, विशाल सिंह, फैसल खान, संतोष, विकास, अभिषेक मिश्रा, मोहित तिवारी, शुभम मिश्रा आदि तमाम दवा प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर सख्त डीएम, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी मातृ सुरक्षा केन्द्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी फैसिलटी और एफआरयू प्रभावी रूप से संचालित कराये जाए और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। पी0एम0एस0एम0ए0 एवं वी0एच0एस0एन0डी0 दिवसों का प्रभावी रूप से आयोजित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रभावी रूप से संचालन कराया जाय और इसके लिए अधिक से अधिक जांचे की जाये। चिन्हित मरीजों को समुचित उपचार तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाएं प्रदान की जायें।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करें तथा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये मुख्यालय न छोड़ें। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड की प्रगति में सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी चिकित्सालयों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें तथा रेफरल के सभी मामलों की प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा समीक्षा अवश्य की जाये। जिला चिकित्सालय सीतापुर में व्यवस्थाओं को सुधारने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं हास्पिटल मैनेजर को कड़े निर्देश दिये।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद चन्दौसी की अध्यक्षा लता वार्ष्णेय एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

सम्भल, बहजोई। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चन्दौसी में 12 मई 2026 को प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह संस्थागत ऑडिटोरियम में अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद चन्दौसी की अध्यक्षा लता वार्ष्णेय एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी जी ने प्रशिक्षार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। दोनों अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों एवं विजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में पूजा, यशिका, मोनी सिंह, शिवानी कश्यप, झलक शर्मा, काजल एवं शोभा भारती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। गायत्री, शिवानी ,मीना एवं अंशिका ने द्वितीय तथा पल्लवी पाल, सलोनी, हिमांशु, दीपांशु, रमन कुमार एवं आदित्य हिन्दवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।ह्लबढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम एवं मानव शक्ति का कुशल प्रबंधनङ्क विषयक निबंध प्रतियोगिता में झलक शर्मा प्रथम, शिवानी कश्यप द्वितीय एवं उमा शंकर तृतीय स्थान पर रहे। ह्लहमारा संविधानङ्क विषयक भाषण प्रतियोगिता में सुभाष कुमार ने प्रथम, नन्दनी ने द्वितीय तथा दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बेस्ट जॉब मेकिंग प्रतियोगिता में विद्युतकार, वायरमैन, फिटर एवं ई0पी0डी0 ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों द्वारा उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए गए। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 मीटर पुरुष वर्ग में उमाशंकर प्रथम, अजय द्वितीय एवं शक्ति सिंह तृतीय रहे। 100 मीटर महिला वर्ग में प्रीति प्रथम, तनिष चौधरी द्वितीय एवं सलोनी तृतीय स्थान पर रहीं।200 मीटर पुरुष वर्ग में सचिन प्रथम, ललतेश द्वितीय एवं रवि कुमार तृतीय रहे, जबकि 200 मीटर महिला वर्ग में तनिष चैधरी प्रथम, सलोनी द्वितीय एवं नीरज तृतीय स्थान पर रहीं। शॉटपुट पुरुष वर्ग में रमन कुमार प्रथम, पंकज यादव द्वितीय एवं अंशुल मौर्य तृतीय रहे। महिला वर्ग में स्वाति यादव प्रथम, पारुल द्वितीय एवं तनिष चैधरी तृतीय स्थान पर रहीं। लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग में ललतेश प्रथम, अजय द्वितीय एवं राघव यादव तृतीय रहे, जबकि महिला वर्ग में तनिष चैधरी प्रथम, अनु द्वितीय एवं प्रीति तृतीय स्थान पर रहीं।खो-खो पुरुष वर्ग में कन्हैया वार्ष्णेय, आकाश कुमार, रमन कुमार, सोहिल शर्मा, अभिजीत शंखधार, अंकित यादव, लिंकन यादव, तुषार, राजेश, शिवम यादव, प्रशान्त कुमार एवं अमनपाल की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में नीतू, शिवानी, सलोनी, नेहा, रौनक, गायत्री, पल्लवी पाल, अनीता, पारुल, रिंकी, दीक्षा एवं प्रिया वघेल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। रस्साकशी पुरुष वर्ग में रोहित, तुषार, अनमोल, राहुल, विनीत, ओमेन्द्र, दीनानाथ एवं सचिन शर्मा की टीम विजेता रही, जबकि महिला वर्ग में चंचल, विनिता, अन्नू, निधि, राधिका भारती, ज्योति, रितु एवं मानसी बघेल की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में रोहित, सिद्धार्थ वार्ष्णेय, जोगेश, विनीत, तुषार, राहुल, विशाल एवं अंशुल कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रिया वघेल, तनिष चैधरी, खुशी, लकी, पल्लवी पाल, रौनक, सलोनी एवं अंशिका वार्ष्णेय की टीम विजेता रही।कार्यक्रम का संचालन श्री कीर्तिपाल शर्मा द्वारा किया गया।

## 20 दिवसीय कला कार्यशाला के तीसरे दिन बच्चों ने सीखी क्राफ्टिंग और ज्वेलरी मेकिंग

बबराला। राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ एवं उड़ान आर्टिस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला के तीसरे दिन बच्चों को क्राफ्टिंग और ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय कलाकार एवं पिडीलाइट कंपनी की अनुभवी प्रशिक्षिका भारती वर्मा, गाजियाबाद से पहुंचीं और बच्चों को विभिन्न रचनात्मक कलाओं की जानकारी दी।भारती वर्मा ने बच्चों को घर में बेकार पड़े शादी के कार्ड और अन्य सामग्री से आकर्षक एनवेलप तैयार करना सिखाया। इसके साथ ही ज्वेलरी, शूज मेकिंग और प्रिंटिंग से संबंधित कार्यों का भी प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया और नई कलाएं सीखीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस दौरान बच्चों ने भारती वर्मा का चंदन और पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यशाला में माही वर्मा, खुशी गौतम, नंदिनी, खुशी वर्मा, मिस्टी, अंशिका, वंशिका, छवि और अंजलि सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला संयोजिका ममता राजपूत ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## खेत पर अकेले काम करने का विरोध पड़ा भारी, दो बहनों से मारपीट में एक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसका सिर जलते चूल्हे में धकेल दिया गया, जिससे उसके बाल और कपड़े झुलस गए

गुन्नौर, संभल। थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव गंगाबास में खेत पर अकेले काम करने से मना करने पर दो सगी बहनों के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला घायल बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी सुर्मिला पत्नी अजयपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी और उसकी छोटी बहन उर्मिला की शादी सगे भाइयों अजयपाल और खेमसिंह के साथ हुई थी। दोनों बहनें एक ही परिवार में रह रही थीं। आरोप है कि रविवार सुबह परिवार के कुछ लोगों ने सुर्मिला पर खेत में अकेले काम करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर पति समेत अन्य परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसका सिर जलते चूल्हे में धकेल दिया गया, जिससे उसके बाल और कपड़े झुलस गए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची बहन उर्मिला के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि उसे जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उर्मिला को उपचार के लिए अलीगढ़ ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

## थाना सिविल लाइन पुलिस ने खोये बैग,रुपये व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ उसके स्वामी को सौपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ रामविलास के मुताबिक अपनी मोटरसाईकल से बदायूँ से दवाई लेकर अपने ग्राम पाठक नगला थाना उसहैत जा रहा था बैग मोटर साईकिल से गिर गया

बदायूं। मंगलवार की सुबह पीआरवी 7841 को एक अज्ञात बैग थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत दातागंज तिराहे पर मिला। उक्त बैग को पीआरवी 7841 द्वारा थाना सिविल लाइन को सुपुर्द किया। प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन द्वारा बैग खोलने पर बैंक पासबुक पर अंकित खाताधारक व्यक्ति का नाम रामविलास मिश्रा पुत्र महाराम मिश्रा नि0 ग्राम पाठक नगला थाना उसहैत बदायूँ को सूचना दी गयी। रामविलास सूचना मिलने पर थाना सिविल लाइन उपस्थित हुए और बताया कि मैं अपनी मोटरसाईकल से बदायूँ से दवाई लेकर अपने ग्राम पाठक नगला थाना उसहैत जा रहा था मेरा बैग मोटर साईकिल पर पीछे बधा था, बैग की तनी टूट जाने के कारण बैग कही रास्ते मे गिर गया। इस बात की मुझे कोई जानकारी नही हो पायी थी। रामविलास द्वारा अपने बैग को पहचानते हुए कहा कि यही मेरा बैग है। बैग को रामविलास उपरोक्त के सामने चैक किया गया जिसमें से 1,31,000/रू0 ,पैन कार्ड , बैंक पासबुक, चैक बुक व आधार कार्ड मिले। रामविलास द्वारा बिना पुलिस को सूचना दिये जल्दी से जल्दी अपने उपरोक्त सामान मिलने पर बदायूं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा व धन्यवाद किया है। रामविलास उपरोक्त को उसके सामान के साथ सकुशल रूखसत किया गया है।

## डीएम ने की विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जनपद के विकास कार्यों व 50 लाख रुपए से अधिक व कम लागत की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने व समय से कार्य पूर्ण करने के लिए कहा।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि अप्रैल 2026 में जनपद को विकास कार्यों में 42 वी, राजस्व में 19 व संयुक्त रूप से 23वीं रैंक प्राप्त हुई है। इनमें से 53 कार्यों व परियोजनाओं में ए रैंकिंग, 04 में बी रैंकिंग , 01 में सी रैंकिंग तथा 03 में डी रैंकिंग प्राप्त हुई है, 24 ऐसे कार्य व परियोजनाएं हैं जिसमें रैंकिंग नहीं की गई है। उन्होंने मुख्य प्रदर्शन घटक ( केपीआई ) को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए कहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय दहगवा में बालिका छात्रावास के कार्यों को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। उनके संज्ञान में आया कि जनपद में चार नई वृहद गौ संरक्षण केंद्रो का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने इसमें तेजी लाने के लिए कहा। बैठक के दौरान ग्रामीण पाइप पेयजल योजना अंतर्गत पाया गया कि 130 परियोजनाओं में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित खंड विकास अधिकारियों को इसकी सूची प्राप्त कर उसको चेक करने के लिए कहा। पाया गया की 847 परियोजनाओं में से 312 का कार्य पूर्ण हो गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना व अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में विभिन्न बैंकों का सहयोग कैसा रहा उसकी योजनावार सूची बनाई जाए तथा आगामी बैंकों की जिला स्तरीय बैठक में प्रतिभाग करने वाले आरबीआई के अधिकारियों को उसकी सूची दी जाए। बैठक के दौरान उन्होंने पाया कि फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्यों में जनपद को प्रदेश में 38वीं रैंक प्राप्त है, इसका 78 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। लगभग 115000 कार्य अभी लंबित है, जिस पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सिटी मजिस्ट्रेट के अर्दली ने की खुदकुशी की कोशिश

**बदायूं , कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** शहर के नावादा इलाके में सिटी मजिस्ट्रेट के अर्दली ने पारिवारिक कलह के चलते अपने घर में सोमवार को फंदा लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देख तत्काल नीचे उतारा और उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने अर्दली की हालत अब खतरे से बाहर बताई है। 38 वर्षीय अर्दली नरेंद्र ने दोपहर के समय अपने घर के कमरे में यह कदम उठाया। उसे फंदे पर लटकता देख परिवार के सदस्यों ने तुरंत कार्रवाई की। परिजनों ने उसे नीचे उतारकर बिना देर किए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। कलक्ट्रेट के नाजिर अतुल ने बताया कि अर्दली सिटी मजिस्ट्रेट के यहां तैनात थे। उन्हें करीब पंद्रह दिन पहले ही सिटी मजिस्ट्रेट के कार्यालय में नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह नजारत विभाग में कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि अर्दली परिवार में चल रहे आपसी विवादों से काफी परेशान थे। इस मामले में परिवार के सदस्य और अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल सिंह ने बताया कि अर्दली सोमवार को अवकाश पर था। उन्होंने घटना की जानकारी होने से इन्कार किया है। सिविल लाइंस पुलिस ने भी ऐसी किसी घटना की सूचना मिलने से मना किया है।

## पंचायत चुनाव की पूर्ण मतदान सामग्री किट हेतु, जेम पोर्टल पर बिड प्रकाशित

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली अंजू लता ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2026 हेतु जनपद स्तर पर आयोग के उपरोक्त मानक के अन्तर्गत पूर्ण मतदान सामग्री किट (स्टेशनरी, लिफ़ाफ़े एवं प्रपत्र सहित) तैयार/क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर बिड संख्या क्ख्र/2026/8/7509267 दिनांक 06 मई 2026 को प्रकाशित कर दी गयी है, बिड बंद होने की तिथि 16 मई 2026 समय सायं 19:00 बजे तथा बिड खुलने की तिथि 16 मई 2026 को समय सायं 19:30 बजे है तथा मतदान सामग्री किट की कुल अनुमानित लागत रू0 28,80,000/- (मु0 अट्ठाईस लाख अस्सी हजार मात्र) है। इच्छुक फर्म/संस्था जेम पोर्टल पर आमंत्रित उपरोक्त जेम निविदा में भाग ले सकते हैं। इस निविदा में जेम के नियम एवं शर्तों के साथ-साथ इस कार्यालय द्वारा निर्धारित बिड की शर्तें (एटीसी) लागू होगी। सक्षम प्राधिकारी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

## बकायेदारों की भूमि की नीलामी 21 व 22 मई को

**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली गौतम सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक/न्यायालय देय की बकायेदार श्री छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी मजरे मरदानपुर परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 21 मई 2026 एवं नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रसेहता परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 22 मई 2026 को समय प्रातः 10 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी सम्बन्धी शर्तें संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## 11 वाहनों पर अवैध ओवरलोडिंग के विरुद्ध हुई कार्यवाही

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** रायबरेली जिले में चल रहे भारी वाहनों के ओवरलोडिंग की वजह से सड़के दिन प्रतिदिन बस से बेहतर होती जा रही है। रायबरेली कि सड़कों के खराब होने की यही वजह है कि भारी वाहनों व ओवरलोडिंग का मुख्य कारण है ओवरलोडिंग या भारी वाहनों को नियमानुसार चलने के लिए रायबरेली की जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देशानुसार अन्य जनपदों से आने वाले डम्फरों की खनन टास्क फोर्स की टीम जिसमें खनन अधिकारी सुरेश लाकरा द्वारा 10 मई 2026 को डलमऊ से लालगंज मार्ग पर 05 व सलोन-रायबरेली पर 06 अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 11 वाहनों का ऑनलाइन चालान करते हुए 5 लाख का जुर्माना जमा कराया गया।

## जेष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर हनुमान गढ़ी मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** रायबरेली रोड स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार पर भव्य धार्मिक आयोजन व हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन अदिति गैस एजेंसी प्रबंधक डॉ. महेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत सुंदरकाण्ड पाठ से हुई, जिसके पश्चात हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और गगन भेदी जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारों से माहौल गुंजायमान रहा। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और आस्था का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और सद्भाव का संदेश प्रसारित होता है। उन्होंने आयोजन समिति एवं सहयोगियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान हनुमान भक्तों ने सेवा भाव से व्यवस्थाएं संभालीं तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई।

## ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने खाया जहर, पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम ओलीपुर मजरे समरहदा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर कई वर्षों से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार, थाना मिलएरिया क्षेत्र के ग्राम पूरे लोखड़िया मजरे मेंबीबीपुर निवासी रामअधार पुत्र रामफ़ेर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी पुत्री प्रीती को उसके ससुरालीजन पिछले 5-6 वर्षों से लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। प्रताड़ना से परेशान होकर प्रीती ने बीती 7 मई 2026 की रात लगभग 10 बजे जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मु0अ0सं0 0031/2026 के तहत धारा 85/108 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में अखिलेश पुत्र रामबहादुर (पति), रामबहादुर पुत्र बृजलाल (ससुर), शांति पत्नी रामबहादुर (सास) तथा कमलेश पुत्र रामबहादुर (देवर) निवासी ग्राम ओलीपुर मजरे समरहदा थाना चंदापुर जनपद रायबरेली को नामजद किया गया है। कोतवाली प्रभारी चंदापुर अरविंद सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हत्यारोपी अजय प्रताप फतेहगढ़ जेल में शिफ्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले के चर्चित दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है। इसके बाद जिला प्रशासन ने उसे अब फर्रुखाबाद जिले की फतेहगढ़ जेल में शिफ्ट कर दिया है। इस मामले के अन्य आरोपी अभी बदायूं जेल में ही बंद है। आगे इनकी भी जेल बदली जा सकती है।

यह घटना 12 मार्च 2026 को हुई थी। अजय प्रताप सिंह ने मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के बायोगैस प्लांट में घुसकर दो वरिष्ठ अधिकारी सुधार गुप्ता और हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से अजय प्रताप सिंह घायल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में भी केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि यह वारदात एक आपराधिक षड्यंत्र का हिस्सा थी। इस मामले में मुनेंद्र विक्रम सिंह, धर्मेंद्र, अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू और केशव उर्फ मिचकू सहित चार अन्य सह-आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। इन सभी सह-अभियुक्तों को जिला कारागार बदायूं भेजा जा चुका है। बीती 27 अप्रैल को आरोपी अजय प्रताप सिंह के खिलाफ पुलिस-प्रशासन ने रासुका के तहत कार्रवाई की थी। इसी के चलते रविवार 10 मई को कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को बदायूं जेल से फतेहगढ़ जेल में शिफ्ट कर दिया गया, जबकि अन्य आरोपियों की भी आने वाले समय में जेल बदलने की कार्रवाई हो सकती है।

एचपीसीएल के दो अफसरों की हत्या के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह को रविवार को बदायूं से कड़ी सुरक्षा के बीच फतेहगढ़ जेल शिफ्ट किया गया है। आरोपी के खिलाफ रासुका की कार्रवाई होने के बाद प्रशासनिक आधार पर उसकी जेल बदली गई है। इस मामले की जांच चल रही है। जल्द ही चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल की जाएगी- अंकिता शर्मा, एसएसपी।

## महिला आरक्षण रोकने वालों के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ महिला जन-आक्रोश अभियान के अंतर्गत विपक्षी सांसद के विरुद्ध क्रमिक कार्यक्रम के तीसरे दिन बदायूँ लोकसभा के सपा सांसद आदित्य यादव के आवास समेत कई स्थानों पर प्रदर्शन और धरना दिया गया

बदायूँ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के अंतर्गत वर्ष 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा ऐतिहासिक विधेयक लाया गया, लेकिन सपा, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान के प्रति अपनी नकारात्मक मानसिकता को उजागर किया। इसी के विरोध में महिला जन-आक्रोश अभियान के अंतर्गत विपक्षी सांसद के विरुद्ध क्रमिक कार्यक्रम के तीसरे दिन बदायूँ लोकसभा के सपा सांसद आदित्य यादव के आवास के निकट लक्ष्मीबाई चौक, डीएम चौराहा, बदायूँ में बिसौली विधानसभा की महिला कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के राजनीतिक भागीदारी के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया गया तथा सपा के खिलाफ नारेबाजी की गई। जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर किया है। जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर ने कहा भाजपा सरकार महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन विपक्ष को महिलाओं का बढ़ता सम्मान और सशक्तिकरण स्वीकार नहीं हो रहा है।

जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता उपाध्याय ने कहा लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय देश की मातृशक्ति को मजबूत करने वाला कदम है। आगे कहा महिलाएं विपक्ष की नकारात्मक राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दे रही हैं। जिला मंत्री रचना शंखधार ने कहा महिला जन-आक्रोश अभियान केवल एक प्रदर्शन नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की आवाज है। देश की महिलाएं अब महिला विरोधी मानसिकता रखने वाले दलों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना राघव, मंडल उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल, अनीता शंखधार, प्रवेश सिन्हा, संगीता रस्तोगी, कृष्ण गुप्ता, सुलक्षणा पाठक, विनीता पाठक, प्रवेश नन्ही, रफिकन, सीमा, कौशल्या, सीमा, अम्सवती, मैना, राजरानी, प्रीति, सुरना देवी, आरती, धनदेवी, रामप्यारी, सुशीला कपूर, अनीता मिश्रा, देवकी, नीता शर्मा, सर्वेश शर्मा, मंजू पाराशरी, राजकुमारी, बबली, गुड्डू, भगवती, लक्ष्मी, माया, जयवंती, जय साहू प्रेमलता दिवाकर, गुड्डी राघव, नीलू मिश्रा पूनम शर्मा, ममता श्रीवास्तव, रेखा, ललित शाक्य, रेखा उपाध्याय, रामवती आदि मातृशक्ति उपस्थित रही।

## भाजपा की तानाशाही, नफरत और भ्रष्ट राजनीति को उखाड़ फेंकेगी पीडीए की जनशक्ति: रंजीत यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होने पर वरिष्ठ समाजवादी नेता रंजीत यादव का रायबरेली में सपाइयों द्वारा ऐतिहासिक एवं जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम जनाक्रोश सभा में तब्दील हो गया, जहां समाजवादी नेताओं ने भाजपा सरकार की जनविरोधी, तानाशाही और विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर हमला बोला। सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने ह्लपीडीए एकता ज़िंदाबादङ्क और ह्लभाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओङ्क के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। इस दौरान सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी आर.पी. यादव, राजेश मौर्य, सुरेश पटेल, राजीव गौतम सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

अपने ओजस्वी संबोधन में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रंजीत यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक एवं उपेक्षित अगड़ा समाज की ताकत को एकजुट कर भाजपा की नफरत और झूठ की राजनीति को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर करने, संविधान की मूल भावना पर हमला करने और गरीबों की आवाज दबाने का काम किया है।

रंजीत यादव ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समाज के हर वर्ग को साथ लेकर सामाजिक न्याय और भाईचारे की राजनीति करते हैं, जबकि भाजपा केवल धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटकर सत्ता बचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं, नौजवान नौकरी के लिए भटक रहे हैं, व्यापारी बर्बाद हो रहे हैं और मजदूरों का शोषण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता के असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए धार्मिक उन्माद और नफरत की राजनीति फैला रही है, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है और आने वाले समय में भाजपा को करारा जवाब देगी। कहा कि भाजपाइयों ने चुनावी घपलों, प्रशासनिक दबाव और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग से राजनीति को प्रदूषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान और लोकतंत्र दोनों के लिए खतरा बन चुकी है तथा समाज में जहर घोलकर भाईचारे और सौहार्द को नष्ट करने का षड्यंत्र कर रही है, जिसे समाजवादी लोग कभी सफल नहीं होने देंगे।जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्य ने कहा कि सोना न खरीदने की सलाह जनता को नहीं बल्कि भाजपा के भ्रष्ट नेताओं और उनके पूंजीपति मित्रों को दी जानी चाहिए, जिन्होंने भ्रष्टाचार और लूट से अकूत संपत्ति इकट्ठा कर ली है। उन्होंने कहा कि आम जनता तो महंगाई और बेरोजगारी से इतनी त्रस्त है कि दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है।

## डीएम की अध्यक्षता में सड़क परियोजनाओं के लिये भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, मुआवजा वितरण, अवरोधों तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराया जाए, ताकि परियोजनाओं के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि किसानों एवं प्रभावित व्यक्तियों को शासन की मंशा के अनुरूप नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवादित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की भी समीक्षा की गई व यूपीडा को निर्देशित किया गया कि चिन्हित की गई सड़कों को समयबद्ध रिस्टोर कराया जाए, यूपीडा से चिन्हित सड़कों की कार्ययोजना प्राप्त कर ली जाए, सड़कों की मरम्मत होने के पश्चात संबंधित उप जिलाधिकारी व अधिशासी अभियंता से ज्वाइंट सर्वे करा कर यह सुनिश्चित करा लिया जाए कि मानक के अनुरूप सड़कों की मरम्मत कर दी गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव,संबंधित उप जिलाधिकारी, एनएचएनआई, यूपीडा, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे बने शो पीस

❒ शहर के अंदर चौराहों पर कोई बड़ी वरदात होने पर प्रशासन मुंह ताकता रह जाता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शहर के मुख्य चौराहों पर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे कई चौराहे पर महीनों से तकनीकी गड़बड़ी के कारण शो पीस बन कर रह गए हैं। शहर के अंदर चौराहों पर कोई बड़ी वरदात होने पर प्रशासन मुंह ताकता रह जाता है और घटनाओं के बाद दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों का सहारा ही सहरा मिलता है।

उसमें भी कामयाबी नहीं मिल पाती, क्योंकि दुकानों में लगे सीसीटीवी का फोकस दुकान पर होता है न कि सड़क पर।नगर के महत्वपूर्ण चौरा हों पर पुलिस विभाग द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।उम्मीद जताई जा रही है कि इससे शहर की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी।यहां तक कि यातायात व्यवस्था भी सुदृढ़ होगा।चौराहों पर लगे इन कैमरों से पुलिस को लाभ भी कई बार मि ला है।चौराहों पर जाम लगने पर तत्काल चौकी से जवान पहुंच जाते थे। आने-जाने वाले वाहनों पर भी पुलिस की नजर रहती थी। धीरे-धीरे चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हो गए।इसके चलते पुलिस चौकियों पर लगे स्क्रीन भी बेकार पड़े हुए हैं।लंबे समय से खराब इन सीसीटीवी कैमरों को लगता है कि अब पुलिस का जरूरत ही नहीं है।

### कैमरो पर टांग देते है होर्डिंग्स व बैनर-पोस्टर

उल्लेखनीय है कि शहर का प्रमुख इलाका होने से आए दिन यहां बैनर-पोस्टर और होर्डिंग्स लगते रह ते हैं।कई बार ऐसी स्थिति बनी कि कैमरों के साम ने ही बैनर-पोस्टर लगा दिए जाते हैं जिससे स्क्रीन में बैनर-पोस्टर दिखता था। बैनर-पोस्टर लगाने के फ़ेर में कई बार कैमरे का केबल निकलने की तो कई बार कैमरा ही खराब कर दिया गया।वहीं न तो ऐसे लोगों पर किसी प्रकार की मनाही की गई और न ही मेंटनेंस कराने ध्यान दिया जाता है।

# ‘फैलाई गंदगी साफ कर रहा हूँ

❒ बृजभूषण शरण सिंह का विनेश फोगाट पर किया बड़ा हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआ ई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और विनेश फोगाट के बीच तकरार अब तेज हो गया है. विने श के आरोप पर बृजभूषण ने कहा कि वो उस गंदगी को साफ करने की कोशिश कर रहे हैं जो कि विनेश अपने पीछे छोड़कर गई थी।

दरअसल गोंडा में नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट का आयोज न किया जा रहा है,जिससे विनेश को बाहर कर दि या गया है डब्लूएफआई के इस फैसले पर विनेश फोगाट ने बृजभूषण शरण सिंह पर गंभीर आरोप लगाये थे उन्होंने कहा था कि उन्हें बाहर करने के पीछे पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की साजिश है।विनेश के इस आरोप पर बृजभूषण शरण सिंह ने चुप्पी तोड़ते हुए कुश्ती महासंघ के कामकाज में किसी भी तरह



का दखल देने से इनकार कर दिया है।बृजभूषण शरण सिंह ने स्पष्ट किया कि कुश्ती महासंघ के फैसलों में उनका कोई दखल नहीं है वो अब कुश्ती महासंघ के किसी भी निर्णायक की भूमिका में नहीं हैं उन्होंने कहा कि कुश्ती का मैच कहां होगा, इससे ना तो उनका कोई सरोकार है और ना ही इस विषय में वो कुछ जानते हैं।

यह विषय भारतीय कुश्ती महासंघ के अंदर आता है. वो ही तय करते हैं कि मैच कहां होंगे कहां नहीं और कौन इसमें शामिल होगा कौन नहीं होगा.।विनेश फोगाट के आरोपों को खारिज करते हुए पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा कि मैं इस समय उस गंदगी को साफ कर रहा हूं जो ये महिला अपने पीछे छोड़कर गई है उन्होंने आगे कहा कि डब्लूएफआई किसी भी खिलाड़ी को खेलने से नहीं रोक सकता,ये मैं दावे से कह सकता हूँ अगर किसी को रोका गया है तो इसका कारण उस व्य क्ति को जरूर बताया गया होगा।स्टार महिला रेस लर विनेश फोगाट को 9 मई को डब्लूएफआई ने अनुशासनहीनता और डोपिंग उल्लंघन के आरोपों पर नोटिस दिया था,जिसपर विनेश ने आरोप लगा या कि उनके पास इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी की मंजूरी लिखित में थी.जिसमें मुझे एक जनवरी से टूर्नामेंट में शामिल होने की अनुमति दी थी विनेश फोगाट ने अपनी शिकायत में आगे कहा कि गोंडा में ना तो उन्हें ट्रेनिंग दी गई और ना ही वेरिफिके शन की मंजूरी मिली है।

# बीडीओ और एपीओ के छत्रछाया में वीबी जी राम जी योजना में मची है लूट

❒ इटियाथोक ब्लॉक की ग्रामपंचायतो में एक ही फोटो से लग रही है कई श्रमिकों की हाजिरी

❒ बगाही, बखरावा, हरदाइभट पुरवा, हिन्दू नगरखास, जगतपुर, रामवांपुर नायक में लूट की खुली छूट, बिना काम के ही फर्जी मस्टर रोल तैयार कर डकारा जा रहा सरकारी धन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा योजना का नाम बदलकर विकसित भारत जी राम जी कर दि या गया है,केंद्र की मोदी सरकार का दावा है कि ना म बदलने से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी,लेकिन ना म बदलने के बाद भी धरातल पर ऐसा नहीं दिखा ई दे रहा है।

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के विकास खंड इटियाथोक,करनैलगंज और मनकापुर सहित कई विकासखंडो में फर्जीवाड़ा दिखता है।जहाँ पर लाखो रुपए की सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है और मजदूरों को रो जगार नहीं मिल रहा है।विभिन्न ब्लॉको में जांच से पता चला कि कारवाई नहीं हुई, फर्जी हाजिरी और काम करने का दिखावा किया जा रहा है,यही न हीं मंडलायुक त दुर्गा शक्ति नाग पाल डीएम प्रियं का निरंजन व सीडीओ वीबी जी राम जी योजना में में भ्रष्टाचार को लेकर काफी सख्त रूख अख्ति यार किए हुए हैं बावजूद मनबढ़ और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ग्राम प्रधान फर्जी मस्टररोल तैयार कर सरकारी धन को लूट रहे हैं।हकीकत तो यह है कि गांवों में धरातल पर कहीं काम चल ही नहीं रहा है,लेकिन कागजों में बड़ी संख्या में श्रमिकों को पसीना बहा ते हुए दिखाया जा रहा है।जिले के इटियाथोक वि कास खंड की 9 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चकभूमि समतलीकरण,तालाब की खुदाई, तालाब सौंदर्याकरण आदि कार्य वर्तमान में संचालित हैं। मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार 14 कार्यों में कुल 308,श्रमिकों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जा रही है,प्रतिदिन 77, 924 रूपए रोजगार के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं,लेकिन मनरेगा से जुड़े कर्मचा रियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के नाम पर कागज में खेला करके काम किया जा रहा है।इटियाथोक ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में ऑनलाइन मस्टर रोल में मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है,जबकि म स्टर रोल में एक ही व्यक्ति की फोटो से कई श्रमि को की हाजरी अपलोड की गई है,जिससे साफ फर्जी वाड़ा दिखाई दे रहा है।

कई मस्टर रोल में एक ही श्रमिको की फोटो अ पलोड किया जा रहा है।यहां मनरेगा के कार्यों के लिए श्रमिकों की हा जिरी कागज में लगाई गई है।ग्राम पंचायत तेजपुर, सोहिला आदि भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है।इन ग्रा म पंचायतों के अलावा कई अन्य ग्राम पंचायतें भी हैं,जहां डंके की चोट पर म नरेगा योजना को पली ता लगाया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आं खें बंद किए हुए हैं।

## कटरा बाजार पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

गोंडा। थाना कटरा बाजार पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार वादी खरजू पुत्र दयाराम नि वासी वीरुपुरवा मौजा भेडियारी थाना हुजूरपुर ज नपद बहराइच थाना कटराबाजार में लिखित तह रीर दी गयी कि उन्होने अपनी बहन की शादी 09 मई वर्ष 2022 में विपक्षी शिवकुमार पुत्र छबिला ल निवासी सूबेदार रामगढ थाना कटराबाजार जन पद गोंडा से की थी।शादी के बाद से ही उनकी बह न को उसके पति द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था,जिससे परेशान होक र दस मई 2026 को बहन ने फांसी लगा ली है, जि ससे उसकी मृत्यु हो गई,प्राप्त तहरीर के आधा र पर थाना कटराबाजार में नामजद अभियुक्त के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया था पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अ पर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय एवं क्षे त्राधिकारी करनैलगंज के नेतृत्व में पु लिस टीम ने साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी को गिरफ्ता र कर लिया है गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजीव कन्नौजिया मय टीम थाना कटरा बाजार शामिल रहे।

# पंचायत सचिवों पर गिरेगी गाज,डीपीआरओ ने दी सख्त चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में ग्राम पंचायत सचिवालयों से आमज न को मिलने वाली सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों पर अब कार्रवाई तय मानी जा रही है।डीपीआरओ लालजी दूबे ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी करते हुए सभी सहाय क विकास अधिकारियों (पंचायत) और ग्राम पंचा यत सचिवों को पंचायत भवनों से नियमित रूप से प्रमाण पत्र जारी कराने के निर्देश दिए है।

डीपीआर ओ ने चेतावनी दी है कि लापरवारी पर मई माह का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।डीपीआर ओ कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि शास न के निर्देशों के बावजूद जिले की कई ग्राम पंचाय तों में सीएससी के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी कर ने का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है।विभागी य समीक्षा में सामने आया कि जिले की कुल 11 92 ग्राम पंचायतों में से वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक केवल 431 ग्राम पंचायतों द्वारा ही प्रमा ण पत्र जारी किए गए हैं।हैरानी की बात यह है कि 761 ग्राम पंचायतों में अभी तक यह कार्य शुरू भी नहीं हो पाया है।पत्र में पंचायत सहायकों और बीएलई के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर माह कम से कम 100 प्रमाण पत्र जारी कराने के निर्देश दिए गए हैं।इनमें जन्म प्रमाण पत्र,मृत्यु प्र माण पत्र,आय प्रमाण पत्र,निवास प्रमाण पत्र, जा ति प्रमाण पत्र




और ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र शामिल हैं।विकासखंडवार समीक्षा में इटियाथोक, करनैल गंज और पंडरी कृपाल ब्लॉक की स्थिति बेहतर पाई गई,जबकि कई विकासखंडों में कार्य संतोष जनक नहीं मिला।डीपीआरओ लालजी दूबे ने चे तावनी देते हुए कहा कि मई माह तक जिन ग्राम पंचायतों में प्रमाण पत्र जारी नहीं होंगे,वहां कार्यर त संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोक दि या जाएगा।

### काम न करने वाली कार्यकत्रियों की संविदा होगी समाप्त

मनकापुर ब्लाक सभागार में बाल विकास परियो जनाधिकारी रमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया।उन्होंने कहा कि जिस कार्यकत्री के काम में लापरवाही मिली उसे नोटिस देने के बाद संविदा समाप्त करने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी। बैठक में ब्लॉक की समस्त आंगनबाडी कार्यकत्रियों के कार्यों की समीक्षा की गई।जिन आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों के कार्यों में शिथिलता पाई गई।उन्हें कडी फटकार लगाते हुए शासन की मंशानुसार काम पू रा करके पोर्टल पर अपलोड करने की हिदायत दी गई।सीडीपीओ ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की समीक्षा के दौरान सभी गांवों से लाभार्थियों का आवेदन लेकर योजना का लाभ दिलवाने का निर्दे श दिया।कहा कि इस योजना में कोताही कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा।अपार आईडी बनवाने पर विशेष जोर देने के साथ समुदाय आधारित गतिविधियों को सम्पन्न कराने का निर्देश दिया।

# एक्ट्रेस नविना बोले ने खुशी खान को पहनाया मिस बहराइच का ताज

❒ नवाबगंज की खुशी खान के सिर सजा मिस बहराइच-2026 का ताज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नवाबगंज की खुशी खान के सिर सजा मिस बहराइच 2026 का ताज बहराइच जनपद के नवाबगंज क्षेत्र की प्रतिभाशाली मॉडल खुशी खान ने लखनऊ में आयोजित मदर्स डे सेलिब्रेशन एंड अवार्ड शो सीजन-3 में मिस बहराइच 2026 का खिताब जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में खुशी खान ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और शानदार प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। खुशी खान, रज्जन खान की पुत्री हैं और मॉडलिंग की दुनिया में लगातार अपनी पहचान बना रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीवी अभिनेत्री नवीना




बोले मौजूद रहीं। विजेता घोषित होने के बाद नविना बोले ने खुशी खान को सम्मानित कर ताज पहनाया। प्रतियोगिता में खुशी खान की आकर्षक ड्रेस भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रही उनकी ड्रेस को नानपारा स्थित अली बुटीक में विशेष रूप से डिजाइन किया गया था। ड्रेस डिजाइनर इमरान मंसूरी ने बेहद कम समय में मेहनत करते हुए मात्र 25 मिनट में ड्रेस को तैयार कर अंतिम रूप दिया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन प्लास्टिक फ्री इंडिया कैंपेन के अंतर्गत किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खुशी खान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, सहयोगियों और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में वह मॉडलिंग और अभिनय के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाना चाहती हैं। खुशी खान की इस उपलब्धि से नवाबगंज सहित पूरे बहराइच जनपद में खुशी का माहौल है।

# अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरूद्ध होगी प्रवर्तन की कार्यवाही

❒ अनाधिकृत स्टैण्डों के विरूद्ध भी होगी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । बहराइच-हुजूरपुर मार्ग एवं बहराइच-महसी-बौण्डी मार्ग पर संचालित परमिटधारी निजी बसों के संचालकों को अनाधिकृत बैट्री ई-रिक्शा व टैम्पों के संचालन से हो रही आर्थिक क्षति के साथ साथ प्रभावित हो रही सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों तथा हुजूरपुर एवं महसी-बौण्डी प्राईवेट बस यूनियन के अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ बैठक करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि दोनों मार्गो पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित यात्री वाहनों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। डीएम ने कहा कि बिना परमिट अथवा नियमों के विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कठोर प्रवर्तन कार्रवाई अमल में लाई जाये।बैठक के



दौरान बहराइच-हुजूरपुर एवं महसी-बौण्डी प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि निर्धारित स्टैंडों के अलावा अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से ई-रिक्शा, टैम्पो व अन्य यात्री वाहनों के सवारियां बैठाने से जहां एक ओर यातायात अवरूद्ध होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है वहीं दूसरी ओर परमिटधारी वाहनों के हित भी प्रभावित होते हैं। इस सम्बन्ध में डीएम श्री त्रिपाठी ने पुलिस व यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध रूप से स्थापित स्टैण्डों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें ताकि मार्गो को अव्यवस्था व जाम की स्थिति से निजात मिल सके।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, क्षेत्राधिकारी यातायात पुलिस, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), यात्रीकर अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी सहित यातायात पुलिस एवं विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

## 08 लाभार्थियों को मिलेगी मोटराईज़्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन

बहराइच । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि दोना पत्तल बनाने वाले कारीगरों एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को रोज़गार के अवसर प्रदान किये जाने के उद्देश्य से वर्ष 2026-27 में 08 अभ्यर्थियों को मोटराईज़्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन का वितरण किया जाना है। योजना से सम्बन्धित कारीगर जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य है विभागीय वेबसाइट यूपीकेबीआईबी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से आनलाइन आवेदन करते हुए आधार कार्ड, जातिएवं निवास प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड व बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ भरे हुए आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बहराइच में 15 जून 2026 तक जमा कर सकते हैं।

# ऋण वसूली के लिए अभियान संचालित करेंगा अल्पसंख्यक विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रू. 377.92 लाख़ का ऋण दिया गया था, समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रू. 1893.55 लाख़ हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद. भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की गई है।श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों

❒ टर्मलोन योजना 1094 ऋणधारकों पर बकाया हैं रू. 1893.55 लाख

निर्देशित किया है कि 25 मई 2026 तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू-राजस्व की भांति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने बताया कि बकाया धनराशि जमा न कराये जाने की दशा में ऋणधारक की सम्पत्ति अथवा गारन्टरों से बकाया ऋण वसूल करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## हमीरपुर में सियासी घमासान, नगर पालिका अध्यक्ष के बिगड़े बोल

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले की राजनीति में एक बार फिर बयानबाजी ने माहौल गरमा दिया है। समाजवादी पार्टी के महोबा-हमीरपुर सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को हमीरपुर शहर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए सांसद का पुतला दहन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद के तीखे बयान ने राजनीतिक तापमान और बढ़ा दिया।नगर पालिका परिसर स्थित अंबेडकर पार्क में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। यहां से सांसद अजेंद्र सिंह लोधी की तस्वीर लगे पुतले के साथ जुलूस निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए बस स्टैंड पहुंचकर जमकर नारेबाजी की।

## प्रवक्ता परीक्षा-2022 की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी,18 मई तक ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे आपत्तिया

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने मंगलवार को बताया है कि आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 02/2022 के अंतर्गत आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा, जो 09 एवं 10 मई को सम्पन्न हुई थी, उसके सभी विषयों की मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आज आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in पर जारी कर दी गई है।उन्होंने बताया कि भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, शिक्षा, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला सहित सभी विषयों की प्रोविजनल उत्तरकुंजी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

# बड़े मंगलवार पर नगर में जगह-जगह सजे भंडारे, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा और भक्ति के साथ विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। मंदिरों एवं प्रमुख संस्थानों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर, वर्मा होंडा एजेंसी तथा गांधी पार्क में रस्तोगी बंधुओं द्वारा भव्य भंडारों का आयोजन किया गया। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर समिति की सचिव डॉ. वीरांगना कान्त ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे से शिवांगी श्रीवास्तव के सौजन्य से उनके पति विशाल कुमार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में



विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शाम की आरती से पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा बूंदी, गुड़ और चना प्रसाद का वितरण हुआ। सॉफ्ट पेटल एकेडमी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गीता श्रीवास्तव ने श्रद्धालुओं को बूंदी प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर संतोष पाण्डेय, राम गोपाल मिश्रा, रानी पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, केतकी सिंह, शैलेन्द्र कुमार एवं अरुणेंद्र कान्त सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं गांधी पार्क में बनारसी रस्तोगी के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान राजन रस्तोगी, रवि रस्तोगी एवं समस्त रस्तोगी परिवार मौजूद रहा। इसके अलावा वर्मा होंडा एजेंसी पर भी दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा, अधिकारी से अभद्रता करने पर प्रधानपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतापुर गांव में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया था अवैध खनन

पूरनपुर। अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने अपना अभियान तेज कर दिया है मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के भगवन्तापुर गांव में जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह की अगुवाई में की गई छापेमारी के दौरान अवैध मिट्टी का बड़ा मामला सामने आया कार्रवाई के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने और खनन अधिकारी से अभद्रता करने के आरोप में मुझा निवासी प्रधानपति व खनन माफिया इकरार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह को सूचना मिली कि पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव भगवंतापुर गांव में बिना अनुमति बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए खनन अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और देखा कि 'घसीटा मशीन' के माध्यम से जमीन से मिट्टी निकाली जा रही थी।जांच के दौरान पता चला कि यह खनन कार्य बिना किसी वैध अनुमति के कराया जा रहा था।प्रशासनिक टीम ने तत्काल खनन कार्य रुकवाया और मशीन को कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू कर दी इसी दौरान आरोपी प्रधानपति इकरार मौके पर पहुंच गया और कार्रवाई का विरोध करने लगा प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इकरार ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करते हुए जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह के साथ अभद्र व्यवहार किया आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया स्थिति तनावपूर्ण होती देख प्रशासनिक टीम ने तत्काल पुलिस को सूचना दी खनन अधिकारी सुभाष सिंह ने पूरे मामले की लिखित शिकायत पूरनपुर थाना पुलिस को दी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी इकरार के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, अभद्रता करने और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी प्रधानपति इकरार लंबे समय से क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों से जुड़ा हुआ है।उसके खिलाफ पहले भी कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन इस बार प्रशासन ने सीधे मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है।प्रशासन की इस सख्ती को अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।कार्रवाई के बाद जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि जो लोग कानून को हाथ में लेने या सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास करेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने यह भी कहा कि खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद पूरनपुर क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद । न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर न्यायालय ने अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना शिकोहाबाद क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी 29 सितंबर 2024 को बाजार स्टेशनरी का सामान लेने है थी। उसके बाद वह लौटकर नहीं आई।काफी तलाश के बाद किशोरी की मां ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने किशोरी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने किशोरी को सोनीपत से बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे ले जाने वाले फैसल अब्बासी पुत्र निजाम निवासी आवास विकास को भी गिरफ्तार कर लिया।

### बड़े मंगल पर सरस्वती विद्या मंदिर में भव्य भंडारा, छात्र संसद चुनाव भी सम्पन्न

पूरनपुर। नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में बड़े मंगल के पावन पर्व पर मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं और विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, कमल किशोर गुप्ता, डॉ. रवि गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल, हर्ष गुप्ता, नितिन गुप्ता, गौरव गुप्ता, सुभाष मिश्रा, रीना गुप्ता, मोनिका गुप्ता, मधु मिश्रा, मीनाक्षी गुप्ता, कृतिका गुप्ता तथा प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा सहित विद्यालय परिवार के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारी भाई-बहनों का विशेष सहयोग रहा धार्मिक आयोजन के साथ-साथ विद्यालय में छात्र संसद चुनाव भी संपन्न कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से छात्र सांसदों का चयन किया गया प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने चयनित छात्र सांसदों को जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए मार्गदर्शन दिया इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और अनुशासन का माहौल बना रहा हैं।

### नीट परीक्षा रद्द होना भाजपा सरकार की शिक्षा व्यवस्था की विफलता : नोमान अली वारसी



**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी छात्र सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ने नीट 2026 परीक्षा रद्द होने पर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ परीक्षा रद्द होने का मामला नहीं, बल्कि देश के लाखों युवाओं के सपनों और मेहनत के साथ खिलवाड़ है।वारसी ने कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर भविष्य के लिए तैयारी की थी। किसी पिता ने कर्ज लेकर कोचिंग कराई, किसी माँ ने गहने बेचकर बच्चों के सपनों को संजोया। लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की, लेकिन सरकार की लापरवाह व्यवस्था ने उन्हें पेपर लीक, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का दर्द दिया।उन्होंने आरोप लगाया कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहा है। हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं, जबकि मेहनती छात्र मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता का शिकार बनते हैं। यह सरकार शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।वारसी ने कहा कि प्रधानमंत्री का तथाकथित ‟अमृतकाल" युवाओं के लिए ‟विषकाल" बनता जा रहा है, जहां मेहनत करने वाले छात्र निराश हैं और व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हो रहा है।उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत व पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू की जाए।

### नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन ने लगाया जनता दरबार सुनीं जनसमस्याएं

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने देवतुल्य जनता से आत्मीय भेंट कर जन-सुनवाई की इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें उनके समक्ष रखीं चेयरमैन ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनकी प्राथमिकता है और नगरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा जन-सुनवाई के दौरान सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई चेयरमैन ने भरोसा दिलाया कि नगर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद आम जनता के लिए सदैव खुली है और प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने स्व जनगणना का किया कार्य

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार द्वारा चल रहा स्व गणना कार्यक्रम को शिक्षकों ने विशेष अभियान चला रखा है जैसा कि आदेश में स्व जनगणना कार्यक्रम दिनांक 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक चलना है इसी के अनुसार पूरन पुर विकास खंड के कंपोजिट स्कूल गढ़ा कला के शिक्षक स्व जनगणना अभियान को बड़ी मेहनत और लगन के साथ पूरा करने मे लगे हैं पहले खुद अपनी फिर स्टाफ की और रसोइया की स्व जनगणना कराने के बाद आज से ग्राम के लोगों की स्व जनगणना करवानी शरू की है उक्त स्कूल के शिक्षक एवं.नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह अपने स्टाफ के साथ ग्राम में शिक्षण कार्य के बाद घर घर जाकर लोगों की स्व जनगणना कर रहे हैं और उन्हें खुद करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं और उनकी जानकारी लेकर स्व जनगणना में दिए लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं उनके साथ अध्यापक सोहन भी साथ में है और इस अभियान का प्रचार-प्रसार करने मे मदद कर रहे हैं श्री हुकूम सिंह ने कहा कि समस्त स्टाफ को जो लक्ष्य दिया उसको 21 मई 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

# हाथा बाबा के पास युवक का शव मिलने से सनसनी कोर्ट से लौटने के बाद लापता हुआ था महेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया सूचना पर शाहगढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी

पूरनपुर। थाना माधोटांडा क्षेत्र के करनापुर गांव स्थित हाथा बाबा के पास मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई मृतक की पहचान थाना घुघंचाई क्षेत्र के गांव लुकटियाई निवासी महेश कुमार के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया सूचना पर शाहगढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे पिता रामचन्द्र ने शव की पहचान अपने बेटे महेश कुमार के रूप में की इकलौते बेटे का शव देखकर पिता बदहवास हो गए, वहीं मां जगो देवी और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है परिजनों के अनुसार सोमवार को महेश कुमार अपने पिता रामचन्द्र के साथ पीलीभीत कोर्ट गया था बताया जा रहा है कि वहां उसकी पत्नी के साथ किसी मामले को लेकर समझौता हुआ था कोर्ट परिसर से निकलने के बाद महेश ने अपने पिता से कहा कि आप घर चलो, मैं बाद में आता हूं इसके बाद वह अलग चला गया परिजनों का कहना है कि देर रात तक जब महेश घर नहीं पहुंचा तो परिवार को चिंता होने लगी काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा मंगलवार सुबह पुलिस ने सूचना दी कि हाथा बाबा के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है सूचना मिलते ही परिवार मौके पर पहुंचा, जहां शव की पहचान महेश कुमार के रूप में हुई ग्रामीणों के मुताबिक शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर हर पहलू से जांच कर रही है फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी परिजनों के मुताबिक महेश कुमार अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार में पिता रामचन्द्र, मां जगो देवी और एक बहन हैं महेश की शादी शाहगढ़ गांव में हुई थी युवक की अचानक मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है माधोटांडा पुलिस का कहना है कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है

# महिला शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ पीलीभीत की जिलाध्यक्ष अनीता तिवारी ने आगामी 16 मई को महिला शिक्षकों हेतु वट सावित्री व्रत के अवकाश का अनुरोध करते हुए एक ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह को प्रेषित किया।ज्ञापन के माध्यम से इस पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अवकाश करने को कहा गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश स्तर पर भी प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से इस अवकाश हेतु ज्ञापन दिया है। यह पर्व अब तक ग्रीष्मकालीन अवकाश में होता था जिस कारण इसकी आवश्यकता नहीं हुई। इस बार विद्यालय खुले हैं तो महिलाओं की समस्या और पर्व की महत्ता को देखते हुए अवकाश हेतु ज्ञापन की आवश्यकता हुई। अवकाश होने से सुहागन स्त्रियाँ व्रत और अनुष्ठान सहजता से कर सकेंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ संगठन मंत्री प्रागी अग्रवाल, महामंत्री आराधना कश्यप आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं हैं।

### नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता की पुत्री बनीं डॉक्टर,घर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता के परिवार में उस समय खुशी और गर्व का माहौल छा गया, जब उनकी पुत्री डॉ. निमिषा बिरला ने श्री राम मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के साथ इंटर्नशिप समाप्त कर घर वापसी की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उनका जोरदार स्वागत किया डॉ. निमिषा बिरला के घर पहुंचते ही परिजनों ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया बुके, मालाओं और शुभकामनाओं के बीच परिवार की खुशी देखते ही बन रही थी इस खास अवसर पर केक काटकर खुशियां मनाई गईं और परिवार के लोगों ने बेटी की सफलता को एक यादगार पल बताया नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि बेटी की मेहनत, लगन और समर्पण ने परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है उन्होंने बताया कि डॉक्टर बनना केवल एक पेशा नहीं बल्कि समाज सेवा का माध्यम है और उन्हें विश्वास है कि डॉ. निमिषा बिरला अपने ज्ञान और सेवा भाव से लोगों की मदद करेंगी परिवारजनों ने ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर सफलता की कामना की इस उपलब्धि पर नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।

### फोन करने के बहाने युवक का मोबाइल लेकर फरार, पुलिस जांच में जुटी

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**नगर में मोबाइल ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं मंगलवार को कोतवाली रोड स्थित दिल्ली जूस कॉर्नर के पास एक युवक से फोन करने के बहाने मोबाइल लेकर अज्ञात युवक फरार हो गया जानकारी के अनुसार गांव चतीपुर निवासी विनीत पुत्र मुकेश कुमार बैंक का कार्य निपटाने के लिए पूरनपुर आया था बताया जाता है कि वह कोतवाली रोड पर दिल्ली जूस कॉर्नर एवं डॉ. मुकेश मिश्रा के क्लीनिक के बाहर खड़ा था इसी दौरान एक अज्ञात युवक उसके पास पहुंचा और जरूरी कॉल करने की बात कहकर मोबाइल मांग लिया पीड़ित के अनुसार युवक मोबाइल लेकर कुछ दूर जाने की बात कहकर मौके से फरार हो गया काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ कर छानबीन शुरू कर दी नगर में लगातार हो रही मोबाइल ठगी की घटनाओं से लोगों में चिंता बनी हुई है।

# पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ कानून व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र के निर्देशन में पुलिस लाइन पीलीभीत में सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया बैठक में एडिशनल एसपी विक्रम दहिया, नताशा गोयल सहित जिले के सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे गोष्ठी के दौरान जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर विशेष जोर दिया बैठक में गौकशी, अवैध शराब कारोबार और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश भी दिए गए पुलिस अधिकारियों से कहा गया कि संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए तथा अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर लगे एएट्ठु कैमरों को सक्रिय एवं सुचारु रखने के निर्देश दिए गए, ताकि अपराध नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके पुलिस अधीक्षक ने जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर भी जोर देते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर समयबद्ध कार्रवाई की जाए उन्होंने थाना प्रभारियों को जनता के साथ बेहतर संवाद बनाए रखने और पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने के निर्देश दिए गोष्ठी में आगामी कानून व्यवस्था संबंधी चुनौतियों, अपराध नियंत्रण रणनीति तथा पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर विस्तार से चर्चा की गई हैं।

# प्रेमी के शादी से इनकार पर पानी की टंकी पर चढ़ी किशोरी, घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। माधोटांडा क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किशोरी गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गई बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग में युवक द्वारा शादी से इनकार किए जाने से आहत होकर किशोरी ने यह कदम उठाया और जान देने की धमकी देने लगी किशोरी के टंकी पर चढ़ने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलते ही माधोटांडा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची पुलिसकर्मियों ने काफी देर तक किशोरी को समझाने का प्रयास किया घंटों चली मशक्कत और समझाइश के बाद पुलिस टीम उसे सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रही प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक किशोरी का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था युवक द्वारा शादी से इनकार करने के बाद वह मानसिक रूप से परेशान थी इसी तनाव में उसने आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की थाना अध्यक्ष अशोक पाल ने बताया कि किशोरी को फिलहाल थाने लाया गया है उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए उसे अभी परिजनों के सुपुर्द नहीं किया गया है उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ टीम द्वारा किशोरी की काउंसलिंग कराई जा रही है, ताकि भविष्य में वह ऐसा कोई कदम न उठाए सुरक्षा मानकों और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उसे घर भेजा गया हैं।

### बड़े मंगलवार पर राष्ट्रीय हनुमान दल ने लगाया मीठा जल सेवा शिविर

पीलीभीत। ज्येष्ठ माह के पावन 'बड़े मंगलवार' के अवसर पर राष्ट्रीय हनुमान दल, पीलीभीत द्वारा भीषण गर्मी में राहगीरों की सेवा हेतु मीठा जल सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम आदिश्वर नाथ मंदिर के समीप काशीराम बारात घर के पास आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने शीतल जल, शरबत और मौसमी फलों का वितरण कर पुण्य लाभ अर्जित किया राष्ट्रीय हनुमान दल के जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि संगठन प्रत्येक वर्ष ‟सेवा परमो धर्मः के भाव के साथ ज्येष्ठ माह में मीठा जल सेवा का आयोजन करता है उन्होंने कहा कि तपती गर्मी में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना मानवता की सच्ची सेवा है कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को ठंडा पानी, शरबत एवं फल वितरित किए गए सेवा शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धार्मिक उत्साह के साथ सेवा कार्य में सहयोग किया इस अवसर पर जिला संरक्षक जगदीश सक्सेना, विजय जायसवाल, जिला महामंत्री संगठन संतोष मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राहुल गजवानी, जिला प्रवक्ता रामानुज अवस्थी, जिला सह संयोजक आदित्य ओझा, जिला संयोजक राकेश मौर्य, नगर अध्यक्ष संजीव कुमार, नगर महामंत्री आलोक कश्यप, तहसील अध्यक्ष अर्पित सक्सेना, शिवम कश्यप सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन पर सभी ने बजरंगबली से जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

### बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण की उठी मांग, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पर्यटन मंत्री को लिखा पत्र

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण की मांग अब शासन स्तर तक पहुंच गई है ग्राम पंचायत हरीपुर ता. चांदपुर स्थित बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर को वंदन योजना के अंतर्गत विकसित कराने हेतु केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है भाजपा मंडल महामंत्री अचलेन्द्र मिश्र 'अचल' द्वारा केंद्रीय मंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर बताया गया था कि बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है उन्होंने मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य को वंदन योजना के तहत कराए जाने की मांग की थी केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने 11 मई 2026 को भेजे अपने पत्र में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से कहा कि ग्राम पंचायत हरीपुर ता. चांदपुर स्थित बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर का नियमानुसार सौंदर्यीकरण कराया जाए पत्र में उन्होंने मंदिर के धार्मिक महत्व को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि मंदिर का सौंदर्यीकरण होता है तो श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# डीएम ने अमेठी के स्क्वाड्रन लीडर सुबोध दीक्षित को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। देश सेवा केवल वर्दी तक सीमित नहीं होती बल्कि राष्ट्रहित के लिये निरंतर समर्पण ही सच्ची देशभक्ति का परिचायक होता है। इसी भावना को चरितार्थ कर रहे हैं अमेठी में स्थित इंडो रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी सेवानिवृत्त स्क्वाड्रन लीडर सुबोध दीक्षित जिन्होंने भारतीय वायु सेना में वर्षों तक उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद अब समाज, प्रशासन और राष्ट्रहित के मुद्दों पर अपनी लेखनी एवं शोध कार्यों के माध्यम से योगदान देना जारी रखा है। स्क्वाड्रन लीडर सुबोध दीक्षित ने हिंदी भाषा में ‟ड्रोन तकनीक : राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत" शीर्षक पुस्तक लिखकर एक नया इतिहास रच दिया है। यह पुस्तक न केवल ड्रोन तकनीक को सरल हिंदी भाषा में आमजन तक पहुंचाती है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वरोजगार, तकनीकी आत्मनिर्भरता और युवाओं के लिये नये अवसरों के द्वार भी खोलती है। हिंदी जैसी सरल भाषा में इस जटिल विषय को प्रस्तुत करना उनकी दूरदर्शिता और समाज के प्रति संवेदनशील सोच को दर्शाता है। आज उन्होंने अपनी पुस्तक जिलाधिकारी संजय चौहान को भेंट की जिस पर जिलाधिकारी ने उनकी सराहना करते हुये इसे समाजोपयोगी एवं युवाओं के लिये प्रेरणादायी प्रयास बताया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि जिस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर सुबोध दीक्षित अपने सैन्य अनुभवों को समाजहित और जनजागरूकता के कार्यों में परिवर्तित कर रहे हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि तकनीकी विषयों को सरल हिंदी भाषा में उपलब्ध कराना एक बड़ा सामाजिक योगदान है जिससे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवा भी नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

# नर्सिंग सप्ताह में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। केएनआईएमटी के नर्सिंग विभाग में अंतरार्ष्ट्रीय नसेर्ज दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कायर्क्रम की शुरूआत निदेशक डा. महेश प्रसाद और प्रशासक राजेश कुमार दूबे द्वारा मां सरस्वती, फ्लोरेंस नाइटिंगल और संस्थान के संस्थापक बाबू केदार नाथ सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यापर्ण कर की गयी। शिव स्तुती जीएनएम द्वितीय वषर् की छात्रा ईशी पाण्डेय ने प्रस्तुत किया। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, फरीदीपुर कैंपस में मंगलवार को अन्तरार्ष्ट्रीय नसेर्ज दिवस मनाया गया। डा. महेश प्रसाद ने कहा कि हेल्थ केयर सिस्टम में नसर् की भूमिका अहम होती है। नसर् निस्वाथर् भाव से सेवा करती हैं। नसर् मरीजों की सेवा एक 'मां' के रुप में करती है। उन्होंने कहा कि एक नसर् डेडिकेशन, प्राइजलेस और एफटर्लेस के साथ काम करती हैं जिसे और कोई नहीं कर सकता है। इसके बाद नर्सिंग संकाय के प्रधायापिकाओं एवं छात्राओं द्वारा 'हमारी नसेंर्, हमारा भविष्य' थीम को ध्यान में रखते हुए कायर्क्रम को आगे बढ़ाया गया। कायर्क्रम का संचालन अचर्ना यादव ने किया। नर्सिंग सप्ताह में आयोजित पोस्टर मेकिंग एण्ड प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में जीएनएम तृतीय वषर् की आयार् मौयार् प्रथम रहीं। वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जीएनएम तृतीय वषर् की मानषी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मेंहदी प्रतियोगिता में जीएनएम प्रथम वषर् की अनुराधा को प्रथम स्थान मिला। रंगोली प्रतियोगिता में जीएनएम तृतीय वषर् की शिवानी गुप्ता अव्वल रहीं। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को डायरेक्टर डा. महेश प्रसाद व प्रशासक राजेश दूबे ने स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कायर्क्रम के आयोजन पर निदेशक डा. महेश प्रसाद और प्रशासक राजेश दूबे द्वारा कायर्क्रम के कुशल आयोजन पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रशिक्षिकाएं आंचल मिश्रा, चन्द्रावती दूबे, सुरभी सिंह, प्रांजलि देवी, खुशबू, हीना परवीन, आयार् त्रिपाठी, दिव्यांशी शुक्ला, ऋचा सिंह, निधि जायसवाल, विभा यादव, मृदुला पांडेय, तारा देवी, आदि मौजूद रही।

### संग्रामपुर पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त चार ट्रैक्टर किया सीज

अमेठी। थाना संग्रामपुर पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त तीन ट्रैक्टर मय ट्राली व एक टैक्टर मय मिट्टी खुदाई मशीन को सीज कर दिया है। पुलिस की सख्ती से इस कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली मच गई है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा अवैध खनन करने वाली तीन ट्रैक्टर मय ट्राली व एक ट्रैक्टर मय मिट्टी खुदाई मशीन को कब्जे में लिया गया। ट्रैक्टर चालकों से खनन अनुमति व उपरोक्त वाहन संबंधित प्रपत्र मांगने पर दिखा नही सके। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा तीन ट्रैक्टर मय ट्राली व एक ट्रैक्टर मय मिट्टी खुदाई मशीन को कब्जे में लेकर एमवी एक्ट में नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### डूब रहे तीन बच्चों को बचाने वाले 13 वर्षीय राजकुमार को मिला बाल वीरता पुरस्कार

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर बेलहरी गांव में गोमती नदी में डूब रहे तीन किशोरों की जान बचाने वाले 13 वर्षीय बालक राजकुमार निषाद को मंगलवार को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने राजकुमार को 'बाल वीरता पुरस्कार' प्रदान कर उसके साहस और सूझबूझ की सराहना की। जानकारी के अनुसार 5 मई 2026 को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर बेलहरी गांव के तीन बच्चे गोमती नदी किनारे मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। पास में भैंस चरा रहे 13 वर्षीय राजकुमार पुत्र रामलाल ने बच्चों को संकट में देखा तो बिना अपनी जान की परवाह किए नदी में छलांग लगा दी। राजकुमार ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक-एक कर तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में उसकी बहादुरी की चचार् होने लगी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में अधिकारियों ने राजकुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर प्रशासन और पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### तहसील गौरीगंज में द्वितीय बड़े मंगल पर भण्डारे में डीएम ने बांटा प्रसाद

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ मास के द्वितीय बड़े मंगल पर तहसील गौरीगंज प्रशासन द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू एवं अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान ने बड़े मंगल के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, सेवा भावना और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को बड़े मंगल की शुभकामनाएं देते हुये जनकल्याण एवं सुख समृद्धि की कामना की। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आमजन ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण बना रहा। तहसील प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्तागण एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# संवेदना से सुधरेंगे, केदारनाथ यात्रा के संकट

केदारनाथ समुद्र तल से करीब 11,750 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। मंदाकिनी नदी इसकी सीमा पर है। वर्ष 2026 के 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के ग्यारह दिन पहले मंदिर के पीछे के ग्लेशियल क्षेत्र से भारी भूस्खलन हुआ है। गौरीकुंड से केदारनाथ तक के पैदल मार्ग में आती बाधाओं को दूर किया जा रहा है। वर्ष 2024 के 30 जून को केदारनाथ मंदिर के दर्शन के लिए आये श्रद्धालुओं ने पांच बजे सुबह बर्फ की बौछार मंदिर के पीछे गांधी सरोवर के क्षेत्र में देखी। कुछ का कहना था कि उन्हें लगा बर्फ के पहाड़ ही टूट गये हों। वर्ष 2022-23 में भी कहते हैं ऐसा हुआ था। जून-जुलाई 2024 का संदर्भ हो या आज का अथवा केदारनाथ महा त्रासदी 2013 का, केदारनाथ पैदल मार्ग के पास के क्षेत्रों में पारिस्थितिकीय जोखिमों में बढ़ोत्री ही हो रही है। 31 जुलाई 2024 को लिंचौली जंगल चट्टी के ऊपर बादल विस्फोट से लिंचौली व भीमबली में बेहद खौफनाक मंजर दिखा था। केदारनाथ से गौरीकुंड के बीच हजारों यात्री फंसे हुये थे। लिंचौली में फंसे यात्री ज्यादा मुसीबत में थे क्योंकि न सिर्फ मंदाकिनी नदी, बल्कि बगल के पहाड़ से आता नाला भी पानी के साथ मलवा ला रहा था। ऐसी घटनाओं को आम कहने का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। पूरा तंत्र ऐसे बयान देने लगता है। यदि ये सामान्य हो गई हैं, तो जलवायु बदलाव के दौर में केदारनाथ धाम की सुरक्षा के लिये विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, लेकिन अब इतनी सुविधायें जुटा ली गई हैं कि प्रतिदिन वहां बीस-पच्चीस हजार यात्री समा सकते हैं। इतने ही रास्तों पर भी रहते हैं। इससे सीमित क्षेत्र में हजारों इंसानों की उपस्थिति व गतिविधि से शहीट आइलैंड्सश बनने की संभावनायें बढ़ी हैं। खुद यात्री कहते हैं अब तेज धूप झेलना मुश्किल होता है। पता नहीं केदारनाथ के तापक्रम परिवर्तन पर अलग से अध्ययन हुये हैं कि नहीं, किन्तु पूरे हिंदुकुश हिमालय पर ही जलवायु बदलाव के खतरे बढ़े हैं। पश्चिमोत्तर हिमालय में 1991 के बाद औसत तापमान 0.66 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ गया है। हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने की दर दुगुनी हो गई है और पहाड़ बर्फ-विहीन हो रहे हैं, परन्तु केदारनाथ जैसी जगहों के आसपास यदि ये होता है तो हम वैश्विक वजहों से इसे होना नहीं कह सकते। वैश्विक कारणों के साथ उन पर स्थानीय आघाती कारण भी जुड़ रहे हैं। फरवरी 2021 में नीति घाटी में ग्लेशियर टूटने से धौली गंगा में भारी बाढ़ आई थी। केदारपुरी जिस भूखण्ड में बसी है उसके नीचे हिमोड और भूस्खलनों का मलबा है। इस क्रम में यहां के शड्रैनेज पैटर्नश पर भूमिगत जल-प्रवाह, भण्डारित जलराशि की स्थिति व शसरफ़ेस रनऑफश के पैटर्न व आंकड़ों का अध्ययन करिये। इन विश्लेषणों से समझा जा सकता है कि भू-धंसाव के जोखिम के बीज तो यहां ही जम रहे हैं। तेज बारिश में तात्कालिक रिसाव से भले ही बच जायें, परन्तु जमीन में जल का रिसाव भूमिगत मिटटी, चट्टानों की दरारों, अपभ्रंशों आदि की मार्फत कमजोर करता है। ऐसे में भूस्खलन व भू-धंसाव की समस्या बढ़ जाती है। हेलीकॉप्टरों की आवाजाही भी यहां काफी हो रही है, निर्माण कार्यों का भार भी बढ़ रहा है। भूकम्प सक्रिय क्षेत्र तो यह है ही। सेवानिवृत्त मेजर जनरल भुवनचंद्र खंडूरी मुख्यमंत्री से पहले एक विशेषज्ञ इंजीनियर थे। महाआपदा के बाद सितम्बर 2013 में जब कांग्रेस की राज्य सरकार ने केदारनाथ विकास प्राधिकरण बनाने की मंशा जाहिर की तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि 2008 में उनकी सरकार ने केदारनाथ, बदरीनाथ के आसपास निर्माणों पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। जरूरत यह भी है कि मंदाकिनी नदी के फ्लड-जोन से छेड़छाड़ न हो। यह हिम-पोषित नदी है। दिसम्बर, जनवरी, फरवरी में गिरी बर्फ इसके लिये महत्वपूर्ण होती है।

# बढ़ते अपराध और अपराधमुक्त समाज निर्माण की चुनौती

**वर्ष 2024 के अपराध आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर चाहे जितनी प्रगति कर रहा हो, लेकिन सामाजिक और नैतिक स्तर पर अनेक गंभीर चुनौतियों से घिरा हुआ है। जब देश में हर 17 मिनट में हत्या, हर पांच मिनट में अपहरण, हर 18 मिनट में बलात्कार और लगभग हर दो मिनट में आर्थिक अपराध या धोखाधड़ी हो रही हो, तब यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह पूरे सामाजिक ढांचे, नैतिक मूल्यों और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। आज हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विश्वगुरु भारत का सपना देख रहे हैं। लेकिन यह सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज भयमुक्त, हिंसामुक्त और अपराधमुक्त बने। अपराधों से ग्रस्त समाज कभी स्वस्थ, संतुलित और आदर्श समाज नहीं बन सकता। यदि समाज का वातावरण असुरक्षा, भय, अविश्वास और हिंसा से भरा होगा, तो विकास की सारी योजनाएं खोखली सिद्ध होंगी। एनसीआरबी के आंकड़े हमें चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते अपराधों की जड़ों को नहीं पहचाना गया और उन पर कठोर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह स्थिति भविष्य में और अधिक विस्फोटक हो सकती है। विशेष चिंता का विषय महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध हैं। राजस्थान का लगातार छठे वर्ष महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में शीर्ष पर बने रहना अत्यंत चिंताजनक है। बलात्कार के मामले में यह पहले स्थान पर, जबरन गर्भपात में दूसरे और भ्रूण हत्या में तीसरे स्थान पर है। विवाह के लिए महिलाओं के अपहरण के मामलों में भी राजस्थान चैथे नंबर पर है।**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़े केवल सांख्यिकीय दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे हमारे समाज के उस अंधेरे और भयावह चेहरे को सामने लाते हैं, जिसे अक्सर विकास, आधुनिकता और राजनीतिक उपलब्धियों की चमक में छिपा दिया जाता है। वर्ष 2024 के अपराध आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर चाहे जितनी प्रगति कर रहा हो, लेकिन सामाजिक और नैतिक स्तर पर अनेक गंभीर चुनौतियों से घिरा हुआ है। जब देश में हर 17 मिनट में हत्या, हर पांच मिनट में अपहरण, हर 18 मिनट में बलात्कार और लगभग हर दो मिनट में आर्थिक अपराध या धोखाधड़ी हो रही हो, तब यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह पूरे सामाजिक ढांचे, नैतिक मूल्यों और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। आज हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विश्वगुरु भारत का सपना देख रहे हैं। लेकिन यह सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज भयमुक्त, हिंसामुक्त और अपराधमुक्त बने। अपराधों से ग्रस्त समाज कभी स्वस्थ, संतुलित और आदर्श समाज नहीं बन सकता। यदि समाज का वातावरण असुरक्षा, भय, अविश्वास और हिंसा से भरा होगा, तो विकास की सारी योजनाएं खोखली सिद्ध होंगी। एनसीआरबी के आंकड़े हमें चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते अपराधों की जड़ों को नहीं पहचाना गया और उन पर कठोर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह स्थिति भविष्य में और अधिक विस्फोटक हो सकती है। विशेष चिंता का विषय महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध हैं। राजस्थान का लगातार छठे वर्ष महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में शीर्ष पर बने रहना अत्यंत चिंताजनक है। बलात्कार के मामले में यह पहले स्थान पर, जबरन गर्भपात में दूसरे और भ्रूण हत्या में तीसरे स्थान पर है। विवाह के लिए महिलाओं के अपहरण के मामलों में भी राजस्थान चैथे नंबर पर है। इस अपराध में बिहार टॉप, यूपी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। बिहार 'पकड़वा विवाह' के लिए भी बदनाम है, जिसमें पुरुषों का अपहरण कर जबरन शादी कर दी जाती है। यदि प्रति लाख आबादी के लिहाज से हत्या की दर का विश्लेषण किया जाए तो झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य टॉप पर हैं और उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा और अपराधों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाला राज्य 12वें स्थान पर। इस मामले में मध्यप्रदेश छठे और राजस्थान सातवें पायदान पर खड़ा है। बलात्कार, भ्रूण हत्या, जबरन गर्भपात और विवाह के लिए अपहरण जैसी घटनाएं यह बताती हैं कि सामाजिक चेतना और नैतिक संस्कारों में गंभीर गिरावट आई है। महिलाओं के प्रति सम्मान, संवेदना और सुरक्षा की भावना कमजोर हुई है। यह विडंबना ही है कि एक ओर हम 'नारी शक्ति' और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के आंकड़े भयावह रूप लेते जा रहे हैं। यह केवल कानून की कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की विकृति का भी परिणाम है। आज अपराध का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। पहले अपराध सड़कों और गलियों तक सीमित थे, लेकिन अब इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने अपराध को नया चेहरा दे दिया है। साइबर अपराध, डिजिटल फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और डेटा चोरी जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। यह 'सॉफ्टवेयर क्राइम' का नया युग है, जहां अपराधी बिना हथियार और बिना जोखिम उठाए करोड़ों की ठगी कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि अब केवल परंपरागत पुलिसिंग से काम नहीं चलेगा। पुलिस और जांच एजेंसियों को डिजिटल फॉरेंसिक, साइबर सुरक्षा और डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक साधनों से लैस करना होगा। अपराध की नई दुनिया से लड़ने के लिए नई सोच और नई तकनीक की जरूरत है। हालांकि कुछ संगीन अपराधों में मामूली कमी दर्ज की गई है, लेकिन इसे बहुत बड़ी उपलब्धि मान लेना आत्मप्रवंचना होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि नई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद कई अपराधों को संज्ञेय अपराधों की सूची से हटाया गया है, जिससे आंकड़ों में कमी दिखाई दे रही है। इसलिए अपराध के आंकड़ों का केवल सतही अध्ययन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी गहराई से समीक्षा और विश्लेषण आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि अपराध केवल कानूनी समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक कारणों से पैदा होने वाली जटिल चुनौती है। अपराध के बढ़ने में सबसे बड़ा कारण नशा है। आज तो महिलाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति अधिक चिन्ताजनक है। सबसे गंभीर संकेत विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं में बढ़ती आत्महत्याओं के मामले हैं। यह स्थिति बताती है कि समाज में निराशा, असुरक्षा और भविष्य के प्रति अनिश्चितता का वातावरण गहराता जा रहा है। बेरोजगारी, प्रतिस्पर्धा, शिक्षा का बढ़ता दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं और सामाजिक तुलना युवाओं को मानसिक तनाव की ओर धकेल रही हैं। जब युवा अपने जीवन को अर्थहीन समझने लगें, तब यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के लिए खतरे की घंटी होती है। इसलिए अपराध और आत्महत्या जैसी समस्याओं को केवल पुलिस या अदालतों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इसके लिए शिक्षा, परिवार, समाज और शासन-सभी को मिलकर काम करना होगा। अपराध बढ़ने के पीछे एक बड़ा कारण नैतिक मूल्यों का क्षरण भी है। उपभोक्तावाद, भौतिकता और त्वरित सफलता की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संवेदनहीन और स्वार्थी बना दिया है। आज सफलता का मापदंड केवल पैसा और शक्ति बन गया है। जब समाज में ईमानदारी, संयम, करुणा और नैतिकता की जगह छल, लालच और प्रतिस्पर्धा ले लेते हैं, तब अपराध स्वाभाविक रूप से बढ़ते हैं। परिवारों में संवाद कम हुआ है, संस्कार कमजोर हुए हैं और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना घटती जा रही है। सोशल मीडिया और मनोरंजन के अनेक माध्यमों ने भी हिंसा, अश्लीलता और त्वरित लाभ की मानसिकता को बढ़ावा दिया है। ऐसे में नई पीढ़ी का भटकना स्वाभाविक हो जाता है। यह भी सच है कि कई बार अपराधियों में कानून का भय समाप्त होता जा रहा है। मुकदमों का वर्षों तक लंबित रहना, राजनीतिक संरक्षण, भ्रष्टाचार और कमजोर जांच व्यवस्था अपराधियों के मनोबल को बढ़ाते हैं। यदि अपराधी यह महसूस करने लगें कि वे आसानी से बच सकते हैं, तो अपराधों पर नियंत्रण कठिन हो जाता है। इसलिए न्याय व्यवस्था को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाना समय की मांग है। अपराध के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनानी होगी। कानून का भय तभी स्थापित होगा, जब अपराधी को शीघ्र और निष्पक्ष दंड मिलेगा। लेकिन केवल सरकार और पुलिस को दोष देकर समाज अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। अपराधमुक्त समाज का निर्माण सामूहिक चेतना और सामाजिक सहभागिता से ही संभव है। समाज सुधारकों, शिक्षकों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और परिवारों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। बच्चों और युवाओं में नैतिक शिक्षा, संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों का विकास करना होगा। समाज को ऐसी सकारात्मक दिशा देनी होगी, जहां व्यक्ति केवल अधिकारों की नहीं, बल्कि कर्तव्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भी चिंता करे। आज आवश्यकता केवल अपराध रोकने की नहीं, बल्कि अपराध पैदा करने वाली परिस्थितियों को समाप्त करने की है। गरीबी, बेरोजगारी, नशाखोरी, अशिक्षा, सामाजिक असमानता, पारिवारिक विघटन और मानसिक तनाव जैसी स्थितियां अपराध की जमीन तैयार करती हैं। यदि इन कारणों पर गंभीरता से काम नहीं किया गया, तो अपराधों की संख्या घटाना कठिन होगा। इसलिए विकास की अवधारणा को केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रखा जा सकता। वास्तविक विकास वही है, जिसमें समाज सुरक्षित, संतुलित और मानवीय बने। एनसीआरबी के आंकड़े हमारे सामने एक कठोर सच रख रहे हैं। यह समय आंकड़ों पर औपचारिक चिंता जताने का नहीं, बल्कि गहन आत्ममंथन और ठोस कार्रवाई का है। यदि हम वास्तव में 2047 तक एक आदर्श, विकसित और सभ्य भारत का निर्माण करना चाहते हैं, तो अपराधमुक्त समाज निर्माण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। समाज में नैतिक चेतना, संवेदनशीलता और कानून के प्रति सम्मान का वातावरण निर्मित करना होगा। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां विकास केवल इमारतों और तकनीक में नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और सामाजिक सुरक्षा में भी दिखाई दे। **–ललित गर्ग**

# बच्चों का जीवन बचाने समाज में हर स्तर पर करना होगा अतिरिक्त श्रम

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

देश में बढ़ती छात्र आत्महत्याएं हमारे सामने वर्तमान दौर की उस सामाजिक और शैक्षिक व्यवस्था का आईना है, जिसमें बचपन धीरे-धीरे दबाव, प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं के नीचे दम तोड़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (गएटउ) के अनुसार वर्ष 2024 में 14,488 छात्रों ने आत्महत्या की हैं। यह संख्या वर्ष 2023 की तुलना में 4.3 प्रतिशत अधिक है। इसमें सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि एक ओर देश में कुल आत्महत्या के मामलों में गिरावट दर्ज हुई है, वहीं छात्रों की आत्महत्या लगातार बढ़ती हुई दिखाई देती है। ऐसे में यह स्थिति स्पष्ट संकेत दे रही है कि हमारे बच्चे शिक्षा के अतिरिक्त बोझ के नीचे मानसिक रूप से टूट रहे हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि आत्महत्या करने वाले छात्रों में बड़ी संख्या कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों की है। यह वह आयु है, जब बच्चों को सबसे अधिक भावनात्मक सहारे, संवाद और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, किंतु दुर्भाग्य से इस दौर में उन पर करियर चुनने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने और सफल बनने का भारी दबाव डाल दिया जाता है। वर्ष 2015 में छात्र आत्महत्या के 8,934 मामले थे, जो 2024 में बढ़कर 14,488 हो गए। यानी एक दशक में 62 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का होना निश्चित ही हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए! क्योंकि सामने आए साक्ष्य के आधार पर स्पष्ट होता है कि प्रतिदिन औसतन लगभग 35 छात्र अपनी जीवन यात्रा को समाप्त कर रहे हैं। यहां विचार करनेवाली बात यह भी है कि क्या यह अकेले बच्चों की असफलता है? या समाज, परिवार और शिक्षा व्यवस्था की सामूहिक विफलता है? आज शिक्षा का अर्थ ज्ञान, संस्कार और व्यक्तित्व विकास न होकर ऐसा लगता है, जैसे कि प्रतियोगिता, रैंक, पैकेज और प्रतिष्ठा का पर्याय बन चुका है। बच्चों के कंधों पर इतना भारी बोझ डाल दिया गया है कि वे अपनी उम्र के सहज आनंद, खेल, जिज्ञासा और रचनात्मकता से दूर होते जा रहे हैं। विद्यालयों के बाद कोचिंग संस्थानों का दबाव, परीक्षा का भय, करियर की अनिश्चितता और अभिभावकों की अपेक्षाएं मिलकर बच्चों को मानसिक रूप से थका रही हैं। बच्चों के सामने भावनात्मक अकेलेपन का संकट भी उभरकर सामने आया है। यही कारण है कि अनेक छात्र अवसाद, चिंता, बाइपोलर डिसऑर्डर और भावनात्मक तनाव से जूझ रहे हैं, किंतु दुखद है कि समय रहते उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान तक नहीं हो पाती है! यदि बच्चा उदास है, चिड़चिड़ा है या अकेला रहने लगा है, तो इसे जिद या क्ष्कमजोरीङ्क मान लिया जाता है। हमारे समाज में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी ओर सच यह भी है कि बच्चा सबसे अधिक भय असफल कहलाने से महसूस करता है। उसे यह समझाया ही नहीं जाता कि जीवन में सफलता के अनेक रास्ते होते हैं। विद्यालयों और घरों में बच्चों को बार-बार तुलना का सामना करना पड़ता है। धीरे-धीरे बच्चा स्वयं को अंक और उपलब्धियों से मापने लगता है। जब अपेक्षाओं और वास्तविकता के बीच दूरी बढ़ती है, तब वह भीतर से टूटने लगता है। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि अभिभावक सबसे पहले यह समझें कि हर बच्चा अलग होता है। सभी बच्चों की क्षमता, रुचि और गति समान नहीं हो सकती। सफलता का अर्थ मेडिकल, इंजीनियरिंग या प्रशासनिक सेवा नहीं है। यदि बच्चा संगीत, खेल, कला, लेखन, डिजाइन, कृषि या किसी अन्य क्षेत्र में रुचि रखता है, तो उसे उसी दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। अतः आवश्यकता इस बात की है कि अभिभावक बच्चों के साथ समय बिताएं। सिर्फ स्कूल की फीस भर देना या अच्छे कोचिंग संस्थान में भेज देने से उनकी जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती है। बच्चों को सबसे अधिक जरूरत अपने माता-पिता के विश्वास, संवाद और भावनात्मक सहारे की होती है। यदि बच्चा डर, तनाव या असफलता की बात कह रहा है, तो उसे डांटने के बजाय सुने। विद्यालयों और शिक्षकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माना कि विद्यालय पढ़ाई का केंद्र है, किंतु यह भी सच है कि बच्चों के भावनात्मक विकास का भी वह एक स्थान है, इसलिए यह जरूरी है कि हर विद्यालय में प्रशिक्षित काउंसलर होने चाहिए। शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जाए कि वे बच्चों में तनाव और अवसाद के शुरुआती संकेत पहचान सकें। अनुशासन और परिणाम पर ध्यान देने के बजाय बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दें।

## सेहत मंत्र

# कंधे में दर्द से परेशान हैं तो यह उपाय तुरंत राहत दिलाएंगे

जब भी आप गलत तरीके से सोते हैं या फिर आवश्यकता से अधिक व्यायाम करते हैं तो आपके कंधे में दर्द होने लगता है। कभी-कभी कुछ भारी सामान उठाने के कारण भी कंधों में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर देखने में आता है कि लोग इसकी अनदेखी करते हैं और एक या दो दिन में यह दर्द खुद-ब-खुद ठीक हो जाता है। लेकिन अगर आपको समय के साथ अपने दर्द में आराम का अहसास न हो तो यह बेहद आवश्यक है कि आप इस दर्द को ठीक करने के लिए कुछ उपाय करें। तो चलिए आज हम आपको ऐसे ही कुछ उपायों के बारे में बताते हैं- सिंकाईः दर्द को दूर करने में आप सिंकाई की मदद ले सकते हैं। कंधों में दर्द से आराम के लिए आप ठंडी सिंकाई करें। ठंडी सिंकाई दर्द के क्षेत्र में उत्तकों को सुन्न करने में मदद करता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। ठंडी सिकाई करने के लिए आप एक प्लास्टिक बैग में बर्फ के कुछ टुकड़े डालें और फिर उस बैग को एक पतले टावल में लपेट दें। इस टावल को दर्द वाले स्थान पर रखें। आप चाहें तो ठंडे पानी में तौलिया डुबोकर उससे भी सिकाई कर सकते हैं। इससे भी आपको काफी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त गर्म सिंकाई भी कंधों के दर्द में आराम दिलाती है, लेकिन यह सिंकाई आप तभी करें, जब किसी चोट के कारण आपको कंधे में दर्द हो और चोट लगने के 48 घंटों के भीतर ही गर्म सिंकाई करें। कंप्रेशन : दर्द को कम करने में कंप्रेशन भी एक असरदार तरीका है। कंप्रेशन न सिर्फ दर्द वाले स्थान पर दबाव डालता है, बल्कि इसके चलते आपके हाथों को एक सपोर्ट भी मिलता है। जिससे आप अपने हाथों को अच्छी तरह मूव कर पाते हैं। इसके लिए आप इलास्टिक बैंडेज की मदद से अपने दर्द वाले स्थान को बांधें। यह बैंडेज आपको केमिस्ट शॉप से आसानी से मिल जाती है। कुछ दिन लगातार इस उपाय को करने से दर्द व सूजन में काफी हद तक राहत मिलती है। लेकिन बैंडेज बांधते समय ध्यान रखें कि आप इसे बहुत अधिक जोर से न बांधें अन्यथा इससे ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है और आपकी स्थिति बद से बदतर हो जाती है। मसाज : जब आप हल्के हाथों से दर्द वाले स्थान पर मसाज करते हैं तो इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन के बेहतर होने से आपके क्षतिग्रस्त उत्तकों को रिपेयर होने में काफी कम वक्त लगता है। इस प्रकार आपके कंधों का दर्द व सूजन भी ठीक हो जाता है। मसाज करने के लिए आप नारियल, सरसों या ऑलिव ऑयल को हल्का गर्म करके इस्तेमाल कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# श्रीकृष्ण के तीन पौराणिक मंत्र किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देते

भगवान श्रीकृष्ण संबंधी मंत्र तो बहुत हैं लेकिन कुछ खास मंत्रों का ही प्रचलन और महत्व है। यहां प्रस्तुत हैं कृष्ण के सरल एवं पौराणिक मंत्र सभी मंत्र को जपने से पूर्व एक बार ? श्री कृशणाय शरणं मम। मंत्र का उच्चारण अवश्य करें। पहले मंत्र के लिए पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। स्नान पश्चात कुश के आसन पर बैठकर सुबह और शाम संध्या वंदन के समय उक्त मंत्र का 108 बार जाप करें। यह मंत्र जीवन में किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देगा।

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥ दूसरा मंत्र संकटकाल में दोहराया जाता है। जब कभी भी व्यक्ति को आकस्मिक संकट का सामना करना पड़ता है तो तुरंत ही पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ उक्त मंत्र का जाप कर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। ॐ नमः भगवते वासुदेवाय कृष्णाय, क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः। तीसरा मंत्र निरंतर दोहराते रहना चाहिए। उक्त मंत्र को चलते-फिरते उठते-बैठते और कहीं भी किसी भी क्षण में दोहराते रहने से कृष्ण से जुड़ाव रहता है। इस तरह से श्री कृष्ण का निरंतर ध्यान करने से व्यक्ति कृष्ण धारा से जुड़कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग पुष्ट कर लेता है।

'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।, हरे राम हरे राम, राम-राम हरे-हरे। कृष्ण मंत्रों का महत्व-उक्त मंत्र के महत्व को समझते हुए अन्य की ओर जो अपना मन नहीं लगाता वह कृष्ण की शरण में होता है और जो कृष्ण की शरण में है उसे किसी भी प्रकार के रोग और शोक सता नहीं सकते।

## पर्यटन



# एडवेंचर एक्टिविटीज करने के साथ लें मौसम का मज़ा, हिमाचल में बसे इस मनोरम जगह जाकर

शिमला से तकरीबन 54 किमी. दूर स्थित लगभग अनछुई जगह है तत्तापानी। यहां रोमांचक गतिविधियों के संग आप इन दिनों मना सकते हैं बारिश का उत्सव। रिमझिम बारिश की फुहारों के साथ बादलों की अठखेलियां मन मोह लेती हैं। ऐसे में इस अनछुई, प्यारी जगह का दीदार करना किसी शानदार सौगात से कम नहीं। यहां सतलुज नदी की ठंडी धारा के बीच 70 डिग्री सेल्सियस के तापमान वाला गर्म पानी का सोता निरंतर बह रहा होता है। इसे आज से 20 साल पहले यहां के स्थानीय लोगों के अलावा कोई जानता तक नहीं था। ऐसे में यहां के निवासी प्रेम कुमार रैना, जिनका घर नदी के बिलकुल पास हुआ करता था, उन्होंने एक दिन इस कीमती धरोहर को पहचाना। आज प्रेम कुमार रैना 'हॉट वाटर स्प्रिंग' नाम से एक नेचुरोपैथी वेलनेस सेंटर भी चलाते हैं, जहां दूर-दराज से लोग स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। आयुर्वेद और नेचुरोपैथी के जरिए लोग अनेक रोगों से मुक्ति पाते हैं। हिमालय के ऊपरी इलाकों के निवासी जोड़ों के दर्द से राहत पाने हर साल यहां आते हैं। मान्यता है कि यह स्थान वास्तव में देवों का स्थान रहा है। यहां पांडवों ने वास किया, ऋषियों ने तपस्या की, इसीलिए यहां कदम-कदम पर चमत्कार देखने को मिलते हैं। तत्तापानी के स्थानीय लोग इस स्थान को महर्षि जमदग्नि की तपोभूमि मानते हैं। महर्षि अपनी पत्नी रेणुका और पुत्र परशुराम के साथ यहां तत्तापानी के आसपास रहा करते थे। इह जगह का धार्मिक अनुष्ठानों के लिए बहुत महत्व है। यहां हर साल माघ मेला लगा करता है। शिमला से तत्तापानी की दूरी लगभग दो घंटे में पूरी होती है, लेकिन इन रास्तों पर ड्राइव का मजा दूरी का एहसास नहीं होने देता। रास्ते में इतने सुहाने नजारे मिलते हैं कि आप मुग्ध हो जाएंगे। चूंकि शिमला से यह पूरा रास्ता उतराई की तरफ है, इसलिए पहाड़ों का नजारा बहुत आकर्षक है। इन रास्तों में कई धार्मिक स्थल पड़ते हैं, जिन्हें देखते हुए आगे बढ़ने में आनंद आता है। देश और दुनिया से बहुत सारे बाइकर ग्ररुप इस घाट पर ड्राइव करने आते हैं। किन्नौर और काजा जाने वाले भी इसी रूट को पसंद करते हैं। अगर आप ट्रेकिंग के शौकीन हैं तो यह जगह आपके लिए स्वर्ग के समान है। देवदार के जंगलों के बीच ट्रेकिंग करने का अलग ही मजा है।

# संयुक्त चिकित्सालय में डीएम का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर नाराजगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मंगलवार को सिरौलीगौसपुर स्थित संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई अव्यवस्थाएं मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

डीएम ने अस्पताल पहुंचे मरीजों से सीधे बातचीत कर सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। पर्चा बनवाने में लग रहे अधिक समय और भीड़ को देखते हुए उन्होंने महिला एवं पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग पर्चा काउंटर संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने शासन को पत्र भेजकर चिकित्सकों की तैनाती कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान शौचालयों की स्थिति खराब मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और साफ-सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

दवा वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई डॉक्टर मरीजों को बाहर से दवा लिखता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने दवा भंडार के स्टॉक रजिस्टर की भी जांच की।

पत्रकारों द्वारा अल्ट्रासाउंड सुविधा के बारे में पूछे जाने पर जिलाधिकारी ने बताया कि अस्पताल में जल्द ही अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित कराई जाएगी, जिससे मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, इमरजेंसी ऑक्सीजन प्लांट, आयुष्मान योजना कक्ष, सैंपल कलेक्शन कक्ष और दवा भंडार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरा की मरम्मत कराने तथा शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऑक्सीजन प्लांट को हर समय क्रियाशील रखने पर जोर दिया।

अंत में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सभी व्यवस्थाएं 15 दिनों के भीतर दुरुस्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# मनरेगा से बदली गांव की तस्वीर, मेनहुआ में बना आधुनिक खेल मैदान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिद्धौर, बाराबंकी। सिद्धौर ब्लॉक में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए ग्राम पंचायत मेनहुआ में मनरेगा योजना के तहत तैयार आधुनिक खेल मैदान का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने किया। करीब 17 लाख रुपये की लागत से बने इस खेल मैदान को ग्रामीण युवाओं के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है।

खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह के नेतृत्व और सतत निगरानी में तैयार किए गए इस खेल मैदान में रेस ट्रैक, वॉलीबॉल कोर्ट, कबड्डी मैदान और बैडमिंटन कोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे गांव के युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। लोकार्पण समारोह में मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का विस्तार युवाओं के भविष्य को मजबूत करेगा। खेल बच्चों और युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि युवाओं को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, एडीओ आईएसबी राधेश्याम, ग्राम पंचायत सचिव सहित ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने किया किशोरी सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश



**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) निरंकार सिंह ने मंगलवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) बाराबंकी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर विवेकशील यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रभारी सहायक अधीक्षिका सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण में सम्प्रेक्षण गृह में 37 किशोरियां और एक शिशु संवासित पाए गए। किशोरियों की शिक्षा व्यवस्था के लिए बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाएं सम्बद्ध मिलीं, हालांकि दो शिक्षिकाएं आकस्मिक अवकाश पर थीं। अपर जिलाधिकारी ने किशोरियों से बातचीत कर भोजन, सुरक्षा और आवासीय सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थिति पंजिका को सुव्यवस्थित रखने, नोटिस बोर्ड पर कार्मिकों एवं शिक्षिकाओं का रोस्टर चस्पा करने तथा परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर भी जोर दिया गया।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय निम्बहा में शिक्षक नदारद, बच्चों की पढ़ाई ठप



**रामसनेहीघाट, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश सरकार जहां परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने और नामांकन बढ़ाने के दावे कर रही है, वहीं विकास खंड बनीकोडर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय निम्बहा की स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है। मंगलवार सुबह करीब 8:35 बजे तक विद्यालय में तैनात तीनों शिक्षक अनुपस्थित रहे, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित रही। बच्चे विद्यालय परिसर में खेलते और गेट पर खड़े होकर शिक्षकों का इंतजार करते नजर आए। शिक्षकों की लापरवाही से नाराज ग्रामीण और अभिभावक विद्यालय पहुंचे और विरोध जताया। उनका आरोप था कि शिक्षक अक्सर देर से आते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सूचना मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय विद्यालय पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगने की बात कही। बीईओ के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।

## हाईकोर्ट के आदेश पर बाराबंकी में सख्त कार्रवाई, मॉडिफाइड साइलेंसर लगी 11 बुलेट सीज

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन एवं यातायात विभाग ने मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को एआरटीओ अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी एवं यातायात उपनिरीक्षक नसीर सिद्दीकी की संयुक्त टीम ने शहर में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान तेज आवाज और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगी 11 बुलेट मोटरसाइकिलों को संबंधित थानों में सीज किया गया, जबकि 12 अन्य वाहनों का चालान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर करीब 15 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही अवैध और अत्यधिक ध्वनि करने वाले साइलेंसरों को नष्ट भी किया जा रहा है। एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में डीएम सख्त, खराब प्रदर्शन वाले विभागों को चेताया

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं पर विभागवार योजनाओं की प्रगति और अप्रैल माह की रैंकिंग की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अपेक्षा से कम प्रदर्शन करने वाले विभागों पर नाराजगी जताई। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि योजनाओं की प्रगति में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए त्वरित सुधार सुनिश्चित करें। विशेष रूप से सी, डी एवं ई श्रेणी में शामिल विभागों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, फैमिली आईडी, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, पर्यटन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निर्माण, किसान सम्मान निधि, मनरेगा, दुग्ध विकास, दिव्यांग एवं वृद्धावस्था पेंशन, युवा स्वरोजगार, महिला एवं बाल विकास तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को नियमित मॉनिटरिंग, डाटा फीडिंग में शुद्धता तथा समयबद्ध अपडेट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## कुर्सी में निकली भव्य शिव शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा अंचल

**निंदूरा, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी थाना परिसर में नवनिर्मित कृष्णनेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने थाना परिसर स्थित शिव मंदिर से आचार्य पंडित अर्जुन तिवारी, पंकज कृष्ण शास्त्री, राजकुमार तिवारी एवं आशीष तिवारी के विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में पीले कुर्ते पहनकर हाथों में शिव पताका लिए श्रद्धालुओं की टोली आकर्षण का केंद्र रही। बैंड पर बज रहे धार्मिक गीतों पर महिला-पुरुष श्रद्धालु नृत्य करते हुए बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे थे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर कुर्सी चौराहा, हेमा पुरवा, बहरौली होते हुए बाबा मस्तराम आश्रम पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद यात्रा पुनः कुर्सी थाना परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। बुधवार को मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर मुकेश सिंह, उमेश यादव, दीपक यादव, श्रीश रावत, अमित गुप्ता, आशीष सोनी, तेजबहादुर, सुधाकर यादव, अभिषेक राय, अखिलेश प्रजापति, उमाशंकर राम, राघवेंद्र पांडेय, राहुल यादव, रवि वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सीबी सिंह लॉ कॉलेज में आयोजित हुआ महामना प्रो. (डॉ.) शिव सहाय सिंह मेमोरियल लेक्चर-2026

# कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ने छात्रों को बताए सफलता के मूल मंत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अकबरपुर अम्बेडकरनगर। सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज के डॉ. विजय प्रताप सिंह स्मृति कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को अकादमिक कमेटी के तत्वावधान में महामना प्रो. (डॉ.) शिव सहाय सिंह मेमोरियल लेक्चर-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय छात्र जीवन में सफलता के मूल सिद्धांत रहा, जिसमें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी लंदन के वरिष्ठ शोधकर्ता प्रो. राघवेन्द्र त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, कानून और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बदलते दौर में सफलता के सूत्र बताए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. राघवेन्द्र त्रिपाठी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह तथा वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संचालन कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. अमित तिवारी ने किया।

प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह, भगवान कृष्ण की फ्रेम फोटो एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं स्वागत भाषण में कॉलेज के प्रवक्ता संदीप श्रीवास्तव ने महामना प्रो. (डॉ.) शिव सहाय सिंह एवं विधि विशेषज्ञ डॉ. विजय प्रताप सिंह के शिक्षा और विधि क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि प्रो. राघवेन्द्र त्रिपाठी का परिचय देते हुए बताया गया कि उन्होंने भारत के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान रुड़की से एमटेक की उपाधि प्राप्त की है और वर्तमान में कैंब्रिज स्थित एसआईआईडी यूके में वरिष्ठ शोधकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। आधुनिक तकनीक और सुरक्षा अभियंत्रण के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान माना जाता है। अपने संबोधन में प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि आज के दौर में कानून और आधुनिक तकनीक एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और तकनीकी सुरक्षा प्रणालियों के कानूनी पहलुओं को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध पर मजबूत पकड़ बनाएं, तभी वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का उदाहरण देते हुए कहा कि छात्र जीवन में समय का सही प्रबंधन, अनुशासन, निरंतर अध्ययन और नई तकनीकों के प्रति जागरूकता सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उनके प्रेरणादायी विचारों को छात्रों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी माहौल बना रहा।



## अमरसंडा में बंजर भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा, प्रशासन की कार्रवाई

निंदूरा, बाराबंकी। ग्राम अमरसंडा में गाटा संख्या 1057 की बंजर भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवा दिया। बताया गया कि समीउल्लाह पुत्र हसीबुल्लाह द्वारा बंजर झाड़ी की भूमि पर पक्की दुकानें बनाकर कब्जा कर लिया गया था। न्यायालय के आदेश के क्रम में राजस्व एवं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण हटवाया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

कार्रवाई के समय नायब तहसीलदार अनु सिंह, राजस्व निरीक्षक कैलाश बहादुर, लेखपाल सर्वेश कुमार यादव, प्रिंस शर्मा, क्षितिज तिवारी एवं राकेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# करंट की चपेट से मौत, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के ग्राम खेवराजपुर मजरे टिकरा निवासी विशाल कनौजिया (24) पुत्र भवानी प्रसाद कनौजिया की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई, प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल टिकरा गांव के ही एक बिजली मैकेनिक के साथ काम करता था रोज की भांति वह मंगलवार को भी टिकरा गांव के एक घर में साथी के साथ वायरिंग बिजली की वायरिंग का काम कर रहा था। तभी करंट की चपेट में आ गया तो उसके साथी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट ले गये,जहां डॉक्टरों ने मृत्यु की पुष्टि की।घटना की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। मृतक के दो पुत्र पांच वर्ष व तीन वर्ष विशाल की मृत्यु से अनाथ हो गए।



नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने मृतक के घर पहुंच परिजनों को बंधाया ढांढ़स

# हादसों की वजह, थाने के बगल हाईवे पर बढ़ता अतिक्रमण! राहगीरों की परेशानी बढ़ी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा, बाराबंकी। लखनऊ-महमूदाबाद स्टेट हाईवे 172 पर कस्बा कुर्सी में थाना परिसर के बगल बढ़ता अतिक्रमण अब राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर भारी पड़ने लगा है। सड़क किनारे फल, चाट और अन्य ठेले लगने से फुटपाथ पूरी तरह गायब हो गया है, जिससे लोगों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना परिसर के पास ही खुलेआम अतिक्रमण फैल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने के बजाय मौन बना हुआ है। लोगों ने सवाल उठाया कि जब थाने के बगल में ही यह स्थिति है तो अधिकारियों की नजर आखिर इस ओर क्यों नहीं पड़ रही।

संजय सेतु बंद होने के कारण इस समय स्टेट हाईवे 172 पर वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ गया है। बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, रुपईडीहा और नानपारा की ओर जाने वाले भारी वाहन इसी मार्ग से गुजर रहे हैं। ऐसे में सड़क किनारे लगे ठेले और दुकानें दुर्घटना की आशंका बढ़ा रहे हैं।

कुछ दिन पूर्व अनवारी कस्बे में सड़क किनारे लगे ठेलों पर तेज रफ्तार वाहन पलटने से कई लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमण हटाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी।

महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूल जाने वाले बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार के समय सड़क किनारे बेतरतीब ठेलों के कारण जाम जैसे हालात बन जाते हैं और वाहन चालकों को निकलने में कठिनाई होती है।

### दूसरे बड़े मंगल पर बजरंगबली के जयकारों से गूंजा जनपद

# जगह-जगह भंडारा और सुंदरकांड पाठ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर जनपद में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। शहर से लेकर कस्बों और गांवों तक हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन एवं भव्य भंडारों का आयोजन किया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया।

रामनगर तहसील क्षेत्र के विभिन्न कस्बों और गांवों में धार्मिक कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुए। रामनगर टाउन में शुक्ला बुक डिपो द्वारा आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी एवं मिठाई का प्रसाद वितरित किया गया। वहीं धमेड़ी तिराहे पर शुभम शुक्ला और शिवा मिश्र के नेतृत्व में आयोजित भंडारे में छोले-चावल का प्रसाद बांटा गया।

मसौली क्षेत्र में भी दूसरे बड़े मंगल पर जगह-जगह भंडारे एवं प्याऊ लगाए गए। हनुमान मंदिर बड़ागांव और रामलीला मैदान बड़ागांव में जिला सहकारी बैंक एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित भंडारों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पूड़ी-सब्जी, बूंदी और छोला-चावल का वितरण किया गया।

रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता खुशबू राय, शाखा प्रबंधक पंकज शर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, सचिव सुनील कुमार वर्मा, संदीप कुमार गुप्ता, सहकारी संघ अध्यक्ष राम मनोरथ एवं अशोक गुप्ता सहित कई लोगों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। बांसा-बड़ागांव मार्ग स्थित हनुमान मंदिर पर भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवतदास हनुमान मंदिर मसौली में दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिर के महंत बाबा रामलाल दास ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इसके अलावा मसौली, बांसा, बड़ागांव, सआदतगंज, शहाबपुर, भयारा, त्रिलोकपुर और जकरिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े मंगल के अवसर पर भंडारे आयोजित किए गए। हाईवे और संपर्क मार्गों पर जगह-जगह प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। पूरे दिन जय बजरंगबली और हनुमान जी महाराज की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# बड़ा मंगल और मातृ दिवस पर भव्य आयोजन, मातृ शक्तियों का सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। बड़ा मंगल एवं मातृ दिवस के अवसर पर बंदी का पुरवा स्थित जेबीएस इंस्टीट्यूट में सुंदरकांड पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मातृ सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की प्रबंधक पूनम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रद्धा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रबंधक पूनम मैम ने अपने संबोधन में कहा कि मां ईश्वर का सबसे अनमोल वरदान है। उन्होंने कहा कि मां का सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है, क्योंकि हमारे शास्त्रों में भी माता और मातृभूमि को स्वर्ग से बढ़कर बताया गया है। मातृ दिवस के अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं के लिए आकर्षक कार्ड बनाकर प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। साथ ही म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता और बैलून गेम्स का आयोजन भी किया गया, जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मां के सम्मान में भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया- मां तेरी ममता की छांव में, हर दुख अपना खो जाता है।

पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उल्लास और पारिवारिक भावनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में रेनू मैम, प्रियंका मैम, डॉ. एस. के. श्रीवास्तवजी आदि उपस्थित रहे।

# केकेआर के गेंदबाजों के सामने आरसीबी के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी




रायपुर। प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम को अगर अंतिम चार में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित करनी है तो उसके बल्लेबाजों को बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजों के सामने आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी फिलहाल 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन मंगलवार को होने वाले मैच के बाद इस स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद या गुजरात टाइटन्स काबिज हो जाएंगे जिनके पास भी 14 अंक हैं। आरसीबी ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके बल्लेबाज अपेक्षित खेल नहीं दिखा पाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई थी और उसने बमुश्किल जीत हासिल की थी। उसकी टीम आगे फिर से इस तरह की परिस्थिति से नहीं गुजरना चाहेगी। पिछले मैच में वह क्रुणाल पंड्या के अर्धशतक और अंतिम ओवर में भुवनेश्वर कुमार के छक्के से ही लक्ष्य तक पहुंच पाई थी। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टूर्नामेंट के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन पिछले कुछ मैच में वह रन बनाने के लिए जूझते हुए नजर आए। अगर आरसीबी को वापसी करनी है तो पाटीदार को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा। पिछली छह पारियों में वह केवल एक बार पचास से अधिक और एक बार बीस से अधिक का स्कोर ही बना पाए हैं। इससे आरसीबी की मध्यक्रम की बल्लेबाजी कुछ कमजोर पड़ गई है, लेकिन देवदत्त पडिक्कल और टिम डेविड जैसे अन्य बल्लेबाजों के योगदान ने उसे मुश्किलों से बाहर निकलने में मदद मिली। अब उसके बल्लेबाजों का सामना केकेआर के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण से होगा जिसमें सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे रहस्यमयी स्पिनर शामिल हैं। उन्हें कार्तिक त्यागी, वैभव अरोड़ा और अनुकूल रॉय जैसे घरेलू गेंदबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से केकेआर ने शुरू में लड़खड़ाने के बाद लगातार चार जीत दर्ज की हैं। अगर रायपुर की पिच पिछले मैच की तरह ही चिपचिपी रहती है और गेंद रुककर बल्ले पर आ रही हो तो आरसीबी के बल्लेबाजों को केकेआर के गेंदबाजों के सामने काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। तीन बार की चैंपियन केकेआर की टीम अभी भी 10 मैचों में नौ अंकों के साथ तालिका में आठवें स्थान पर है और यहां थोड़ी सी चूक भी उसे प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर होने के करीब पहुंचा देगा। ऐसी किसी स्थिति से बचने के लिए केकेआर के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों को अभी काफी सुधार करने की जरूरत: द्रविड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत की विश्व कप विजेता टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि टी20 बल्लेबाजी के स्वरूप में हाल ही में बहुत बदलाव आया है और गेंदबाजों को इसके साथ तालमेल बिठाने के लिए काफी मेहनत करनी होगी। द्रविड़ के मुख्य कोच रहते हुए भारत ने 2024 में दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। उन्होंने कहा कि वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, प्रियांश आर्य जैसे युवा खिलाड़ियों के साथ-साथ विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले ओवरों में बल्लेबाजी के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। द्रविड़ अभी डबलिन में हैं जहां घोषणा की गई थी कि वह यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की डबलिन फ्रेंचाइजी मलिक होंगे। द्रविड़ ने विशेष साक्षात्कार ने कहा, ''पिछले दो-तीन वर्षों में बल्लेबाजी में जो बदलाव देखने को मिले हैं उसे देखते हुए मुझे लगता है कि इस प्रारूप में गेंदबाजों को धीरे-धीरे उस स्तर तक पहुंचने के लिए कुछ प्रयास करने होंगे। भारत के पूर्व कप्तान द्रविड़ ने बल्लेबाजों की इसके लिए जमकर तारीफ की अब वे मैदान के उन हिस्सों में भी चौके छक्के लगा रहे हैं जो पहले पहुंच से बाहर लगते थे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि बल्लेबाजी कौशल, छक्के लगाने की क्षमता और मैदान के विभिन्न हिस्सों में शॉट लगाने की क्षमता में निश्चित रूप से बहुत सुधार हुआ है। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमों को कोचिंग दे चुके द्रविड़ ने कहा, ''मुझे लगता है कि गेंदबाजों को अपने कौशल को लगातार निखारना होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि उनमें से कुछ अभी भी अपनी अलग पहचान बनाने और अपनी जगह बनाए रखने में सक्षम होंगे। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया कि बल्लेबाजों ने गेंदबाजों की तुलना में टी20 खेल की जरूरतों के अनुसार खुद को बेहतर ढंग से ढाल लिया है। द्रविड़ ने कहा, ''अगर आप इसे संतुलन की दृष्टि से देखें तो मुझे लगता है कि वर्तमान समय में टी20 जरूरतों को पूरा करने के मामले में गेंदबाजों की तुलना में बल्लेबाज आगे हैं। फिर भी हो सकता है कि अगले दो तीन साल में स्थिति बदल जाए। उन्होंने कहा, ''मेरे कहने का मतलब है कि अगर आप आज के टेस्ट क्रिकेट को देखें, तो लगभग हर टेस्ट मैच का कोई न कोई नतीजा निकलता है। इसलिए हम जिन टेस्ट मैचों को देख रहे हैं, उनमें से कुछ में गेंदबाजों का दबदबा रहा है। द्रविड़ ने कहा, ''टेस्ट मैच की अवधि कम हुई है और इसलिए टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजों का दबदबा बढ़ने लगा है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या गेंदबाज टी20 में इस स्थिति को थोड़ा सुधारने में सफल रहेंगे। लेकिन क्या गेंदबाजों के लिए सपाट पिच पर सफलता हासिल करना संभव होगा। द्रविड़ ने इस बात से सहमति जताई कि गेंदबाजों को कुछ मदद की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''गेंदबाजों को थोड़ी मदद की जरूरत पड़ सकती है और मुझे लगता है कि इसके लिए विकेट थोड़ा चुनौतीपूर्ण बनाने होंगे जिससे कि गेंदबाजों को भी कुछ मदद मिले। क्योंकि मुझे लगता है कि सीमा रेखा को बढ़ाना संभव नहीं है।

# देश के पास 69 दिन का कच्चा तेल और 45 दिन का एलपीजी भंडार मौजूद : पुरी

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत ने अपने घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) उत्पादन को 35-36 हजार टन से बढ़ाकर 54 हजार टन प्रतिदिन कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश के पास 69 दिन का कच्चे तेल एवं एलएनजी तथा 45 दिन का एलपीजी का भंडार मौजूद है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि उत्पादन में बढ़ोतरी देश की ऊर्जा ज़रूरतों को सुरक्षित करने और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति में आई रुकावटों की भरपाई करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मितव्ययिता उपाय अपनाने की अपील को सतर्कता बरतने के संकेत के रूप में लिया जाना चाहिए और पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न राजकोषीय दबाव को कम करने के उपायों पर विचार शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मितव्ययिता की अपील पश्चिम एशिया में जारी संकट से उत्पन्न राजकोषीय दबाव को कम करने के उपायों पर विचार शुरू करने का संकेत है। दरअसल हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो का इस्तेमाल बढ़ाने, कारपूलिंग अपनाने, इलेक्ट्रिक वाहनों का ज्यादा इस्तेमाल करने, पार्सल परिवहन के लिए रेलवे सेवाओं का उपयोग करने और 'वर्क फ्रॉम होम' अपनाने की सलाह दी थी।

# भारत की मेजबानी में शुरू हुआ किम्बर्ले प्रोसेस का अंतरसत्रीय सत्र, मुंबई में चार दिन चलेगी बैठक

एजेंसी




मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मंगलवार को भारत की अध्यक्षता में किम्बर्ले प्रोसेस (केपी) की अंतरसत्रीय बैठक शुरू हुई, जो 14 मई तक चलेगी। 4 दिवसीय इस बैठक में किम्बरली प्रोसेस के प्रतिभागियों, पर्यवेक्षकों और दुनिया भर के उद्योग हितधारकों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया है, ताकि प्राकृतिक हीरों के वैश्विक व्यापार से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा सके। भारत ने अपनी अध्यक्षता में मुंबई में किम्बरली प्रोसेस (केपी) इंटरसेशनल मीटिंग का उद्घाटन किया। केपी चेयर 2026 सुचिंद्र मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किम्बर्ले प्रोसेस ने शांति को बढ़ावा देने, आजीविका की रक्षा करने और उत्पादक देशों के बीच वैध हीरा व्यापार को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने संबोधन में इस प्रणाली में विश्वास को और मजबूत करने, प्रतिभागियों के बीच सहयोग बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में किम्बर्ले प्रोसेस प्रासंगिक और प्रभावी बना रहे। उन्होंने यह भी बताया कि प्राकृतिक हीरे टिकाऊ उत्पाद हैं और किम्बर्ले प्रोसेस विश्व स्तर पर सबसे प्रगतिशील प्रमाणन प्रणालियों में से एक बना हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक अंतरसत्रीय बैठक के दौरान आगामी दिनों में विभिन्न कार्य समूहों और समितियों की चर्चाएं और बैठकें होंगी। इस दौरान होने वाले विचार-विमर्श किम्बर्ले प्रोसेस प्रमाणन योजना के कार्यान्वयन, निगरानी और अनुपालन तंत्र, पारंपरिक और जलोढ़ हीरे के उत्पादन, सांख्यिकी और प्राकृतिक हीरा मूल्य श्रृंखला में विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए उपायों पर केंद्रित होंगे। अंतरसत्रीय बैठक की कार्यवाही 14 मई तक जारी रहेगी। इस बैठक में भाग लेने वाले देशों, उद्योग निकायों और नागरिक समाज समूहों के वैश्विक प्रतिनिधि एक साथ आए, ताकि ज़िम्मेदार और टिकाऊ हीरा व्यापार के भविष्य पर चर्चा की जा सके।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण जानकारी

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

**07658/07659 हजूर साहिब नान्देड-शकूर बस्ती-हजूर साहिब नान्देड ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07658 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07659 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:20 | हजूर साहिब नान्देड | 09:00 | --- |
| 10:15 | --- | शकूर बस्ती | --- | 22:30 |

चलने के दिन : 07658 हजूर साहिब नान्देड से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 07659 शकूर बस्ती से दिनांक 24.05.2026 (रविवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : किनवट, पिंपल खुटी, लिंगटी, वणी, नागपुर, भोपाल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. एवं आगरा छावनी जं. स्टेशन

**04823/04824 जोधपुर जं.-मऊ जं.-जोधपुर जं. मेल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04823 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04824 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 17:00 | जोधपुर जं. | 08:40 | --- |
| 13:25 | 13:35 | लखनऊ जं. | 11:35 | 11:45 |
| 23:20 | --- | मऊ जं. | --- | 04:00 |

चलने के दिन : 04823 जोधपुर जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 24.05.2026 से दिनांक 12.07.2026 तक तथा 04824 मऊ जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 26.05.2026 से दिनांक 14.07.2026 तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा, जयपुर जं., बांदीकुई जं., मण्डावर महुआ रोड, खेड़ली, नदबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या छावनी, अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आजमगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन

**04829/04830 जोधपुर जं.-गोरखपुर जं.-जोधपुर जं. मेल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04829 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04830 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 16:15 | जोधपुर जं. | 05:30 | --- |
| 04:30 | 04:45 | दिल्ली जं. | 14:00 | 14:10 |
| 20:50 | --- | गोरखपुर जं. | --- | 23:25 |

चलने के दिन : 04829 जोधपुर जं. से प्रत्येक वीरवार को दिनांक 21.05.2026 से दिनांक 09.07.2026 तक तथा 04830 गोरखपुर जं. से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 22.05.2026 से दिनांक 10.07.2026 तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चुरू, सादुलपुर जं., लोहारु, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी जं., गुड़गांव, दिल्ली छावनी, दिल्ली जं., गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), लखनऊ जं., अयोध्या छावनी, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन

**09117/09118 बान्द्रा (ट.)-शकूर बस्ती-बान्द्रा (ट.) ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09117 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09118 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 16:30 | बान्द्रा (ट.) | 06:00 | --- |
| 15:05 | --- | शकूर बस्ती | --- | 00:30 |

चलने के दिन : 09117 बान्द्रा (ट.) से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 09118 शकूर बस्ती से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बोईसर, दहाणू रोड, सूरत, वडोदरा जं., दाहोद, रतलाम जं. एवं कोटा जं. स्टेशन

**09121/09122 उधना जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-उधना जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09121 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09122 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:00 | उधना जं. | 00:45 | --- |
| 00:15 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 21:20 |

चलने के दिन : 09121 उधना जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 09122 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 24.05.2026 (रविवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : नवापुर, चिंचपाडा, नंदुरबार, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. एवं आगरा छावनी स्टेशन

**04227/04228 वाराणसी जं.-चण्डीगढ़ जं.-वाराणसी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04227 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04228 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:05 | वाराणसी जं. | 00:55 | --- |
| 04:20 | --- | चण्डीगढ़ जं. | --- | 06:00 |

चलने के दिन : 04227 वाराणसी जं. से प्रत्येक वीरवार एवं रविवार को दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 12.07.2026 तक तथा 04228 चण्डीगढ़ जं. से प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को दिनांक 15.05.2026 से दिनांक 13.07.2026 तक।
स्थान : 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर एवं अम्बाला छावनी जं. स्टेशन।

**07662/07663 काजीपेट जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-काजीपेट जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07662 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07663 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:10 | काजीपेट जं. | 11:00 | --- |
| 23:40 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 03:40 |

चलने के दिन : 07662 काजीपेट जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 07663 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर, भोपाल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. एवं आगरा छावनी स्टेशन

**07664/07665 विजयवाड़ा जं.-फरीदाबाद-विजयवाड़ा जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07664 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07665 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 05:10 | विजयवाड़ा जं. | 13:00 | --- |
| 14:50 | --- | फरीदाबाद | --- | 01:10 |

चलने के दिन : 07664 विजयवाड़ा जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 07665 फरीदाबाद से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : डोर्नकल जं., महबुबाबाद, वरंगल, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. एवं आगरा छावनी स्टेशन।

**05579/05580 पूर्णिया कोर्ट-आनन्द विहार ट.-पूर्णिया कोर्ट विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 34 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05579 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05580 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:00 | पूर्णिया कोर्ट | 11:30 | --- |
| 01:05 | --- | आनन्द विहार ट. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 05579 पूर्णिया कोर्ट से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 12.07.2026 तक (22.05.2026 को छोड़कर) तथा 05580 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को दिनांक 14.07.2026 तक (24.05.2026 को छोड़कर)।
स्थान : 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बानमनखी जं., मुरलीगंज, दौरम मधेपुरा, सहरसा जं., गढ़ बरुआरी, सुपौल, न्यू झाझा जं., निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद जं., हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**05575/05576 सहरसा जं.-आनन्द विहार ट.-सहरसा जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05575 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05576 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:00 | सहरसा जं. | 09:05 | --- |
| 01:05 | --- | आनन्द विहार ट. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 05575 सहरसा जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 14.07.2026 तक तथा 05576 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक वीरवार को दिनांक 16.07.2026 तक।
स्थान : 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गढ़ बरुआरी, सुपौल, न्यू झाझा जं., निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद जं., हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन

**04811/04812 बाड़मेर-हरिद्वार जं.-बाड़मेर विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 38 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04811 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04812 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:15 | बाड़मेर | 07:30 | --- |
| 04:10 | --- | हरिद्वार जं. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 04811 बाड़मेर से प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को दिनांक 16.07.2026 तक तथा 04812 हरिद्वार जं. से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 17.07.2026 तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बायतु, बालोतरा, समदड़ी जं., दुंदाड़ा, लूनी जं., जोधपुर जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., नागौर, नोखा, बीकानेर जं., लालगढ़ जं., लूनकरनसर, अरजनसर, राजियासर, सूरतगढ़, पीली बंगा, हनुमानगढ़ जं., संगरिया, मंडी डबवाली, बठिण्डा जं., धुरी जं., अम्बाला छावनी जं. एवं सहारनपुर स्टेशन

**05758/05757 न्यू जलपाईगुड़ी जं.-नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05758 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05757 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:10 | न्यू जलपाईगुड़ी जं. | 08:30 | --- |
| 03:00 | --- | नई दिल्ली | --- | 01:15 |

चलने के दिन : 05758 न्यू जलपाईगुड़ी जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 05757 नई दिल्ली से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : किशनगंज, कटिहार जं., खगड़िया जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., गोमती नगर और कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**05760/05759 न्यू जलपाईगुड़ी जं.-आनन्द विहार ट.-न्यू जलपाईगुड़ी जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05760 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05759 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 12:15 | न्यू जलपाईगुड़ी जं. | 07:15 | --- |
| 00:20 | --- | आनन्द विहार ट. | --- | 02:40 |

चलने के दिन : 05760 न्यू जलपाईगुड़ी जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 05759 आनन्द विहार ट. से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : नक्सलबाड़ी, अलुआबाड़ी रोड जं., डालखोला, बारसोई जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05664/05663 अगरतला-आनन्द विहार ट.-अगरतला ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05664 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05663 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:00 | अगरतला | 08:00 | --- |
| 00:30 | --- | आनन्द विहार ट. | --- | 03:00 |

चलने के दिन : 05664 अगरतला से दिनांक 20.05.2026 (बुधवार) को तथा 05663 आनन्द विहार ट. से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : तेलियामुरा, आमबासा, कुमारघाट, धर्मनगर, बदरपुर जं., गुवाहाटी, न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05666/05665 शिलचर-दिल्ली जं.-शिलचर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05666 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05665 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:30 | शिलचर | 04:45 | --- |
| 00:50 | --- | दिल्ली जं. | --- | 02:45 |

चलने के दिन : 05666 शिलचर से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 05665 दिल्ली जं. से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बदरपुर जं., न्यू हाफलंग, माईबांग, पाथरखोला, होजाई, जागी रोड, गुवाहाटी, न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05924/05923 न्यू तिनसुकिया जं.-नई दिल्ली-न्यू तिनसुकिया जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05924 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05923 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 12:00 | न्यू तिनसुकिया जं. | 04:00 | --- |
| 20:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 02:50 |

चलने के दिन : 05924 न्यू तिनसुकिया जं. से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 05923 नई दिल्ली से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : शिमलगुड़ी जं., मरियानी जं., फरकाटिंग जं., बोकाजान, डिमापुर, दिफू, लामडिंग जं., गुवाहाटी, न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05926/05925 डिब्रुगढ़-नई दिल्ली-डिब्रुगढ़ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05926 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05925 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:00 | डिब्रुगढ़ | 00:15 | --- |
| 01:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 03:10 |

चलने के दिन : 05926 डिब्रुगढ़ से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 05925 नई दिल्ली से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : श्रीपानी, उत्तर लखिमपुर, हारमती जं., रंगापाड़ा नार्थ जं., रंगिया जं., न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05832/05831 नाहरलगुन-नई दिल्ली-नाहरलगुन ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05832 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05831 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:15 | नाहरलगुन | 22:15 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 03:50 |

चलने के दिन : 05832 नाहरलगुन से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 05831 नई दिल्ली से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : हारमती जं., बिश्वनाथ चारआली, रंगापाड़ा नार्थ जं., ढेकियाजुली रोड, उदालगुड़ी, न्यू बंगाईगाँव जं., गोसाईगाँव हाट, न्यू कोच बिहार जं., न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, जल्द होगी दोबारा परीक्षा : एनटीए प्रमुख

एजेंसी




नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने मंगलवार को कहा है कि नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में शामिल किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा और नयी परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष तरीके से कराई जाएगी जिसका शेडयूल अगले दस दिनों के भीतर जारी कर दिया जायेगा।

श्री सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह मामला अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''हमने यह मामला सीबीआई को सौंप दिया है। सभी मुजरिमों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा ताकि होनहार छात्रों के भविष्य पर कोई आंच न आए।'' श्री सिंह ने यह भी साफ किया कि दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों से कोई भी अतिरिक्त फीस नहीं ली जाएगी और पहली परीक्षा की फीस भी वापस करने का इंतजाम किया जाएगा।

श्री सिंह ने परीक्षा रद्द होने के बारे में बताते हुए कहा कि एनटीए को 7 मई की रात एक 'व्हिसलब्लोअर' से अहम जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा, ''हमें पता चला कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही किसी को व्हाट्सएप पर एक मैसेज मिला था, जिसमें कुछ सवाल असली पर्चे जैसे ही थे।'' यह भी खुलासा हुआ कि कुछ पीडीएफ फाइलें एक और दो मई को ही कुछ लोगों के फोन तक पहुँच चुकी थीं। श्री सिंह के मुताबिक, ''यह हमारी 'जीरो टॉलरेंस' पॉलिसी का उल्लंघन था। इससे उन बच्चों की मेहनत पर पानी फिर जाता जो दिन-रात पढ़ाई कर रहे थे, इसलिए छात्रों के हक में हमने यह कड़ा कदम उठाया। श्री सिंह ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी हो, चाहे वो सिस्टम के अंदर का हो या बाहर का, उनका सीबीआई से यही कहना है कि उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो ताकि ये समस्या जड़ से खत्म हो जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एक अप्रैल को ही उन्होंने चार्ज संभाला है इसलिए वह अधिक कुछ कहना नहीं चाहेगे मगर उनका सीबीआई जांच में पूरा पूरा सहयोग रहेगा। उल्लेखनीय है कि गत तीन मई को देश-विदेश के 5,400 से ज्यादा केंद्रों पर हुई इस परीक्षा में करीब 22.79 लाख छात्र शामिल हुए थे। अब इन सभी छात्रों को दोबारा अपनी काबिलियत साबित करने का मौका दिया जाएगा।

## सीबीआई ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दर्ज की प्राथमिकी

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शिक्षा मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा विभाग से मिली लिखित शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ियों के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है।

सीबीआई के अनुसार यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, चोरी और सबूत नष्ट करने से जुड़े प्रावधानों के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 की धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि यह विवाद तब सामने आया जब राजस्थान के सीकर जिले में एक छात्रावास संचालक ने तीन मई की नीट-यूजी परीक्षा से पहले प्रसारित हो रहे एक तथाकथित गेस पेपर की तुलना असली प्रश्नपत्र से की और उसमें काफी समानताएं पाईं। जांच से जुड़े सूत्रों का दावा है कि जीव विज्ञान और रसायन के लगभग सभी सवाल अंतिम परीक्षा के पेपर से मेल खाते थे, जिससे बड़े पैमाने पर लीक होने की गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। इस खुलासे के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अलर्ट भेजे गए, जिसने बाद में यह मामला केंद्रीय प्राधिकरण को भेज दिया। जांच करने वालों को शक है कि यह ऑपरेशन कई राज्यों में काम कर रहे कोचिंग इंस्टीट्यूट, काउंसलिंग एजेंट और छात्रावास संचालक से जुड़े एक संगठित नेटवर्क के जरिए चलाया जा रहा था। सीकर, जिसे एक बड़े कोचिंग केंद्र के रूप में जाना जाता है, अब जांच का केंद्र बन गया है। जांच एजेंसियों का मानना है कि लीक हुआ पेपर महाराष्ट्र के नासिक से जुड़ी प्रिंटिंग से जुड़ी सप्लाई चेन से आया होगा, जिसे राजस्थान और दूसरे इलाकों में बिचौलियों के माध्यम से प्रसारित किया गया होगा। अधिकारी अब भी इस बात का पता लगा रहे हैं कि परीक्षा से पहले उम्मीदवारों के बीच 'गेस पेपर' कैसे प्रसारित हुआ। इस मामले में अब तक राजस्थान में 45 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि एनईईटी-यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने देशभर में दी थी, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया क्योंकि बड़े पैमाने पर आरोप लगे हैं कि लीक हुई सामग्री असली प्रश्नपत्र से काफी मिलती-जुलती थी। एनटीए ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों से मिली जानकारियों के आधार पर परीक्षा प्रक्रिया की ईमानदारी से समझौता किया गया था, जिससे परीक्षा रद्द करना जरूरी लगा। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि परीक्षा फिर से होगी, हालांकि बदली हुई तारीखें और नए प्रवेशपत्र जारी करने की तारीखें अभी घोषित नहीं की गई हैं। उम्मीदवारों को दोबारा आवेदन और रजिस्ट्रेशन करने की जरूरत नहीं है। इस बीच नासिक पुलिस ने राजस्थान पुलिस के अनुरोध पर इस मामले से जुड़े एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

## भारत की अध्यक्षता में गुरुवार से होगी ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

नयी दिल्ली। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिनों की बैठक गुरुवार को यहां शुरू होगी और इसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस बैठक में ब्रिक्स सदस्य एवं साझेदार देशों के विदेश मंत्री तथा प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख भाग लेंगे। उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बैठक के पहले दिन ब्रिक्स सदस्य देशों के विदेश मंत्री आपसी हितों से जुड़े वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। दूसरे दिन, ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देश '' ब्रिक्स 20: लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता '' विषय पर आयोजित सत्र में भाग लेंगे। इसके बाद ''वैश्विक शासन और बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधार'' विषय पर एक सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की पिछली बैठक पिछले वर्ष 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर आयोजित की गई थी।

# ट्रम्प फिर से पश्चिमी एशिया में सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से कर रहे हैं विचार : रिपोर्ट

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पश्चिमी एशिया में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने श्री ट्रम्प के सहयोगियों के हवाले से यह जानकारी दी।

इससे पहले, श्री ट्रम्प के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। श्री ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि अन्य समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं। सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुँचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। प्रसारक ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रम्प की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

# विश्वास की कसौटी पर फिर नीट : लीक के आरोपों ने दोबारा खड़े किये व्यवस्था पर सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। देशभर के लाखों मेडिकल उम्मीदवारों के लिए नीट-यूजी परीक्षा एक बार फिर निराशा और अनिश्चितता का सबब बन गयी है। मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने प्रश्न पत्र लीक के गंभीर आरोपों के बाद तीन मई 2026 को आयोजित परीक्षा रद्द करने का अभूतपूर्व फैसला लिया। इस बार इस परीक्षा में करीब 23 लाख छात्र बैठे थे। यह पहली बार है, जब इस राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा को इसके वर्तमान स्वरूप में पूरे देश में निरस्त किया गया है, मगर विश्वास पर पहली बार संकट नहीं खड़ा हुआ है। वर्ष 2024 के बड़े विवाद के ठीक दो साल बाद आये इस संकट ने न केवल एनटीए की कार्यप्रणाली, बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिये हैं। ताजा विवाद राजस्थान के सीकर से जुड़े एक 'गेस पेपर' के इर्द-गिर्द घूम रहा है। आरोप है कि परीक्षा से करीब एक महीने पहले ही केमिस्ट्री के लगभग 120 सवाल और बायोलॉजी के कई हिस्से लीक हो गये थे। अब इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी है। एनटीए ने भी स्पष्ट कर दिया है है कि जांच पूरी होने और स्थितियों की समीक्षा के बाद ही परीक्षा की नयी तिथि जारी की जायेगी। मगर यह पहली बार नहीं है, जब नीट विवादों में फंसी है। इससे पहले 2024 में हजारीबाग (झारखंड) और पटना (बिहार) में पेपर लीक के आरोपों ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया था। उस वक्त भी जांचकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उम्मीदवारों ने परीक्षा से ठीक पहले हल किये गये प्रश्न पत्रों तक पहुंचने के लिए भुगतान किया था। मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा, जहां असामान्य रूप से बड़ी संख्या में छात्रों के शत-प्रतिशत अंक हासिल करने पर सवाल उठाये गये थे। अदालत ने हालांकि तब पूरी परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया था, क्योंकि सबूतों से 'व्यापक संस्थागत चूक' स्थापित नहीं हो पाया था। उस दौरान केवल उन 1,563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिन्हें समय की हानि के लिए 'ग्रेस मार्क्स' दिये गये थे। उसी वर्ष (2024) में परीक्षाओं की विश्वसनीयता का संकट इतना गहरा था कि यूजीसी-नेट को आयोजित होने के एक दिन बाद ही रद्द करना पड़ा था, जबकि नीट-पीजी और सीएसआईआर-यूजीसी नेट जैसी परीक्षाओं को स्थगित करना पड़ा था। नीट के अस्तित्व में आने से पहले भी देश ने ऐसा ही मंजर 2015 में देखा था। तब उच्चतम न्यायालय ने सीबीएसई के आयोजित 'ऑल इंडिया प्री-मेडिकल/प्री-डेंटल टेस्ट' (एआईपीएमटी) को रद्द करने का ऐतिहासिक आदेश दिया था। उस समय जांचकर्ताओं ने एक संगठित नकल गिरोह का भंडाफोड़ किया था, जिसमें अभ्यर्थी ब्लूटूथ डिवाइस और माइक्रो-सिम वाली जैकेट का उपयोग कर रहे थे। हरियाणा पुलिस के कम से कम 44 लाभार्थियों की पुष्टि करने के बाद अदालत ने दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी ने 2016 में एआईपीएमटी की जगह ली थी। शुरुआत में इसकी जिम्मेदारी सीबीएसई के पास थी, जिसे 2019 में एनटीए को हस्तांतरित कर दिया गया था। लेकिन 2024 के लीक विवाद से लेकर 2026 के पूर्ण रद्दीकरण तक के सफर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा की साख अब तक के सबसे बड़े संकट के दौर से गुजर रही है। लाखों छात्रों का भविष्य अब सीबीआई की जांच और आगामी पुनः परीक्षा की पारदर्शिता पर टिका है।

# अब केवल अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा एम्स : राधाकृष्णन

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि एम्स अब केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुसरण ही नहीं बल्कि उन्हें स्थापित कर रहा है।

श्री राधाकृष्णन ने आज यहां एम्स के 51वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एम्स अब केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुसरण ही नहीं कर रहा, बल्कि उन्हें स्थापित कर रहा है। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं में एम्स की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि एम्स देश में चिकित्सा नवाचार और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान से लेकर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं तक, ''एम्स ब्रांड'' भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में भरोसे और ईमानदारी का प्रतीक बन गया है। उन्होंने जोर दिया कि अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं के बावजूद एम्स आम लोगों के लिए किफायती बना हुआ है।

उपराष्ट्रपति ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा और एम्स के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने भारी संख्या में मरीजों के उपचार के साथ-साथ अकादमिक गुणवत्ता को भी बनाए रखा है। एम्स ने दशकों से ऐसे चिकित्सक तैयार किए हैं जो चिकित्सा उत्कृष्टता के साथ नैतिकता और संवेदनशीलता का भी परिचय देते हैं। उन्होंने इस वर्ष अंटार्कटिका में एम्स द्वारा किए गए रिमोट रोबोटिक अल्ट्रासाउंड का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे साबित हुआ है कि भारतीय चिकित्सा उत्कृष्टता के लिए भौगोलिक सीमाएं अब बाधा नहीं रहीं। उन्होंने इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर एआई इन हेल्थ सहित संस्थान के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सहयोगों की भी सराहना की।

उन्होंने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में एम्स ने केवल दो वर्षों में 40 स्थानों की छलांग लगाकर वैश्विक स्तर पर 105वां स्थान हासिल किया है। साथ ही, एनआईआरएफ मेडिकल श्रेणी में 2018 से 2025 तक लगातार शीर्ष स्थान बनाए रखना संस्थान की गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि एम्स के 57 शिक्षक और शोधकर्ता स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हैं। संस्थान की उत्कृष्टता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसके संकाय सदस्यों को अब तक दो पद्म विभूषण, 15 पद्म भूषण और 51 पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे ऐसे समय में चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं जब ''वन नेशन, वन हेल्थ'' की परिकल्पना भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक समावेशी और भविष्य के लिए तैयार बना रही है। उन्होंने युवाओं से करुणा, नवाचार और जनविश्वास को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# देश की अर्थव्यवस्था पर स्थिति स्पष्ट करें मोदी : केजरीवाल

एजेंसी



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि इस समय देश की अर्थव्यवस्था कैसी है और एक साल बाद अर्थव्यवस्था कैसी रहने वाली है।

श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव दुनिया भर में है लेकिन प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार देशवासियों से सात आह्वान किया है उस प्रकार के कदम किसी देश ने नहीं उठाये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो सारे कदम उठाये हैं उससे मध्यम वर्ग प्रभावित हुआ है। प्रधानमंत्री ने सिर्फ मध्यम वर्ग से ही कुर्बानी देनी की अपील की है जो बहुत दुखद है। अगर सबसे अधिक कुर्बानी देनी थी तो सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी चाहिए थी लेकिन उसने कोई कटौती नहीं की है। उन्होंने कहा कि देश के लिए जो भी करने की जरूरत है सब करने के लिए तैयार हैं लेकिन सिर्फ मध्यम वर्ग को निशाना न बनाया जाये। श्री केजरीवाल ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि नीट पेपर लीक लोगों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि अब तक चार बार नीट पेपर लीक हो चुका है। इससे साबित होता है कि बड़े स्तर पर कोई मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि जो पेपर लीक नहीं रोक सकते हैं वह सरकार क्या चलायेंगे। सरकार लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने सरकार के खिलाफ जन आंदोलन के करने के लिए सड़कों पर उतरने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में लोगों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसों और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का आग्रह किया। साथ ही कार-पूलिंग, वर्चुअल मीटिंग्स और वर्क-फ्रॉम-होम को बढ़ावा देने की भी अपील की। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए खाद्य तेल की खपत कम करने तथा संकट के समय सोने की खरीद टालने का भी आग्रह किया।

## प्रधानमंत्री का 'तथाकथित अमृतकाल' अब 'विषकाल' बन गया है: राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अनियमितताओं के आरोपों के चलते मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को रद्द किए जाने के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि ''भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था'' ने 22 लाख छात्रों के सपनों को कुचल दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तथाकथित अमृतकाल 'विषकाल' बन गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने तीन मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को इसका प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर मंगलवार को रद्द करने की घोषणा की तथा सरकार ने सीबीआई को इन 'अनियमितताओं' की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। एनटीए ने कहा कि यह परीक्षा अलग से अधिसूचित तिथियों पर पुनः आयोजित की जायेगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज़्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे, लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला- पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। उन्होंने दावा किया कि यह सिर्फ़ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का कहना था, ''हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सज़ा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुंच से तय होगी तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है।

# पेज एक का शेष

### कच्चे तेल की खरीद...

में अमेरिकी प्रतिबंधों और अनिश्चित वैश्विक ऊर्जा स्थिति के बीच भारत की तेल खरीद रणनीति के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि कच्चे तेल की खरीद के मामले में भारत के दृष्टिकोण में बदलाव नहीं आया है और वह राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा ,'' मैं यह बात पहले भी कई बार कह चुका हूं। ऊर्जा स्रोतों के संबंध में हमारा व्यापक दृष्टिकोण वही बना हुआ है। हम तेल खरीद के बारे में निर्णय लेते समय 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की जरूरत को ध्यान में रखते हैं, साथ ही मौजूदा बाजार परिस्थितियों और वैश्विक स्थिति को भी। ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय हित ही सबसे बड़ा आधार है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान के बीच स्थायी संघर्ष विराम को लेकर बनी अनिश्चितता की स्थिति के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है और इससे भारत भी प्रभावित हो रहा है।

### ईंधन के दाम में बढ़ोत्तरी...

वृद्धि हुई है। पुरी ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि कच्चे तेल के दाम ऊंचे बने रहे और कीमतों में बदलाव नहीं किया गया, तो सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को एक ही तिमाही में एक लाख करोड़ रुपए तक का नुकसान हो सकता है। ऐसे में यह आकलन करना होगा कि कंपनियां कब तक लागत से कम दाम पर पेट्रोलियम पदार्थ बेच सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में पेट्रोल डीजल की कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। पर इस वक्त हम ऐसी स्थिति में हैं कि जहां दुनिया के अन्य देशों को उपलब्धता और आपूर्ति के मामले में गंभीर समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है। कुछ देशों में कीमत 50-60 फीसदी बढ़ गई, पर भारत में कीमतें स्थिर हैं।

### वोट बैंक के लिए...

कि तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने पिछले विवाद को लेकर अपने बेटे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि इसके विपरीत उन्हें उपमुख्यमंत्री के पद पर प्रमोट कर दिया गया। वहीं, कांग्रेस ने भी इन टिप्पणियों की निंदा नहीं की। विपक्षी नेताओं का जिक्र करते हुए पूनावाला ने कहा कि असम कांग्रेस प्रमुख गौरव गोगोई, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन को हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में झटके लगे हैं, लेकिन भाजपा का विरोध करने वाली पार्टियों ने सनातन धर्म के प्रति अपना रवैया अब भी नहीं बदला है।

### पर्यटन क्षेत्रीय कार्यालय...

अमृत अभिजात ने कहा कि राज्य सरकार अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है। संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। आरोपों की पुष्टि होने के बाद सेवा नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर बर्खास्तगी भी होगी। ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

### 'साइबर सुरक्षित भारत...

उन्हें समाप्त किया जा सकेगा। यह व्यवस्था नागरिकों के लिए साइबर अपराध के खिलाफ 'नेक्स्ट जेनरेशन शील्ड' का काम करेगी। समझौते के तहत आई4सी और आरबीआईएच धोखाधड़ी जोखिम संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान, विश्लेषणात्मक सहयोग और परिचालन समन्वय के जरिए साइबर सक्षम वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए साथ काम करेंगे। यह एमओयू आई4सी की ओर से आईजी (प्रशासन) रूपा एम और आरबीआईएच के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) साहिल किन्नी ने हस्ताक्षरित किया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन, गृह मंत्रालय के विशेष सचिव आनंद स्वरूप, संयुक्त सचिव राकेश राठी और आई4सी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजेश कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों के अनुसार आई4सी की 'सस्पेक्ट रजिस्ट्री' से प्राप्त डेटा का उपयोग आरबीआईएच द्वारा एआई आधारित फ्रॉड रिस्क असेसमेंट मॉडल और 'म्यूलहंटर डॉट एआई' जैसे सिस्टम को और अधिक सक्षम बनाने में किया जाएगा।

### असम में लगातार...

का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। 2021 में वित्त विभाग संभालने के बाद वह राज्य की पहली और एकमात्र महिला वित्त मंत्री भी बनीं। इससे पहले कंग्रेस नेता तरुण गोगोई के नेतृत्व वाली सरकारों में मंत्री रहीं। 62 वर्षीय नेओग 2020 में भाजपा में शामिल हो गईं। उनके पति, पूर्व मंत्री नागेन नेओग, 1996 में एक उग्रवादी हमले में मारे गए थे। चाय जनजाति के एक प्रमुख नेता रामेश्वर तेली नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्य करने के बाद अब राज्य कैबिनेट में आए हैं। वह अपने छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े रहे। उन्होंने पहली बार 2001 में दुलियाजान निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा में प्रवेश किया और 2006 में भी यह सीट बरकरार रखी। उन्होंने राज्यसभा सांसद के तौर पर भी काम किया है। 55 वर्षीय तेली इस साल दुलियाजान से विधानसभा में लौटे हैं। असम गण परिषद के अध्यक्ष अतुल बोरा 2014 से इस क्षेत्रीय पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष रहे बोरा उन नेताओं में से एक हैं, जिन्हें 1979-85 के विदेशी-विरोधी असम आंदोलन ने गढ़ा था। पांच बार विधायक रह चुके बोरा ने पहली बार 1996 में गोलाघाट से विधानसभा में प्रवेश किया था, जिसके बाद 2016 में वे बोकाखाट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। माजबात से तीसरी बार विधायक बने चरण बोरो नए मंत्रिमंडल में निचले असम से एकमात्र मंत्री हैं। बीपीएफ नेता पिछले साल अक्तूबर में हुए एनडीए मंत्रिमंडल के अंतिम विस्तार के दौरान उसमें शामिल हुए थे। पिछली सरकार में उन्होंने अन्य जिम्मेदारियों के साथ-साथ परिवहन विभाग भी संभाला था।

# अपराध गोष्ठी में कप्तान के सख्त तेवर नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। जनपद पुलिस की अपराध गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था, नशा तस्करी, यातायात प्रबंधन और चारधाम यात्रा को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में साफ शब्दों में निर्देश दिए गए कि किसी भी दशा में नशे का तस्कर या पैडलर गिरफ्तारी से बचना नहीं चाहिए। नशे की पूरी चैन को चिन्हित कर कार्रवाई करने तथा अपराधियों के विरुद्ध पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसपी क्राइम/ट्रैफिक निशा यादव, एसपी सिटी अभय सिंह, एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल सहित जनपद के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण और चारधाम यात्रा को लेकर अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कहा कि ऑपरेशन प्रहार के तहत जनपद पुलिस द्वारा अच्छा कार्य किया गया है और भविष्य में भी पुलिस मुख्यालय स्तर से चलाए जा रहे अभियानों में सभी अधिकारी और कर्मचारी शत-प्रतिशत योगदान दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बड़े सप्लायर से लेकर छोटे पैडलर तक किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और सभी को जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। चारधाम यात्रा के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों और यातायात पुलिस को लगातार सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि यात्रा मार्गों पर गश्त और पेट्रोलिंग लगातार जारी रहे ताकि दुर्घटना या जाम की स्थिति में यात्रियों को तत्काल मदद मिल सके। वीकेंड पर थाना एवं यातायात प्रभारी आपसी समन्वय बनाकर शहर से लेकर देहात तक यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई। थाना प्रभारी और हल्का प्रभारी को निर्देश दिए गए कि वह समय-समय पर अपने क्षेत्र में रह रहे सीनियर सिटीजनों के घर जाकर उनसे संवाद करें और आवश्यक हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराएं। समर सीजन को देखते हुए आगजनी की घटनाओं पर तत्काल रिस्पॉन्स देने के निर्देश भी दिए गए। फायर यूनिट को अलर्ट मोड में रहने और सूचना मिलते ही उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचने को कहा गया। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इसके अलावा सभी सर्किल अधिकारियों को जघन्य अपराधों में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि अपराधियों में पुलिस का खौफ बना रहे। वहीं ऑनलाइन पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों और शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण पर भी जोर दिया गया।

# एनएसयूआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में किया प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 के कथित प्रश्नपत्र लीक के विरोध में मंगलवार को शास्त्री भवन के बाहर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मांग की है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह एजेंसी विश्वसनीय परीक्षाएं कराने में असफल रही है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में की जाए। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। लगातार हो रहे पेपर लीक ने साबित कर दिया है कि सरकार छात्रों का भविष्य बचाने नहीं, बल्कि शिक्षा माफियाओं को बचाने में लगी है। संगठन ने चेतावनी दी कि जब तक इस घोटाले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक शिक्षा न्याय एवं जवाबदेही की लड़ाई देशभर में जारी रहेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## आप ने आर्मी स्कूलों में संस्कृत को अनिवार्य और पंजाबी को वैकल्पिक विषय बनाए जाने के कथित फैसले की निंदा की

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब के आर्मी स्कूलों में संस्कृत को अनिवार्य एवं पंजाबी को वैकल्पिक विषय बनाए जाने के कथित फैसले की कड़ी निंदा की है तथा राज्य की पहचान, भाषा और सांस्कृतिक विरासत पर हमला बताया है। आप के प्रदेश मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने मंगलवार को कहा कि पंजाबी अपनी मातृभाषा की गरिमा पर किसी भी तरह का हमला कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पंजाब की धरती पर पंजाबी भाषा को दूसरे दर्जे पर रखना पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार लगातार पंजाब के अधिकारों और पहचान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। श्री पन्नू ने कहा कि चंडीगढ़, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) और पंजाब विश्वविद्यालय जैसे मुद्दों पर भी भाजपा ने पंजाब के हितों को कमजोर करने का प्रयास किया है। अब आर्मी स्कूलों में पंजाबी की अहमियत घटाकर केंद्र ने फिर अपना पंजाब विरोधी रवैया दिखाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भाषा के खिलाफ नहीं है, लेकिन पंजाब में पंजाबी भाषा के सम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता।

## पंजाब विजिलेंस ब्यूरो की ओर से सीबीआई को पूरा सहयोग दिया जाएगा

**चंडीगढ़।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा मंगलवार को पंजाब के मोहाली में विजिलेंस ब्यूरो के कार्यालय पर की गई छापेमारी के संबंध में बयान जारी कर कहा कि ब्यूरो की ओर से सीबीआई को पूरा सहयोग दिया जाएगा तथा कानूनी कार्रवाई में हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। विजिलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी दी कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एक निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और इस संबंध में जांच जारी है। यदि इस जांच के दौरान विजिलेंस ब्यूरो के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का नाम सामने आता है, तो ब्यूरो की ओर से सीबीआई को पूरा सहयोग दिया जाएगा तथा कानूनी कार्रवाई में हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत की

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता सह उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल से जदयू कार्यालय में लगने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार को की। मौके पर उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा सरकार जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है। सरकार पहले से जनसुनवाई कार्यक्रम चलाती रही है और अब इसे और व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजाना जदयू कार्यालय में मंत्रियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जहां आम लोग सीधे अपनी समस्याएं रख सकेंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के साथ मंत्री शीला कुमारी मंडल ने लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान विजय चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोना कम खरीदने और तेल बचाने की अपील का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों से जुड़ा मामला है और प्रधानमंत्री ने लोगों को सुझाव दिया है, कोई आदेश नहीं। चौधरी ने कहा कि यदि लोग इस अपील का पालन करेंगे तो देश की विदेशी मुद्रा की बचत होगी। कांग्रेस के तंज पर उन्होंने कहा कि विपक्ष को समस्याओं के समाधान से कोई लेना-देना नहीं है।

## किसानों के लिए एग्रीस्टेक परियोजना का विशेष पंजीकरण अभियान 12 मई से 30 जून तक

**कटिहार।** किसानों को सरकारी योजनाओं और उर्वरक का लाभ सुगमता से दिलाने के लिए एग्रीस्टेक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 12 मई से आरंभ होकर 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य जिले के उन सभी शेष किसानों का पंजीकरण पूर्ण करना है जो अब तक इस सुविधा से नहीं जुड़ पाए हैं। इस संदर्भ में मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखंडों के वरीय अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रखंडों में एक विशेष माइक्रोप्लान तैयार किया जाए ताकि बचे हुए किसानों की फार्मर आईडी बनाने का काम तेजी से पूरा हो सके। इसके साथ ही कर्मचारी लॉगिन पर लंबित सभी आवेदनों का अगले दो दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से निपटारा करें। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि इस पूरे अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए प्रखंड स्तर पर वरीय अधिकारियों के साथ कृषि पदाधिकारियों को भी विशेष रूप से नामित किया गया है। प्रशासन की मंशा है कि इस डिजिटल डेटाबेस के तैयार होने से भविष्य में किसानों को कृषि संबंधी विभिन्न अनुदान और लाभ प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। डीएओ ने कहा कि इस कार्य के लिए सभी संबंधित कर्मियों को पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ सफल बनाने का निर्देश दिया गया है।

## एसएमजेएन कॉलेज में पौधारोपण अभियान विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**हरिद्वार।** एस.एम.जे.एन. (पी.जी.) कॉलेज के विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को कॉलेज परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रेरणादायक पौधारोपण अभियान चलाया। इस दौरान सभी ने संयुक्त रूप से कॉलेज परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. सुनील कुमार बत्रा एवं छात्र कल्याण डीन डॉ. एस.के. माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया। भीषण गर्मी और बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर को हरा-भरा और सुंदर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। इस दौरान नवीन ने जिनिया, कामिनी ने मैडागास्कर पेरिविंकल, श्रीन शर्मा ने सूरजमुखी, गुंजन मोदीवाल ने स्नेक प्लांट, नेहा ने एलोवेरा तथा कशिश ग्रेवाल ने गुलाब के पौधे लगाए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं द्वारा शुरू की गई यह मुहिम आने वाले समय में पर्यावरण और प्रकृति के बीच मजबूत सेतु का कार्य करेगी। उन्होंने 'पर्यावरण बचाओ, पृथ्वी बचाओ' का संदेश देते हुए कहा कि युवाओं का पर्यावरण से जुड़ना समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पौधों के नियमित संरक्षण और देखभाल की शपथ भी दिलाई।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, दो थाई नागरिक समेत 4 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




किशनगंज। बिहार में किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत गलगलिया स्थित भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मंगलवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए दो थाई नागरिकों सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक नेपाली नागरिक और एक भारतीय नागरिक भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार, एसएसबी की 41वीं बटालियन रानीडांगा को भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में तीसरे देश के नागरिकों की संदिग्ध आवाजाही की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह करीब 06 बजे विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सीमा स्तंभ संख्या 88/08 के समीप रतखोला क्षेत्र में की गई, जो नक्सलबाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। एसएसबी के बीओपी मदनजोत के जवानों एवं क्विक रिस्पॉन्स टीम ने संयुक्त रूप से इलाके की घेराबंदी कर संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर विस्तृत जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सभी लोग सीमा क्षेत्र से भारत में प्रवेश करने अथवा अन्य स्थानों की ओर जाने का प्रयास कर रहे थे। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास मौजूद दस्तावेजों, यात्रा विवरण एवं अन्य सामग्रियों की गहन जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इन लोगों का वास्तविक उद्देश्य क्या था तथा क्या इनके संबंध किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क या अवैध गतिविधियों से जुड़े हैं। कार्रवाई के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सभी गिरफ्तार लोगों को संबंधित एजेंसियों एवं स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मामले को लेकर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ जांच में जुटी हुई हैं। भारत-नेपाल सीमा पर लगातार बढ़ाई जा रही निगरानी के बीच एसएसबी की इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# मनरेगा की जगह वीबी जी रामजी योजना ऐतिहासिक फैसला: कैंथ

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति मोर्चा पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने मनरेगा की जगह ''विकसित भारत ऽ रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन (वीबी जी राम जी )'' लाने संबंधी केंद्र सरकार के फ़ैसले का स्वागत किया। श्री कैंथ ने कहा कि एक जुलाई 2026 से लागू होने वाली यह योजना ग्रामीण मजदूरों, गरीब परिवारों और अनुसूचित जाति समुदाय के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। केंद्र सरकार लगातार ग्रामीण विकास, श्रमिक वर्ग के सशक्तिकरण और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। नयी योजना ''विकसित गांव-विकसित भारत'' के विजन को मजबूती देगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रोजगार गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने के फैसले को मजदूरों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

# नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं पर अभाविप ने जताई चिंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) से जुड़ी सामने आ रही कथित अनियमितताओं, पेपर लीक एवं परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता को लेकर उठ रहे गंभीर प्रश्नों पर चिंता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न पत्रकार रिपोर्ट्स, एनटीए एवं जांच एजेंसियों के सामने लाई जा रही जानकारी ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मन में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को लेकर गहरी चिंता उत्पन्न की है। अभाविप ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच केंद्रीय एजेंसियों से करवाई जाए तथा इसमें संलिप्त पाए जाने वाले दोषियों, परीक्षा-माफियाओं एवं किसी भी स्तर पर सहयोग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही जांच पूर्ण होने तक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पूरे प्रकरण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के समक्ष तथ्य स्पष्ट करे। अभाविप का स्पष्ट मत है कि प्रवेश परीक्षाओं की सुचिता एवं विश्वसनीयता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। यदि परीक्षा से पूर्व प्रश्नपत्र अथवा उससे जुड़े प्रश्न कुछ लोगों तक पहुंचे हैं, तो यह केवल परीक्षा प्रणाली पर आघात नहीं बल्कि वर्षभर मेहनत करने वाले लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय है। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि देश के लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद नीट जैसी परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की अनियमितता उनके मनोबल एवं भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालती है। इसलिए आवश्यक है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो तथा दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा न जाए। सोलंकी ने कहा कि अभाविप लगातार यह मांग कर रही है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में तकनीकी सुरक्षा, प्रश्नपत्र गोपनीयता, परीक्षा केंद्रों की निगरानी एवं जवाबदेही की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि अभाविप सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को यह आश्वस्त करती है कि विद्यार्थियों के हित, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था एवं न्याय सुनिश्चित करने हेतु विद्यार्थी परिषद निरंतर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

# अमृत भारत एक्सप्रेस का ठाकुरगंज में ठहराव, सीमांचल के यात्रियों को बड़ी राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। रेलवे बोर्ड ने 14663/14664 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन को लेकर नई समय-सारणी और संशोधित रूट जारी किया है। 11 मई 2026 को जारी आदेश के अनुसार यह ट्रेन अब संशोधित मार्ग और निर्धारित ठहराव के साथ नियमित रूप से संचालित की जाएगी। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नई सूची में ठाकुरगंज स्टेशन को भी वाणिज्यिक ठहराव में शामिल किया गया है, जिससे सीमांचल और नेपाल सीमा से जुड़े यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलेगी। 14664 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को अमृतसर से दोपहर 12:45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन सीतापुर सिटी, गोंडा, बहराइच, गोरखपुर, पनियाहवा और फोर्ब्सगंज होते हुए शनिवार सुबह 4:15 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। वहीं वापसी में 14663 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर अमृत भारत एक्सप्रेस शनिवार सुबह 8 बजे न्यू जलपाईगुड़ी से खुलेगी और विभिन्न स्टेशनों से गुजरते हुए सोमवार तड़के 2:20 बजे अमृतसर पहुंचेगी। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नए आदेश में ठाकुरगंज समेत सीमांचल क्षेत्र के कई स्टेशनों को वाणिज्यिक ठहराव में शामिल किया गया है। इससे किशनगंज, ठाकुरगंज, अररिया और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को पंजाब, दिल्ली तथा उत्तर भारत के अन्य शहरों तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

# बिहार: आर्केस्ट्रा समूहों से मुक्त कराई गई 40 से ज्यादा नाबालिग लड़कियां, 22 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज जिले में आर्केस्ट्रा समूहों में नाबालिग लड़कियों के शोषण व उत्पीड़न के खिलाफ हालिया समय की सबसे बड़ी छापेमारी में 40 से ज्यादा नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया है। जिले के कुचायकोट थानाक्षेत्र में रात एक बजे से सुबह सात बजे तक तकरीबन 15 आर्केस्ट्रा समूहों पर हुई इस कार्रवाई में ट्रैफिकिंग व बच्चों के शोषण के आरोप में 22 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। यह पूरा अभियान अपर पुलिस महानिदेशक (कमजोर वर्ग) अमित जैन व गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की देखरेख में कुचायकोट पुलिस, एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन, नारायणी सेवा संस्थान व पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय ने संयुक्त रूप से चलाया। छापे की इस कार्रवाई में शामिल एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन और नाराय़णी सेवा संस्थान बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन हैं। मुक्त कराई गई लड़कियों की काउंसलिंग के बाद उनको सुरक्षित जगह भेज दिया गया और उनकी उम्र के सत्यापन की प्रक्रिया व अन्य कानूनी कार्रवाई जारी है। मुक्त कराई गई लड़कियों की उम्र 10 से 17 साल है। इन बच्चियों को झांसा देकर ट्रैफिकिंग के जरिए पश्चिम बंगाल, असम, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से लाया गया था। बिहार में ट्रैफिकिंग गिरोहों व आर्केस्ट्रा समूहों के बीच गहरी सांठगांठ की ओर संकेत करते हुए एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन के वरिष्ठ निदेशक मनीष शर्मा ने कहा, ‟इस अभियान ने इस तथ्य को उजागर किया है कि कितने बड़े पैमाने पर लड़कियों की ट्रैफिकिंग कर उन्हें राज्य के विभिन्न हिस्सों में चल रहे आर्केस्ट्रा समूहों में धकेला जा रहा है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार ही है भाजपा की कार्यशैली की मूल आत्मा: मंगल पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीवान। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 16 एवं 17 मई 2026 को आयोजित होने वाले ‟पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर 2026" की तैयारियों को लेकर सोमवार को फत्तेपुर स्थित दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह के आवास पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण शिविर जीरादेई प्रखंड के डिवाइन पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा। बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री तथा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पाण्डेय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और सिद्धांत भाजपा की कार्यशैली की मूल आत्मा हैं। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना से और सशक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और प्रशिक्षण शिविर वैचारिक मजबूती प्रदान करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर की सभी तैयारियां समय पर पूरी हों तथा आने वाले कार्यकर्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि सीवान भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता शिविर को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं तथा संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में शिविर की व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की भागीदारी, आवास, भोजन एवं अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063